धनबाद, शनिवार 20.04.2024
मूल्य- ₹ 3
वर्ष-30 अंक-59 पृष्ठ- 12
चैत्र शुक्ल पक्ष-12
संवत 2080

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक
# बिहार ऑबजर्वर



# पहले चरण में 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर मतदान संपन्न,64 फीसदी मतदान

## मणिपुर में फायरिंग, बंगाल में हिंसा, बीजापुर में ग्रेनेड ब्लास्ट, सीआरपीएफ जवान शहीद, छिंदवाड़ा में भाजपा-कांग्रेस समर्थकों के बीच चली कुर्सियां ✪ बंगाल में सबसे ज्यादा 80 प्रतिशत वोटिंग, बिहार में सबसे कम 48 प्रतिशत वोटिंग

**नई दिल्ली (ईएमएस):** लोकसभा के फर्स्ट फेज में २१ राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों की १०२ सीटों पर वोटिंग जारी है। सीटों के हिसाब से यह सबसे बड़ा फेज है। इस फेज में शाम ६ बजे तक ६४ फीसदी वोटिंग हुई है। फाइनल वोटिंग प्रतिशत अभी नहीं आया है। सबसे ज्यादा ८० प्रतिशत वोट त्रिपुरा में डाले गए, जबकि बिहार में सबसे कम ४८ प्रतिशत वोटिंग हुई। २१ राज्यों में वोटिंग का एवरेज ६४ प्रतिशत है। फर्स्ट फेज में १,६२५ कैंडिडेट्स चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें १,४९१ पुरुष, १३४ महिला कैंडिडेट हैं। ८ केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल भी इस बार चुनाव मैदान में हैं।





वोटिंग के दौरान मणिपुर के बिष्णुपुर में फायरिंग, बंगाल के कूचबिहार में हिंसा और छत्तीसगढ़ के बीजापुर में ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ है। ब्लास्ट में एक असिस्टेंट कमांडेंट और जवान घायल हैं। मणिपुर की दो लोकसभा सीटों (मणिपुर इनर और मणिपुर आउटर) पर भी इस फेज में वोटिंग है। हिंसा को देखते हुए आउटर सीट के कुछ हिस्सों में २६ अप्रैल को भी वोटिंग होगी।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मध्यप्रदेश की ६ सीटों- छिंदवाड़ा, जबलपुर, मंडला, बालाघाट, शहडोल और सीधी पर वोटिंग हो रही है। छिंदवाड़ा के वार्ड नंबर २५ के पाटनी टॉकीज क्षेत्र में कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच झड़प हो गई। हाथापाई के साथ-साथ दोनों तरफ से एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकी गईं। पुलिस ने मोर्चा संभाला। वहीं, छिंदवाड़ा की पांढुर्णा विधानसभा में कांग्रेस पर्यवेक्षक सुनील जुननकर पर मुंह पर कपड़ा बांधे कुछ युवकों ने हमला करने की कोशिश की। बालाघाट में बूथ क्रमांक २४२ शासकीय नेहरू प्राथमिक शाला और बूथ नंबर १९५ शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज का वीडियो वायरल करने के मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों की कोतवाली थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

**मतदाताओं में दिखा वोट देने के लिए उत्साह**

मप्र में पहले चरण की छह लोकसभा सीटों सीधी, शहडोल, मंडला, बालाघाट, जबलपुर और छिंदवाड़ा के लिए मतदान खत्म हो गया। बालाघाट के नक्सल प्रभावित बैहर, लांजी और परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्रों में दो घंटे पहले चार बजे मतदान समाप्त हो गया। शांतिपूर्ण मतदान के लिए केंद्रीय अद्र्ध सैनिक बल, राज्य सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल और होमगार्ड के जवानों को तैनात किया गया था।

**असम में 150 संपूर्ण ईवीएम सेट बदले**

असम की पांच लोकसभा सीटों पर खराबी के कारण कुल १५० पूर्ण इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) सेट बदले गए। अलग-अलग ईवीएम की वीवीपैट और बैलेट इकाइयों सहित ४०० से अधिक उपकरणों को भी खराबी के कारण बदला गया है। चुनाव विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अधिकांश गड़बड़ियां मॉक पोलिंग के दौरान देखी गईं, जो वास्तविक मतदान से ९० मिनट पहले शुरू हुईं। वास्तविक मतदान शुरू होने के बाद, पूरे सेट के साथ छह ईवीएम बदले गए। वहीं, विभिन्न मतदान केंद्रों पर ४० और वीवीपैट बदले गए।

**बूथ के पास ब्लास्ट में घायल जवान शहीद**

छत्तीसगढ़ में बीजापुर के उसूर थाना इलाके के गलगम में ग्रेनेड ब्लास्ट में घायल सीआरपीएफ-१९६ बटालियन का जवान शहीद हो गया है। जवान का नाम देवेंद्र कुमार है। जवान एरिया डोमिनेशन पर निकले थे। इसी दौरान पोलिंग बूथ से ५ सौ मीटर दूर ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ था।

**नगालैंड के 6 जिलों में वोटिंग जीरो**

नगालैंड के ६ जिलों में लगभग ० प्रतिशत वोटिंग हुई है। ये जिले हैं- मोन, लॉन्गलेंग, तुएनसान्ग, नोकलाक, शामाटोर और किफिरे। ये सभी पूर्वी नगालैंड में आते हैं। ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स ऑर्गेनाइजेशन इन जिलों के लिए अलग प्रशासन और पहले से अधिक वित्तीय स्वंत्रता की मांग कर रहा है। इस संगठन ने इन जिलों के लोगों से चुनाव का बहिष्कार करने की अपील की थी।

**बालाघाट के नक्सल प्रभावित गांव में चुनाव का बहिष्कार**

बालाघाट-सिवनी लोकसभा सीट पर जिले के नक्सल प्रभावित लांजी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहेला के ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार करते हुए १६३७ मतदाताओं में केवल ३८ शासकीय व अद्र्धशासकीय लोगों ने ही अपने मत का उपयोग किया। बाकी शेष मतदाताओं ने चुनाव का बहिस्कार कर दिया। जब इस बात की जानकारी जिला प्रशासन को मिली तो आनन-फानन मे तत्काल ग्राम में पहुंचकर ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया गया। लेकिन ग्रामीण नहीं माने और उन्होंने चुनाव का बहिष्कार कर दिया। ग्रामीणों ने बिजली, पानी और मोबाइल टावर नेटवर्क की समस्या को बताते हुए चुनाव का बहिष्कार कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा उन्हें काफी देर तक समझने का प्रयास किया गया। लेकिन ग्रामीणों ने अधिकारियों की एक भी नहीं मानी और लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर दिया।

जानकारी के अनुसार गांव में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन तो बिछा दी गई है लेकिन उसमें पानी नहीं आता, जिससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। इतना ही नहीं ग्राम में मोबाइल टावर तो लगा है लेकिन उसमें नेटवर्क की समस्या रहती है ग्राम में बिजली कटौती भी बहुत होती है। जिससे ग्रामीण काफी परेशान है। इस समस्या को लेकर बहेला ग्राम के ग्रामीणों ने प्रशासनिक स्तर पर अधिकारियों को पूर्व में चेताया भी था कि वह चुनाव का बहिष्कार करेंगे। लेकिन बावजूद इसके प्रशासनिक अमला नहीं जागा और मजबूरन यहां पर ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया।

# मेरा भारत ही मेरा परिवार है, जो भी कर रहा आपके लिए कर रहा : पीएम मोदी

### आतंक का सप्लायर पड़ोसी आटे को तरस रहा 0 इंडी गठबंधन वाले भगवान राम की पूजा को पाखंड बताते हैं

**दमोह, भोपाल (ईएमएस):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दमोह जिले के इमलाई ग्राम ग्राउंड में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं । प्रधानमंत्री मोदी की मध्य प्रदेश में यह चौथी सभा है। दूसरे चरण की दमोह संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी राहुल लोधी चुनाव लड़ रहे हैं। उनके विरूद्ध कांग्रेस की ओर से तरवर सिंह लोधी चुनावी मैदान में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी २४ अप्रैल को सागर, बैतूल में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वे भोपाल में रोड शो भी करेंगे।



अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि यह चुनाव देश के भविष्य और देश को महाशक्ति बनाने का है। उन्होंने कहा कि यह केवल संसद नहीं देश का चुनाव है। पीएम मोदी ने कर कि दशकों तक कांग्रेस ने भारत के डिफेंस सेक्टर को कमजोर बनाए रखा। ये लोग सेनाओं के लिए हथियार खरीदने में भी अपना स्वार्थ देखते थे। कांग्रेस की सरकार बनी रही होती तो तेजस फाइटर प्लेन आसमान की बुलंदिया नहीं देख पाता। भारत की पहचान अब दूसरे देशों को हथियार निर्यात करने वाले देश की बन गई है। इस साल ही भारत ने २१ हजार करोड़ रुपये दूसरे देशों को बेचे हैं। अब हम ब्रह्मोस मिसाइल को भी एक्सपोर्ट कर रहे हैं।

मोदी ने कहा कि इस समय मध्य प्रदेश सहित देश भर की अनेक सीटों पर पहले चरण की वोटिंग जारी है। सबसे पहले तो मैं यही आग्रह करूंगा कि जिन साथियों ने अब तक वोट नहीं डाला है, वो अपने कर्तव्य ▶▶ 4

## कांग्रेस नेता की बेटी का दिनदहाड़े मर्डर

**हुबली(ईएमएस):** कर्नाटक के हुबली स्थित बीवीबी कॉलेज कैंपस में कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की २३ साल की बेटी नेहा हिरेमथ की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। नेहा एमसीए फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी। उसी कॉलेज के एक ड्रॉपआउट स्टूडेंट फैयाज खोंडुनाईक (२३) ने नेहा के गले, पेट सहित शरीर पर चाकू से ७ वार किए। हमले में फैयाज को भी चोटें आईं। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां नेहा को मृत घोषित कर दिया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें फैयाज नेहा पर हमला करता हुआ दिखा। पुलिस ने बताया कि नेहा और फैयाज एक दूसरे को पहले से ▶▶ 4

# जनता के आशीर्वाद से राज्य में राम राज्य वापस आएगा : चंद्रबाबू नायडू

### रेड्डी शराब की बिक्री से लोगों का खून निचोड़ रहे

**अमरावती (ईएमएस):** टीडीपी सुप्रीमो और पूर्व सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि आंध्र में राम राज्य वापस आएगा और लोगों से आगामी चुनावों में वाईएसआरसीपी प्रमुख और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी से छुटकारा पाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से राज्य में राम राज्य वापस आएगा। पूर्व सर्वेक्षण साफ तौर पर इन चुनावों में एनडीए की जबरदस्त जीत का संकेत दे रहे हैं।



यह विश्वास व्यक्त कर कहा कि टीडीपी, भाजपा और जनसेना का एनडीए गठबंधन दक्षिणी राज्य में सत्ता में आएगा, टीडीपी सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि रेड्डी उन पर हाल ही में हुए कंकड़ (पत्थर) हमले के बारे में लोगों को गुमराह कर रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने आरोप लगाया कि जगन के चाचा (वाई एस विवेकानंद रेड्डी) की हत्या भी एक बड़ा नाटकीय काम था जिसके द्वारा उन्होंने फिर से जनता की सहानुभूति हासिल करने की कोशिश की। हालांकि एनडीए गठबंधन के सहयोगियों के पास रेड्डी की तरह पैसा नहीं है, नायडू ने कहा कि साझेदारों के पास विश्वसनीयता है और वे नैतिक मूल्यों का पालन करते हैं। ▶▶ 4

# जैक मैट्रिक बोर्ड में 90.39 प्रतिशत विद्यार्थी हुए सफल, जमशेदपुर प्रक्षेत्र अव्वल रहा



**रांची (ससे):** झारखंड अधिविध परिषद, जैक द्वारा शुक्रवार को मैट्रिक बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया। इस साल माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में पास हुए छात्रों का ओवरऑल पास प्रतिशत ९०.३९ रहा है। १० वीं बोर्ड परीक्षा में ५४.२० प्रतिशत छात्रों ने फर्स्ट डिवीजन, ४०.६३ प्रतिशत छात्रों ने सेकेंड डिवीजन और ५.१७ प्रतिशत छात्रों ने थर्ड डिवीजन में परीक्षा पास की है। सफलता के प्रतिशत के लिहाज से जमशेदपुर प्रक्षेत्र अव्वल रहा। गौरतलब है कि इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में ४,२१,६७८ विद्यार्थी शामिल हुए थे। जैक बोर्ड १०वीं और १२वीं की परीक्षाएं ६ से २६ फरवरी तक आयोजित की गई थीं।

## मुख्यमंत्री ने मैट्रिक परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों को बधाई दी

**रांची (ससे):** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन समेत कई मंत्रियों और राजनेताओं ने जैक मैट्रिक की बोर्ड परीक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई के साथ इन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है । मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस परीक्षा में बेटियों का शानदार प्रदर्शन देख कर खुशी हुई। जो छात्र किसी कारणवश सफल नहीं हो पाये, उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। वे अभी से तैयारी में लग जायें, ताकि अगली बार बेहतर परिणाम मिले।

## भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल का पहला बैच सौंपा

**नई दिल्ली (ईएमएस):** भारतीय वायुसेना ने शुक्रवार को फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का पहला बैच सौंप दिया है। ब्रह्मोस पाने वाला फिलीपींस पहला बाहरी देश है। भारत ने जनवरी २०२२ में फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की बिक्री के लिए २,९६६ करोड़ रुपए की डील की थी। इंडियन एयरफोर्स ने सी-१७ ग्लोबमास्टर विमान के जरिए इन मिसाइलों को फिलीपीन मरीन कॉप्स को सौंपा गया है। इन मिसाइलों की स्पीड २.८ मैक और मारक क्षमता २९० किमी है। मीडिया रिपोर्ट्स और सूत्रों के मुताबिक फिलीपींस इन मिसाइलों को साउथ चाइना सी पर तैनात करेगा।

## तेल अवीव की सभी उड़ानों को 30 तक रोका

**नई दिल्ली (ईएमएस):** इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर भारतीय एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने तेल अवीव की अपनी सभी उड़ानों को ३० अप्रैल तक रोक दिया है। एयर इंडिया ने एक पोस्ट कर इस फैसले की जानकारी दी है। एयर इंडिया ने अपने पोस्ट में कहा कि मध्यपूर्व की स्थिति को देखते हुए तेल अवीव से आने-जाने वाली उड़ानों को हमने ३० अप्रैल तक निलंबित कर दिया है।

# वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी भारतीय नौसेना के नए चीफ नियुक्त

### अभी नेवी स्टाफ के वाइस चीफ हैं; 30 अप्रैल को संभालेंगे पदभार

**नई दिल्ली (ईएमएस):** वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी को भारतीय नौसेना का नया चीफ नियुक्त किया गया है। केंद्र सरकार ने गुरुवार देर रात इसकी घोषणा की। दिनेश त्रिपाठी वर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की जगह लेंगे। वे ३० अप्रैल को रिटायर हो रहे हैं। दिनेश त्रिपाठी इसी दिन पदभार संभालेंगे।



दिनेश त्रिपाठी अभी नौसेना स्टाफ के वाइस चीफ हैं। वे इससे पहले पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रह चुके हैं। अपने ३९ साल लंबे करियर में उन्होंने भारतीय नौसेना के कई अहम असाइनमेंट्स पर काम किया है।

वाइस एडमिरल दिनेश १ जुलाई १९८५ को भारतीय नौसेना में कमीशंड हुए थे। वे कम्युनिकेशन और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर स्पेशलिस्ट हैं। वे नौसेना के फ्रंटलाइन युद्धपोतों पर सिग्नल कम्युनिकेशन ऑफिसर और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर ऑफिसर रहे हैं। उन्होंने गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर ब्रुहस् मुंबई के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और प्रिंसिपल वारफेयर ऑफिसर के रूप में भी काम किया है। दिनेश त्रिपाठी ने ब्रुहस् किर्च, त्रिशूल और विनाश जैसे नौसैनिक जहाजों की कमान भी संभाली है।

# चारधाम यात्रा में पहली बार ले जा सकेंगे चार्टर्ड हेलिकॉप्टर

**किराया 1.95 लाख; 4 दिन में 14 लाख रजिस्ट्रेशन, टूटेगा पिछला रिकॉर्ड**

**देहरादून (ईएमएस):** उत्तराखंड में १० मई से शुरू होने जा रही चारधाम यात्रा का उत्साह इस बार काफी ज्यादा है। बीते ४ दिन में १४ लाख से ज्यादा लोग रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। पिछली बार चार महीने में ५५ लाख श्रद्धालु पहुंचे थे। इस बार यह रिकॉर्ड टूट सकता है।

उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के छ्य्वह्र सी. रविशंकर के मुताबिक पहली बार चारधाम के लिए चार्टर्ड हेलिकॉप्टर सेवा शुरू हो रही है। इसमें ४ लोग एक धाम की यात्रा साढ़े तीन लाख रु. में कर सकते हैं। यदि चारों धाम के लिए चार्टर्ड हेलिकॉप्टर लेते हैं तो प्रति व्यक्ति १.९५ लाख देने होंगे। किराए में आना-जाना, रुकना, खाना शामिल है। हेलिकॉप्टर भी वहीं रहेगा। एक ही दिन में वापसी का रेट १.०५ लाख रु. रहेगा। सामान्य हेलीकॉप्टर सेवा का किराया ५ प्रतिशत बढ़ा है। गौरीकुंड से १८ किमी पहले फाटा से केदारनाथ जाते हैं तो एक तरफ ▶▶ 4

# नामांकन के बाद अमित शाह ने कहा, 400 पार के साथ लगाएंगे जीत की हैट्रिक

**अहमदाबाद (ईएमएस):** गुजरात में सभी २६ सीटों पर तीसरे चरण के तहत ७ मई को वोटिंग होनी है और उसके लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन है।

नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा और कांग्रेस के कई उम्मीदवारों ने पर्चा भरा।

गांधीनगर लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने के बाद अमित शाह ने दावा किया कि अबकी बार ४०० पार के साथ जीत की हैट्रिक लगाएंगे। अमित शाह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी भी गांधीनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं।

गांधीनगर की जनता का मुझे अपार स्नेह मिला है और मैंने अपने निर्वाचन क्षेत्र में २२ हजार करोड़ से अधिक कार्य किए हैं।

मेरे लिए गर्व की बात यह है कि अटलजी और आडवाणीजी इसी सीट से चुनाव लड़ चुके हैं और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गांधीनगर निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता हैं।



भाजपा ने मुझे गांधीनगर सीट चुनाव लड़ने का अवसर दिया है। मैं एक बूथ संचालक से संसद तक पहुंचा हूं और इसके लिए मैं गांधीनगर की जनता का आभारी हूं जिन्होंने मुझे इतना प्यार दिया।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश को सुरक्षित किया है, देश को समृद्धशाली बनाया है और ८० करोड़ गरीबों के जीवन में नई आशा और उत्साह को पुनर्जीवित करने का काम किया है। गांधीनगर की जनता से अपील है कि भाजपा का भारी बहुमत से जिताएं। अमित शाह ने गांधीनगर समेत देशभर की जनता से मतदान करने की अपील की।

साथ ही यह भी कहा कि सूर्य आकाश के मध्य पहुंचे उससे पहले सुबह १०.३० बजे से पहले मतदाता अपने परिवार समेत मतदान कर भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाए।

# नकली अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन, 3 लाख का शराब जब्त

**धनबाद/निरसा (कासं):** जिले में एक बार फिर नकली अंग्रेजी शराब फैक्ट्री पकड़ी गई है। इस बार निरसा थाना अंतर्गत गोरगा बस्ती निवासी बदन टुडू के आवास में मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया है। यहां से लगभग ३ लाख रुपये मूल्य के नकली शराब समेत शराब बनाने का सामान भी बरामद किया गया। इस मिनी शराब फैक्ट्री का संचालन विकास साहनी नामक व्यक्ति कर रहा था, जो फरार है।



उत्पाद विभाग और निरसा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार की सुबह गोरगा बस्ती में छापामारी करने के लिए पहुंची थी। टीम को देख संचालक विकास साहनी फरार हो गया। यहां से टीम ने कुल ५५६ बोतल शराब, चार लीटर करेमल, सैकड़ों ढक्कन, विभिन्न अंग्रेजी शराब कंपनियों के स्टीकर और १० जरकिंग तैयार शराब बरामद की गई है। सहायक उत्पाद आयुक्त धनबाद संजय कुमार मेहता ने बताया कि बदन टुडू के आवास को भाड़े पर लेकर फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था। छापामारी दल में उत्पाद विभाग के अमित कुमार, जितेंद्र कुमार, कुलदीप कुमार, स्वेता कुमारी और जोय हेम्ब्रम शामिल थे।

विकास साहनी नकली अंग्रेजी शराब बनाने का पुराना आरोपी है। इस पर पहले से ही चार मामले चल रहे हैं। पिछले दिनों गोविंदपुर में पकड़ी गई नकली शराब फैक्ट्री का भी संचालन विकास ही कर रहा था। विकास पर वर्ष २०२०, २०२१ व २०२२ में एक-एक प्राथमिकी हुई है, वहीं २०२४ में दो केस हुआ है। सभी मामलों में वह फरार है।

## डीसी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**धनबाद (ससे):** शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने देर शाम वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन एवं एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद व अन्य पदाधिकारियों के साथ झरिया के अग्नि प्रभावित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि झरिया विधानसभा के बूथ संख्या २२५ व २२६ अग्नि प्रभावित है। इसको वैकल्पिक स्थान पर शिफ्ट करने के लिए निरीक्षण किया है। निरीक्षण के बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा।

## पीठासीन पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**धनबाद (कासं):** लोकसभा चुनाव के सफल एवं त्रुटि रहित क्रियान्वयन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर पीठासीन पदाधिकारियों को २ बैलट यूनिट कनेक्ट करने का प्रशिक्षण दिया।

# डीसी व एसएसपी ने किया मंडल कारा का निरीक्षण



**धनबाद (ससे) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक एच.पी.जनार्दनन के संयुक्त नेतृत्व में धनबाद मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया गया। जेल में छापेमारी के लिए पदाधिकारियों के अलावा पुरुष तथा महिला आरक्षी भी शामिल रहे। अलग-अलग टीम बनाकर सभी वार्ड, महिला वार्ड, सेल तथा अस्पताल आदि की जांच की गई। निरीक्षण के क्रम में कोई भी आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने मंडल कारा की व्यवस्था, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, अस्पताल की व्यवस्था, रसोई घर तथा कैदियों से मुलाकाती की व्यवस्था आदि की जानकारी ली।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि उक्त निरीक्षण आगामी लोकसभा आम चुनाव के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने एवं रूटीन जांच के संदर्भ में किया गया।

इस टीम में सिटी एसपी अजित कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था दीपक कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-१ शंकर कामति, डीएसपी सीसीआर, डीएसपी ट्रैफिक, के अतिरिक्त कई अन्य पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

## छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता रैली



**धनबाद (कासं):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार १९ अप्रैल को तोपचांची प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सिंहदाहा के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता को लेकर साइकिल रैली निकाली।

इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, युवा शक्ति के तीन काम शिक्षा, सेवा और मतदान, अपनी ताकत को पहचान चलो करें हम मतदान, भारत भाग्य विधाता है... हम युग के निर्माता है... हमसे ही यह देश...चले हम मलिक मतदाता है, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार जैसी स्लोगन लिखा था। छात्र-छात्राओं ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि भारत के नागरिकों को शत-प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। धनबाद जिला के हर नागरिक जिनका उम्र १८ वर्ष या उससे अधिक हो गया हो वे सभी २५ मई को अपना मतदान जरूर करें।

## गैस सिलेंडर हुआ विस्फोट, 1 झुलसा

**धनबाद (कासं):** गिरिडीह जिले के तीसरी थाना अंतर्गत भंडारी गाँव में घर में गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। जिससे एक व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया। घायल का इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है।घटना के संबंध में बताया जाता है कि संजय तुरी नामक व्यक्ति का घर के किचन में रखा सिलेंडर लीक कर रहा था। जैसे ही वह किचन पहुंचा और खाना बनाने के लिए गैस चूल्हे को जलाया वहां आग भड़क उठा। मौके पर आग तेजी से फैला। आग फैलने से गैस सिलेंडर विस्फोट हो गया। जिसके बाद उक्त व्यक्ति आग की चपेट में आने से झुलस गया। वहीं स्थानीय लोगों ने घायल व्यक्ति को निजी नर्सिंग होम ले गए। जहां से घायल व्यक्ति की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों में उसे धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया।

# दुकान में लगी आग,लाखों की सम्पत्ति खाक

**कतरास (कासं):** बाघमारा के जोगता थाना अंतर्गत भेलाटांड़ फुटबॉल ग्राउंड के समीप भेलटांड़ कपूरिया मार्ग पर स्थित एक आइस्क्रीम की दुकान में आज अचानक भीषण आग लग गयी। देखते ही देखते लाखों की सम्पत्ति जलकर खाक हो गयी।



घटना के सम्बंध में भुक्तभोगी दुकानदार ने बताया कि बीती रात दुकान बंद करने के बाद अपने घर चल गया था। शुक्रवार की सुबह दुकान के मालिक द्वारा हमें फोन किया गया कि दुकान के अंदर धुँआ निकल रहा है और जब शटर उठाकर देखा तो अंदर धुंए का गुब्बार देंखने को मिलां। जो बढ़ते-बढ़ते भीषण आग में तब्दील हो गयी।

दुकान के मालिक द्वारा स्थानीय टाटा के फायर ब्रिगेड की गाड़ी के लिए स्थानीय प्रबंधक को जाकर बोला गया था, मेरा घर दुकान से लगभग ४ किलोमीटर पड़ता है मैं भी घर से आकर दुकान का सट्टर खोलकर देखा तो दुकान में धुआं भरा हुआ था,टाटा कंपनी के संबंधित अधिकारी से जाकर मिला परंतु उन्होंने कहा कि मेरे पास ड्राइवर नहीं है कुछ प्रोसेसिंग प्रक्रिया है, अपने वरीय अधिकारियों से बात करना होगा, परक्रिया पुरा करते-करते लगभग १ घंटे बाद टाटा की फायर ब्रिगेड की गाड़ी आई , साथ ही जिला प्रशासन की भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी झरिया से पहुंच गई, झरिया यहां से २० किलोमीटर पड़ता है और टाटा कंपनी का ऑफिस १०० मीटर अगर गाड़ी तुरंत आ जाती तो हमारी दुकान बच जाती और हमारा लाखों का नुकसान नहीं होता ,पर आग बुझाने के कार्य में तेजी नहीं होने के कारण काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तबतक काफी देर हो चुकी थी। दुकान में रखा दो डीप फ्रीजर सहित करीबन ६ लाख की सम्पत्ति के नुकसान हो गया है। अबतक घटना का कारण शॉर्टसर्किट ही सामने आया है।

## बैंक में पैसा जमा करने जा रहे 7 लोगों को पुलिस थाना लायी

**धनबाद (कासं):** बैंकमोड़ स्थित एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक से बैंकमोड पुलिस ने सात लोगों को लाखों रुपए के साथ बैंक के बाहर से लोगों को पूछताछ और जाँच के लिए लाया गया है। इसमें टीवीएस इंश्योरेंस कंपनी, मछली व्यवसायी और पेट्रोल पंप के कर्मचारी भी शामिल हैं।

इंश्योरेंस कंमनी के पास से १८ लाख , मछली व्यवसायी से २० लाख जबकि पंप कर्मी के पास से पांच लाख रुपए मिले है। इधर मामले की खबर मिलने पर आईटी की टीम भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। सात लोगों से बरामद रकम ५० लाख रुपए से ऊपर हैं, जिनमें कई लोग जमा करने तो कई पैसा निकासी करने एचडीएफसी बैंक पहुंचे थे।

पुलिस की इस कार्यवाही से व्यवसायियों में आक्रोश है। व्यवसायियों का कहना है की पुलिस बेवजह उन्हें परेशान कर रही है। पेट्रोल पंप मालिक का कहना है की आखिर डेली सेल का पैसा वे कहा जमा करेंगे और पैसा बैंक खाते में जमा नहीं करेंगे तो पेट्रोल पंप में तेल कैसे आएगा।

# कांग्रेस के कद्दावर नेता ललन चौबे ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**जामाडोबा/जोड़ापोखर (ससे):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य और कांग्रेस के बुजुर्ग कद्दावर नेता ललन चौबे ने शुक्रवार को पद और पार्टी से इस्तीफा दे दिया। वह धनबाद से अनुपमा सिंह को टिकट देने से नाराज थे। उन्होंने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि विधायक अनूप सिंह की पत्नी को टिकट देकर कांग्रेस पार्टी ने कार्यकर्ताओं का अपमान किया है। लोग पूछ रहे हैं कि आखिर किस मजबूरी में कांग्रेस पार्टी ने ऐसा निर्णय लिया है। ललन चौबे ने कहा कि धनबाद लोकसभा सीट से कुल स्थानीय ११ लोगों ने दावेदारी की थी। लेकिन जब उम्मीदवार की घोषणा की बारी आई तो बाहर के उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी गई। ललन चौबे का कहना है कि अगर ११ में से किसी भी स्थानीय को उम्मीदवार बना दिया गया रहता, तो ना उन्हें कोई दिक्कत थी और ना कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को कोई परेशानी होती। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने तो हद कर दी। घरेलू एक महिला को उम्मीदवार बना दिया। वह भी महिला बेरमो की रहने वाली है। ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मान और सम्मान में गहरा धक्का लगा है। इस स्थिति में पार्टी में बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। अपने समर्थकों के साथ आज इस्तीफा दे दिया। उन्होंने विधायक अनूप सिंह पर भी आरोप लगाएं। एक पेपर कटिंग का हवाला देकर कई आरोप लगाए। अनुपमा सिंह को टिकट मिलने का विरोध तो शुरू हो गया था।

मंगलवार को ही जब कांग्रेस पार्टी ने झारखंड की तीन लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी, मरमरिंग होने लगी थी। लेकिन शुक्रवार से इस्तीफा देने का दौर शुरू हो गया है। धनबाद सीट पर उम्मीदवारी को लेकर काफी गहमागहमी थी। कई कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ताओं ने उम्मीदवारी कर रखी थी, लेकिन पार्टी ने अनुपमा सिंह को उम्मीदवार बनाया। अब देखना है कि विरोध के उठने वाले इस स्वर को कांग्रेस पार्टी कैसे नियंत्रित कर पाती है। ललन चौबे कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता रहे है। मजदूर संगठन से भी जुड़े है। अब देखना दिलचस्प होगा कि उनके इस्तीफे को पार्टी किस रूप में लेती है और असंतोष की ज्वाला को रोकने के लिए अनुपमा सिंह की ओर से क्या पहल की जाती है.

# धनबाद विस के बीएलओ और सुपरवाइजर को दिया गया प्रशिक्षण

**धनबाद (कासं):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए न्यू टाउन हॉल में धनबाद विधानसभा के ४५८ मतदान केंद्र के बीएलओ एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उनको महिला, पुरुष, सीनियर सिटीजन,पर्सन विद डिसेबिलिटी (पीडब्ल्यूडी), दृष्टिबाधित मतदाता, वोटर इनफॉरमेशन स्लिप, वोटर कार्ड के अलावा आयोग द्वारा प्रमाणित अन्य १२ दस्तावेज, मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, रैंप, फर्नीचर, शेड, क्यू मैनेजमेंट, साइनेज लगाना, वोटर इनफॉरमेशन स्लिप बांटना इत्यादि के बारे में जानकारियां दी गई।

वहीं धनबाद विधानसभा के एआरओ सह अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने कहा कि मतदान केंद्र में महिला, पुरुष एवं दिव्यांग व सीनियर सिटीजन मतदाताओं सहित तीन लाइन रहेगी। दिव्यांग एवं सीनियर सिटीजन मतदाताओं को अधिक देर तक लाइन में खड़ा नहीं करना है। बीएलओ को मतदान केन्द्र के बाहर रहकर कतार प्रबंधन में मतदाताओं को सहयोग प्रदान करना है। साथ ही उन्होंने बीएलओ को स्वयं मतदाताओं के बीच वॉटर इनफॉरमेशन स्लिप बांटने का निर्देश दिया।

मौके पर धनबाद विधानसभा के एआरओ सह अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, एईआरओ सह अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर, प्रखंड विकास पदाधिकारी धनबाद पल्लवी सिन्हा, अंचल अधिकारी पुटकी विकास आनंद, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, कार्यपालक दंडाधिकारी रवीन्द्र नाथ ठाकुर, मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, कुलदीप, कुमार वंदन सहित बीएलओ, सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## अविलंब एएमएफ सुनिश्चित करने का दिया गया निर्देश

**धनबाद (कासं):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार शुक्रवार को आसन्न लोकसभा आम चुनाव के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा ग्राम पंचायत अलकडीहा, मुकुन्दा एवं सुरुंगा के कुल १३ मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण एवं एएमएफ सत्यापन किया गया।मुकुन्दा पंचायत अवस्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकुंद के मतदान केंद्र संख्या २८६ एवं २८७ में शौचालय की मरम्मती कर ली गई है एवं सुरक्षा की दृष्टि से नया दरवाजा भी लगा दिया गया है। मतदान केंद्र संख्या २९० नया प्राथमिक विद्यालय हरिबोल थाना मुकुन्दा में रैंप सुदृढ़ीकरण कराया जा रहा है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक को अविलंब एएमएफ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।ग्राम पंचायत सुरूँगा स्थित मतदान केंद्र संख्या ३०२, ३०३ ३०४ एवं ३०५ उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुरूँगा में चापाकल खराब थी जिसकी मरम्मती करा ली गई है।

# रक्तदान के क्षेत्र में कार्य करने वाले संस्थाओं को किया गया सम्मानित

**धनबाद (कासं):** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) ने आज ब्लड डोनर संस्थाओं को सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक के द्वारा कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित .कार्यक्रम में सीआईएसएफ के डीआईजी विनय काजला, धनबाद विधायक राज सिन्हा, अस्पताल अधीक्षक,एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक के प्रभारी बीके पाण्डेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि स्वयं सेवी संस्थाओं को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए आज उन्हें सम्मानित किया गया है और यह एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक का सरहानीय पहल है। इससे इन संगठनों को प्रोत्साहन मिलेगा जिससे की आगे और भी अधिक संख्या में ब्लड डोनेशन कैंप लगाकर एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक को ब्लड उपलब्ध करा पाएंगे जिससे कि एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक की जो एक साल का ब्लड का आंकड़ा है वह पूरा हो सके।

विधायक ने समारोह में अपने विधायक मद से एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक को जल्द से जल्द एक मोबाईल वैन भी उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि जैसे ही फंड की उपलब्धता होगी। मोबाईल वैन की जरूरत को पूरा कर लिया जाएगा। सीआईएसएफ के डीआईजी विनय काजला ने मीडिया को बताया कि इस साल सीआईएसएफ की ओर से ६३५ यूनिट ब्लड डोनेट किया गया है।

हमारा यही प्रयास रहता है कि ब्लड की कमी की वजह से किसी मरीज की जान नहीं जाए। स्वंय सेवी संस्थाओं का भी अहम रोल रहा है। वे भी बेहतर प्रयास कर रहे हैं जोकि काफी प्रशंसनीय है। एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक के एचओडी बीके पांडेय ने बताया कि ब्लड बैंक को साल भर में १८ हजार यूनिट ब्लड की आवश्यकता पड़ती है। स्वंयसेवी संस्थाओं के प्रयास के फ्लस्वरूप करीब १७ हजार यूनिट ब्लड की आवश्यकता पूरी हो जा रही है। अभी भी लक्ष्य के मुताबिक एक हजार यूनिट ब्लड की आवश्यकता है और इसे पूरा करने को लेकर ब्लड बैंक आशान्वित है।

इस सम्मान समारोह में पहले स्थान पर सीआईएसएफ यूनिट जिसे १० ब्लड डोनेशन कैंप में ३५७ यूनिट, दूसरे स्थान पर फ़ास्ट फॉरवर्ड इंडिया आईआईटी आईएसएम - ६ कैंप में ३०१,तीसरे स्थान पर रही मधुमिता एजुकेशन, मेमोरियल फाउंडेशन - ५ कैंप में २५४ यूनिट ब्लड,रोटरी क्लब ऑफ़ धनबाद-५ कैंप में १५५,प्रोजेक्ट लाईफ फोर्स १ कैंप में १११,कबीर ज्ञान मंदिर गिरिडीह, रोटरेक्ट क्लब- ३ कैंप में ९२,प्रयास इंडिया बी आई टी सिंदरी- ३ कैंप में ९१, जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर - १ कैंप में ४० यूनिट, कामरेड.ए.के.रॉय स्मृति भवन, जन अधिकार मंच, करियर प्वाइंट, रोड़ाबांध सिंदरी,सिम्फर स्टाफ क्लब, राइजिंग चैरिटेबल सोसायटी, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन, बरवाअड्डा ,बरनवाल युवा मंच, मटकुरिया ,शक्ति नर्सिंग होम, पुलिस जन सहयोग समिति, बरोरा, लाडो रानी, डिप्टी लेडीज़ क्लब, बंगाली वेलफेयर सोसाइटी, कम्युनिटी हेल्पिंग हैंड, आयुष फाउंडेशन को सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# इंडिया गठबंधन की बैठक राजद कार्यालय में संपन्न

**सिंदरी (ससे):** शुक्रवार को इंडिया गठबंधन की बैठक सिंदरी राजद कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में आगामी २१ अप्रैल को रांची में न्याय उलगुलान रैली को सफल बनाने का फैसला लिया गया।



बैठक में गठबंधन के घटक दलों ने एक स्वर से भाजपा की गलत नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को झूठे केस में साजिश के तहत फंसा कर जेल भेजा है।

इसलिए रांची में न्याय उलगुलान रैली को सफल बनाने के लिए सिंदरी में बैठक हुई है।

बैठक मोदी सरकार के द्वारा सिंदरी रेलवे स्टेशन को हटाने के फैसले के कड़े शब्दों में निंदा की गई। यदि इस फैसले को वापस नहीं लिया गया तो सिंदरी की जनता को गोलबंद कर आंदोलन किया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के सिंदरी नगर अध्यक्ष अजय कुमार ने किया। संचालन माकपा के सिंदरी सचिव गौतम प्रसाद ने किया तथा इस अवसर पर जेएमएम के नगर अध्यक्ष अशोक कुमार महतो, राजद के नगर अध्यक्ष मुनेश्वर यादव, भाकपा (माले) के नगर सचिव कृष्णा प्रसाद महतो, जेएमएम के केंद्रीय सदस्य सुखलाल मरांडी, महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल, सीपीआई (एम) सिंदरी बलियापुर लोकल कमिटी सचिव विकास कुमार ठाकुर, शिबू राय, माले के नेता मजीद खान, सागर मंडल, विमल कुमार रवानी, सुधीर महतो, कांग्रेस के मनोज घोष, सिया कांत दुबे, जेएमएम के फागू प्रामाणिक, अर्जुन प्रमाणिक, सुशील हेंब्रम, राकेश कुमार, रोहित मंडल, विश्वजीत गोराई, शुभंकर मंडल, सामू सोरेन, नाइक सिंह, कृष्णा कुंभकार, जय सोरेन, राजद के बंगाली यादव, प्रदीप पॉल, कांग्रेस के सत्येंद्र सिंह, सोमनाथ दुबे, सनातन मोदक आदि मौजूद थे।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक - गणेश मिश्रा. फोन - 9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# यूपीएससी में बीआईटी का परचम लहराया

**सिंदरी (ससे) :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) २०२३ में बिरसा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) सिंदरी के पूर्ववर्ती छात्रों ने परचम लहराया है।

असैनिक अभियंत्रण विभाग के सत्र २०१३ के छात्र अंकुर कुमार ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) २०२३ की प्रतिष्ठित परीक्षा में बीआईटी का नाम रोशन किया है।

अंकुर ने ऑल इंडिया रैंकिंग में २८३ वां स्थान हासिल किया है। साथ ही असैनिक विभाग के सत्र २०१३ के छात्र मो.आतिफ वकार ने यूपीएससी की परीक्षा



में ८१९ वां रैंक हासिल किया। इसके अलावा बीआईटी सिंदरी के रासायनिक अभियंत्रण विभाग के सत्र २००९ की पूर्ववर्ती छात्रा मोनिका पटेल ने ७०८ वां स्थान हासिल किया है।



संस्थान के निदेशक डॉ. पंकज राय ने छात्रों की सराहना की और इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम संस्थान के लिए गर्व का विषय है और बीआइटी के छात्रों के लिए सभी सफल छात्र प्रेरणास्रोत हैं।

झारखंड प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ. डी.के. सिंह ने छात्रों के कड़ी मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि तीनों छात्रों ने सफलता का एक नया मुकाम हासिल किया है और झारखंड का मान बढ़ाया है।

मीडिया के साथ इस खबर को साझा करते हुए असैनिक अभियंत्रण विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ब्रह्मदेव यादव ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि अगर किसी विद्यार्थी के पास दूरदर्शिता के साथ अनुशासन, कड़ी मेहनत और पक्का इरादा हो तो सभी कुछ संभव है।

# शहीद प्रज्ञानंद को विधायक ने दी श्रद्धांजलि

**जोड़ापोखर (ससे) :** जामाडोबा जीतपुर निवासी सेवानिवृत टिस्कोकर्मी व भूतपूर्व सेना के जवान गजेन्द्र सिंह के छोटे पुत्र जम्मू कश्मीर के उधमपुर कैंप में शहीद हुए। वे आर्मी के ३४ वर्षीय प्रज्ञानंद सिंह की शुक्रवार को जीतपुर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में झरिया विधायक सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक पूर्णिमा नीरज सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने शोकाकुल परिवार से मिल कर शहीद जवान के माता-पिता तथा पत्नी को ढाढस बंधाते हुए स्वजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।




इस दौरान विधायक पूर्णिमा ने शहीद प्रज्ञानंद की प्रतिमा का क्षेत्र में स्थापित करने का लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि शहीद प्रज्ञानंद जी की मूर्ति ऐसी जगह स्थापित की जायेगी जिससे लोगों को उनसे देश सेवा की प्रेरणा मिले।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, भाजपा नेता योगेन्द्र यादव, उचित महतो, मृणालकांत सिंह, विकाश सिंह, सिंटू सिंह, रवि थापा, अमित आर्यन, हरेंद्र यादव, त्रिलोचन तिवारी, विकाश सिंह, गौरव चक्रवर्ती आदि थे।

# थाना परिसर से लोहा चोर गिरफ्तार

**केन्दुआ (ससे):** केन्दुआडीह थाना क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल इतना बढा हुआ है कि अपराधी थाना परिसर में भी चोरी करने का दु:साहस कर रहे हैं। ताजा मामला बीती रात केन्दुआडीह थाना परिसर से लोहा चोरी करते कारू शेख उम्र ४४ वर्ष पिता युसूफ शेख को गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में सब इंस्पेक्टर हसरत जमाल के लिखित आवेदन के आधार पर विधि सम्मत कारवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

# बाघमारा हाई स्कूल के छात्र आकाश मैट्रिक में प्रखंड टॉपर रहा

**बलियापुर (ससे):** बाघमारा हाई स्कूल के छात्र आकाश प्रमाणिक मैट्रिक की परीक्षा में प्रखंड टॉपर रहा है। उसने ९४ .४० अंक लाकर बलियापुर का नाम रोशन किया है।

छात्र पलानी गांव निवासी शिक्षक धीरेंद्र प्रमाणिक का पुत्र है। वह आगे इंजीनियर बनना चाहता है। मां आरती देवी, भाई विकास प्रमाणिक, बहन प्रियंका कुमारी, नेहा कुमारी इन्हें बधाई दिए हैं।

इसके अलावा शिक्षक आदित्य प्रसाद मिर्धा, स्वप्न कुमार महतो, परितोष घोषाल आदि ने बधाई दिए। प्रमाणिक का कहना है कि इसका श्रेय माता-पिता, शिक्षक एवं दोस्त को दिया है।

# इंदिरा गांधी विद्यालय के छात्रों ने लहराया परचम

**लोयाबाद (ससे) :** झारखंड एकेडमिक कांउसिल के द्वारा शुक्रवार को जारी मैट्रिक की परीक्षा में इंदिरा गांधी विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में परचम लहरा कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। कुल १४ परीक्षार्थियों में पांच प्रथम श्रेणी एंव नौ छात्र द्वितीय श्रेणी सफलता प्राप्त किया। अंकिता कुमारी ने ३३३ अंक एंव ६६.६ प्रतिशत लाकर स्कुल की टॉपर बनी। द्वितीय स्थान पर राजनंदनी ३२१ अंक एंव ६४.२० प्रतिशत, वही श्वेता कुमारी ३११ अंक एंव



६२.२० प्रतिशत लाने में सफल रही। स्कुल के प्राचार्य सोमन घोष ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ववल भविष्य की कामना किया है।

# नयाडीह-कुसुंडा कोल डम्प में खुलेआम उड़ाई जा रही सुरक्षा मानकों की धज्जियां:चन्द्रशेखर पाठक

**केन्दुआ (ससे):** मामला बीसीसीएल कुसुंडा क्षेत्र के एनजीकेसी कोलियरी के डंप नंबर २ का है, जहां भूमिगत आग से दहकते कोयले की डंपिंग की जा रही है, जिसके कारण पूरे डंप में आग ही आग लग गई है। इस डंप में मैन्युअल लोडिंग के माध्यम से ट्रकों में कोयला भरी जाती है।

कोयले में आग लगे होने के कारण लोडिंग मजदूरों की जान को हर समय खतरा बना हुआ है। मामले पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कोलियरी श्रमिक संघ के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री



चन्द्रशेखर पाठक ने कहा कि एक तो गर्मी की चिलचिलाती धूप, ऊपर से कोयले में लगी भयंकर आग, दोनों मिलकर खतरनाक रूप से लोडिंग मजदूर के जान एवं स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है। कोयले में



लगी आग लोडिंग मजदूरों के जान के लिए भारी खतरा बना हुआ है एवं भविष्य में किसी बड़े हादसे को आमंत्रण दे रही है।

श्री पाठक ने आगे कहा कि मामले से कोलियरी प्रबंधन अच्छी तरह अवगत हैं।

इसके बावजूद लोडिंग प्वाइंट पर सुरक्षा मानकों की घोर अवहेलना, लोडिंग मजदूरों के जान के साथ खिलवाड़ है एवं यह एक घोर सुरक्षा लापरवाही का मामला है। ऐसी स्थिति में यदि लोडिंग प्वाइंट पर किसी भी लोडिंग मजदूर की जान एवं स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचता है, तो इसकी समस्त जवाबदेही बीसीसीएल प्रबंधन की होगी।

श्री पाठक ने कोलियरी प्रबंधन से मांग की कि अविलंब आग लगे कोयले में पानी का छिड़काव कर आग को बुझाया जाए, अन्यथा किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रबंधन का इस मामले पर मौन रहना एवं हादसे का इंतजार करना कुसुंडा क्षेत्र में बरती जा रही भारी सुरक्षा लापरवाही को दर्शाता है।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**बलियापुर (ससे):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद के निदेशानुसार शुक्रवार को आसन्न लोकसभा आम चुनाव के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह के द्वारा ग्राम पंचायत अलकडीहा, मुकुंदा एवं सुरुंगा के कुल १३ मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण एवं सत्यापन किया गया। मुकुंदा पंचायत अवस्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकुंदा के मतदान केंद्र संख्या २८६, २८७ में शौचालय की मरम्मति कर ली गई है और नया दरवाजा भी लगा लिया गया है। मतदान केंद्र संख्या २९० नया प्राथमिक विद्यालय हरिबोल थान मुकुंदा में रैंप का सुदृढ़ीकरण कराया जा रहा है। इस संबंध में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक



को अविलंब एएमएफ सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। ग्राम पंचायत सुरूंगा स्थित मतदान केंद्र संख्या ३०२, ३०३, ३०४, ३०५ उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुरुंगा में चापाकल खराब था, जिसकी मरम्मति कर लिया गया है। मतदान केंद्र संख्या ३०६ प्राथमिक विद्यालय जगन कोच का भी निरीक्षण कर एएमएफ सुदृढ़ीकरण के संबंध में किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र अवस्थित संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक को पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता, परिसर की सफाई, शौचालय की साफ सफाई करने का विशेष निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित थे।

# बसंती दुर्गापूजा के अवसर पर डांस प्रतियोगिता का आयोजन

**बलियापुर (ससे):** बलियापुर प्रखंड अंतर्गत बाघमारा पंचायत के कुंवरडीह बस्ती में बसंती दुर्गा पूजा के अवसर पर बूगी-बूगी डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डांस प्रतियोगिता में श्रेया दे, राखी महतो, सारथी कुमारी, श्वेता महतो, पूर्वा दे, कोयल कुमारी, मंदिरा कर्मकार, अभिजीत गोराई, लक्ष्मी गोराई, सोमनाथ सरकार, अष्टमी बनर्जी, अनन्या सरकार, आराध्या सरकार, रूपाली दे, ज्योति कुमारी, देव कुमार, विवेक कुमार, तृप्ति कुमारी, शशि गोराई, दिव्या सरकार, राखी मुखर्जी सहित



दर्जनों बाल कलाकारों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा को दिखाया एवं दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस प्रतियोगिता में रूपाली दे प्रथम, द्वितीय अराध्या सरकार एवं अनन्या सरकार तृतीय घोषित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी उपस्थित हुई। उन्होंने कलाकारों के प्रदर्शन को सराही और कही कि इस तरह का कार्यक्रम हर जगह होना चाहिए। इससे ग्रामीण बच्चों की अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है तथा उन्हें एक मंच मिलता है। अभिभावक भी बच्चों के रुचि के अनुसार उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास करें। इस अवसर पर विजेताओं के अलावा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही आज विजयादशमी के अवसर पर महिलाओं ने सिंदुर खेला के साथ मां दुर्गा को विदाई दिया तथा विसर्जन किया गया।

मौके पर पुजारी जय बनर्जी, पंसस गीता देवी, अनिमा देवी, संतोष महतो, रवींद्र नाथ सरकार, निमाई सरकार, गौतम सरकार, गणेश गोराई, भोजोहोरी गोराई, प्रबोध गोराई, रासु महतो, पवन महतो, आशीष चटर्जी, आलोक चटर्जी, सत्यनारायण गोराई, मोती महतो, नियति सरकार, सुमित्रा गोराई, लक्ष्मी गोराई, छाया रानी सरकार, सीमा रानी सरकार, अनूप गोराई, विमल सरकार, काजल सरकार आदि उपस्थित थे।

# शक्तिनाथ महतो विद्यालय के छात्रों ने लहराया परचम







**पुटकी (ससे):** मैट्रिक के रिजल्ट में शहीद शक्तिनाथ महतो स्मारक उच्च विद्यालय बलिहारी के छात्रों ने मैट्रिक की परीक्षा में ९८.९६ प्रतिशत रिजल्ट लाकर विद्यालय का परचम लहरा दिया। विद्यालय के परीक्षा में सम्मिलित कुल ९७ विद्यार्थी भाग लिए थे जिसमें प्रथम श्रेणी ६६, द्वितीय २९ एवं तृतीय ०१ स्थान प्राप्त किए। विद्यालय के तीन टॉपरों में नेहा कुमारी ४५५ अंक लाकर प्रथम, लुकिता कुमारी ४४० अंक लाकर द्वितीय एवं सूरज महतो २२८ अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किए। विद्यालय के सचिव मथुरा प्रसाद महतो व प्रधानाध्यापक कैलाश प्रसाद महतो ने सभी उतीर्ण विद्यार्थियों के उज्ववल भविष्य की कामना की है।

# पुलिया में बल्गर वाहन गिरने से ड्राइवर-खलासी घायल

**बलियापुर (ससे) :** गोविंदपुर बलियापुर रोड मुख्य सड़क मार्ग सिंदूरपुर जोड़िया पुलिया के पास तेज गति से सिंदरी की ओर जा रही एक वल्गर वाहन (टैंकर) अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगा रेलिंग को तोड़ते हुए खेत में जा गिरी। इस दुर्घटना में वाहन के चालक शेख मुजीबुर्र व खलासी रूबीलाल हेंब्रम बुरी तरह घायल हो गया।

घटना शुक्रवार की सुबह ५ बजे की है। घटना की खबर पाकर अगल-बगल के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और वाहन में फंसे चालक एवं खलासी को बाहर निकाला।

बताया जाता है कि उक्त



वाहन के आगे चल रहा एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने के क्रम में यह दुर्घटना घटी। खबर पाकर मौके पर पहुंची बलियापुर पुलिस ने घायल चालक एवं खलासी को इलाज के लिए बलियापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को शहीद निर्मल महतो मेमोरियल हॉस्पिटल धनबाद रेफर कर दिया। घायल चालक एवं खलासी दोनों पश्चिम बंगाल स्थित बीरभूम का रहने वाला बताया जाता है। दूसरी ओर उक्त सड़क दुर्घटना के दौरान दुर्घटनाग्रस्त वाहन के चपेट में आकर सड़क किनारे बिछाए गए मेगा ग्रामीण जलापूर्ति योजना का पाइप क्षतिग्रस्त हो गया।

दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त पाइप से जलापूर्ति का पानी काफी बहने लगा। जिससे बलियापुर के कई गांव में पाइप लाइन से पानी नहीं पहुंच पाया। इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पानी नहीं मिलने से लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# छात्रा कुमकुम ने विद्यालय का नाम किया रौशन

**पुटकी (ससे):** जैक १०वीं बोर्ड के परिणाम में पुटकी थाना मोड़ स्थित वीणा विद्या निकेतन की छात्रा कुमकुम कुमारी ने कुल ४५४ अंक लाकर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है। वहीं शाहीन परवीन ने ४५२ अंक लाकर द्वितीय तथा ४५१ अंक लाकर प्राची कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रौशन किया। विद्यालय के प्राचार्य अनोद कुमार सिंह ने सभी सफल छात्र छात्राओं को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी।



# कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का ग्रामीणों ने किया विरोध



**लोयाबाद (ससे) :** धनबाद लोक सभा के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का गड़ेरिया के ग्रामीणों ने शुक्रवार को विरोध करते हुए लोकल प्रत्याशी देने की मांग किया है। सैकड़ों की संख्या में जुटे ग्रामीणों ने हाथो में तख्तियां लिये झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के खिलाफ जमकर नारे किया। ग्रामीणों ने कहा कि वर्षों से जो कार्यकर्ता कांग्रेस के झडे उठा रहे हैं, प्रदर्शन कर रहे हैं, जेल जा रहे हैं, उनमें से प्रत्याशियों को नहीं चुना गया, बल्कि बाहरी प्रत्याशी को टिकट दे दिया गया। बाहरी प्रत्याशी देने का परिणाम पिछला लोकसभा चुनाव में देखने के बाद भी पुन: बाहरी प्रत्याशी देना उचित नहीं है। फरीद अंसारी, आरती देवी, मंजू देवी, विष्णु सहित ग्रामीणों ने कहा कि पूर्वजों से लेकर आज तक हमलोग कांग्रेस का सर्मथक व वोटर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी अपने फैसले पर पुर्नविचार कर लोकल प्रत्याशी धनबाद से दे नहीं तो इस बार पुरा गांव के लोग विकल्प के रूप में नोटा का चुनाव करेंगे। मौके पर आरती देवी, लक्खी देवी, करणी देवी, पतली देवी, मंजू देवी, रेखा देवी, मोनिका देवी, नमिता देवी, झानू देवी, आशा देवी, गणेश महतो, मिथुन महतो, विष्णु प्रमाणिक, लखन प्रमाणिक, बाली महतो, रामेश्वर तुरी, सुधीर प्रमाणिक, बुद्धा बाउरी, धीरण तुरी आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह प्रदेश प्रवक्ता के आवास पहुंची

**जोड़ापोखर/जामाडोबा (ससे):** धनबाद संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह शुक्रवार शाम को प्रदेश प्रवक्ता शालीमार निवासी शमशेर आलम के आवास पहुंची जहां समर्थकों ने अनुपमा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए श्रीमती सिंह ने कहा है कि चुनाव जीतने के बाद उनका पहला काम एम्स एवं एयरपोर्ट को धनबाद में स्थापित करना तथा बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराना उनका पहला लक्ष्य होगा।

उन्होंने कहा कि मेरे ससुर पूर्व मंत्री सह मजदूर नेता स्वर्गीय राजेन्द्र प्रसाद सिंह का हर सपना का वे साकार करेंगी। उन्होंने कहा कि यहां बेरोजगारी का आल्म है इसलिए धनबाद की जनता को रोजगार से जोड़ना उनकी प्राथमिकता में



शामिल है। उन्होंने कहा कि धनबाद की जनता ढुल्लू महतो के बाघमारा में छाए आतंक से त्रस्त है। यहां कि जनता धनबाद को आतंक का अड्डा कभी नहीं बनने देगा। अगर वह जीतेगा तो यहां से व्यापारियों का पलायन होगा जो वे किसी भी कीमत पर नहीं होने दूंगी।

कांग्रेस प्रत्याशी के पति सह बेरमो के विधायक अनूप सिंह ने कहा है कि ललन चैबे एवं ढुल्लू महतो में कोई अंतर नहीं है। वह पार्टी विरोधी कार्य करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि ललन चौबे कभी कांग्रेसी रहे ही नहीं है। वे हमेशा ही स्वार्थ के लिए दीमक की तरह कांग्रेस को कमजोर करते रहे हैं। उन्होंने कहा चौबे द्वारा उन पर एवं उसके पिता पर लगाए गए सभी आरोप झूठा है। पिता पुत्र दोनों को ही क्लीन चिट मिल चुकी है। उन्होंने कहा है कि चौबे ऐसा घटिया व्यक्ति कोई हो ही नहीं सकता, जिन्होंने मृत व्यक्ति के खिलाफ गलत आरोप लगा अपनी गलत मानसिकता को दर्शाया है। उनके पिता एक मजदूर नेता थे जिनके निधन से मजदूरों को अपूर्णीय क्षति हुई है। उन पर लगाए गए सभी आरोप में क्लीनचिट मिल गया है। अनूप सिंह ने कहा कि धनबाद संसदीय क्षेत्र की सेवा को अनुपमा सिंह ने जियलगोरा में स्थायी आवास और कार्यालय स्थापित किया है।

उनकी पत्नी जीते या हारे वे आजीवन यहीं रहेगी। मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी की ननद व विधायक अनूप सिंह कि बहन सीमा सिंह, शमशेर आलम, संतोष महतो, वीरेंद्र गुप्ता, इम्तियाज अली, फरीद फरीदी, जमालुद्दीन, एकराम कुरैशी, पिंटू तुरी, सरफराज आलम, रवि शंकर ओझा, शमशुद्दीन, ददन सिंह, गुरमीत सिंह उर्फ गोल्डी, किशोर कुमार आदि थे।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने व कोई मतदाता छूटे नहीं के लक्ष्य पर जिला प्रशासन कर रहा है कार्य



**बोकारो (ससे):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन (स्वीप कोषांग) द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिले के ७९६ गांवों में १४,७०० समूह से जुड़े लगभग १,५१,७३२ स्वयं सहायता समूह की दीदीओं ने वोटिंग पर मीटिंग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वहीं, जिले के १५६० विद्यालयों में भी वोटिंग पर पीटीएम (पैरेंट्स-टीचर मीटिंग) का आयोजन किया गया। जहां विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के लगभग ९२,००० अभिभावकों ने बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लिया।

एक ही साथ मतदाता जागरूकता को लेकर इस तरह के व्यापक आयोजन के पीछे का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को आगामी २५ मई को होने वाले मतदान दिवस के प्रति जागरूक करना है। साथ ही छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़ना है। ताकि चुनाव का पर्व,देश का गर्व में कोई भी अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहें। जिला प्रशासन कोई मतदाता छूटे नहीं... को लक्ष्य बनाकर काम कर रही है। वोटिंग पर मीटिंग एवं वोटिंग पर पीटीएम में शामिल सभी प्रतिभागियों ने आगामी २५ मई २०२४ मतदान दिवस को... वोट डालने जाना है,अपना फर्ज निभाना है... के नारे को एक सुर में बुलंद किया।

कार्यक्रम को लेकर सभी प्रखंडों में स्वीप को प्रभारी पदाधिकारियों को टैग* किया गया था। जिनके देख - रेख में इस आयोजन को सफल बनाया गया। सहायक नगर आयुक्त को चास प्रखंड, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को नावाडीह प्रखंड,जिला नियोजन पदाधिकारी को चंद्रपुरा प्रखंड,जिला खेल पदाधिकारी को जरीडीह प्रखंड, श्रम अधीक्षक को पेटरवार प्रखंड,जिला कल्याण पदाधिकारी को कसमार प्रखंड, जिला शिक्षा पदाधिकारी को बेरमो प्रखंड, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्वास्थ्य वि. को गोमिया प्रखंड एवं जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को चंदनकियारी प्रखंड से टैग किया गया था। सभी संबंधित पदाधिकारियों ने अपने - अपने आवंटित प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

स्वीप के नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता चंदनकियारी प्रखंड में आयोजित वोटिंग पर मीटिंग कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में महिला समूह के दीदीओं व अन्य ग्रामीणों से चुनाव का पर्व,देश का गर्व को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों/मतदाताओं की सहूलियत आदि के संबंध में विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि, सभी मतदान केन्द्रों पर शेड, शुद्ध पेयजल, शौचालय एवं दिव्यांग जनों के लिए रैम्प, ट्राइ साइकिल/वोलेंटियर की व्यवस्था है। वृद्ध जनों के लिए वोलेंटियर्स के साथ टोटो (आटो) की व्यवस्था है। मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए अलग कतार एवं मतदान में प्राथमिकता की सुविधा एवं शहरी मतदान केन्द्रों में शेड, कुर्सी एवं पार्किंग की व्यवस्था* होगी।

मतदाता पहचान पत्र नहीं होने पर वैकल्पिक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, मनरेगा जॉबकार्ड, बैंक डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, ड्राईविंग लाईसेंस, पेनकार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, राज्य सरकार, केन्द्र सरकार एवं लोक उपकरण पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों के द्वारा जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र दिखाकर भी मतदान किया जा सकता है।

छूटे हुए मतदाता/किशोर-किशोरी दिनांक - २६.०४.२०२४ तक फॉर्म-६ में अपना नाम जोड़वा सकते है। मौके पर उपस्थित बीएलओ द्वारा फार्म छह का वितरण भी किया गया।

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन यथा किसी भी धार्मिक स्थल मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा,चर्च इत्यादि एवं बिना गृह स्वामी के स्वीकृति के चुनाव प्रचार सामग्री लगाना/दिवार लेखन पर सी-विजिल एप के माध्यम से शिकायत कर सकते हैं।

मतदान की तिथि को किसी समूह/व्यक्ति द्वारा मतदाताओं को किसी भी प्रकार का प्रलोभन जैसे शराब या अन्य नसीले पदार्थ, पैसा, उपहार इत्यादि वितरण की सूचना या डराने, धमकाने एवं शस्त्र के प्रदर्शन की सूचना उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, संबंधित अनुमण्डल पदाधिकारी/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को या जिला नियंत्रण कक्ष के मोबाईल नं०-८९८६६६०३३३, ०६५४२-२२३७०५ पर दिया जा सकता है।

# कम प्रतिशत वाले मतदान क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**गिरिडीह (ससे):** लोकसभा निर्वाचन-२०२४ में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज गांडेय प्रखंड के कम मतदान केंद्र वाले क्षेत्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनकडीहा के बूथ नंबर ३४३, ३४४ तथा हाई स्कूल अहिल्यापुर के बूथ नंबर २९४ और २९५ में मतदाता हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस दौरान वहां के मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक व प्रोत्साहित किया गया। जहां मतदाताओं के बीच मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पाठ कराया गया। इस दौरान सहयोगी पदाधिकारी (स्वीप कोषांग) ने स्थानीय लोगों को वोट के महत्व की जानकारी दी। साथ ही सभी लोगों से लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। इसके अलावा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की तिथि घोषित कर दी गई है, जिसके अनुसार कोडरमा लोकसभा व ३१ गांडेय विधानसभा उप चुनाव दिनांक २०.०५.२४ को चुनाव कराया जाना है। आप सभी को इस महापर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना है।

इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही १९५० वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो।

यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म ६ अवश्य भरने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

# उपायुक्त ने डीवीसी चेयरमैन से की भेंट

**बोकारो (ससे):** शुक्रवार को दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के चेयरमैन एस. सुरेश कुमार जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बोकारो पहुंचे थे। इस दौरान वह अपनी टीम के साथ समाहरणालय पहुंचे। जहां कार्यालय कक्ष में उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने भेंट किया। उपायुक्त ने फुल एवं पौधा देकर उनका स्वागत किया।



इस दौरान डीवीसी चेयरमैन व उनकी टीम ने उपायुक्त से विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया। मौके पर डीवीसी चंद्रपुरा के वरीय महाप्रबंधक सह एचओपी मनोज कुमार ठाकुर, वरीय महाप्रबंधक सुभाष सिंह, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, प्रबंधक एचआर डीवीसी चंद्रपुरा रविंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# डीसी-डीडीसी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन को किया रवाना

**बोकारो (ससे):** समाहरणालय परिसर से शुक्रवार शाम डीसी विजया जाधव,डीडीसी संदीप कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर टीवी स्क्रीन, वी आर यंत्र, ध्वनि विस्तारक यंत्र युक्त वाहन को रवाना किया।

यह वाहन जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों का भ्रमण कर आम लोगों को आडियो - वीडियो के माध्यम से मतदान के महत्व एवं आगामी २५ मई २०२४ को मतदान करने के लिए आम लोगों को प्रेरित करेगी।



मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि वैन के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें। सभी महत्वपूर्ण चौक - चौराहों/भीड़ - भाड़ वाले स्थानों पर आडियो - वीडियो संदेश को प्रसारित करें। इसका इस्तेमाल कर मतदाताओं को मतदान करने के प्रति प्रेरित करें। वह स्वयं मतदान करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का कार्य सुनिश्चित करें।

मौके पर प्रभारी पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार ने कहा कि वाहन नियमित रूट चार्ट के अनुसार जिले के सभी प्रखंडों में घूम-घूम कर मतदाताओं को मतदान तिथि २५ मई को मतदान करने के लिए प्रेरित करेगी। वाहन टीवी स्क्रीन, वीआर यंत्र व ध्वनि विस्तारक यंत्र से सुसज्जित है।

इस अवसर पर वरीय नोडल पदाधिकारी सह डीपीएलआर मेनका,सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निर्वाची पदाधिकारी राजीव रंजन, सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बेरमो एसडीओ अशोक कुमार, वरीय नोडल पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, नोडल पदाधिकारी शालिनी खालखो समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी आदि उपस्थित थे।

## उलगुलान रैली को लेकर हुई बैठक

**गिरिडीह (ससे):** रांची में २१ अप्रैल को होने वाली उलगुलान रैली की सफलता के लिए शुक्रवार को गिरिडीह झामुमो कार्यालय में एक बैठक हुई। बैठक में गिरिडीह लोकसभा से झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो और कोडरमा के माले प्रत्याशी सह बगोदर विधायक विनोद सिंह ने भी हिस्सा लिया।

## निर्वाचन कार्य को गंभीरतापूर्वक लें: जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**गिरिडीह (ससे):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन एवं ३१ गांडेय विधानसभा उप चुनाव २०२४ के निमित गठित किए गए कार्मिक सेल/वाहन सेल/लॉजिस्टिक सेल/प्रशिक्षण सेल/ईवीएम वीवीपैट सेल/-चक्र सेल के कार्यों के अलावा अन्य बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा करते हुए सभी कोषांगों के कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें।

निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ ही कलस्टर, मतदान केन्द्रवार मूलभत सुविधाएं (-चक्र), मतदान केन्द्रवार रूट चार्ट/मैप, वाहनों की उपलब्धता, कम्युनिकेशन प्लान, मतदान कर्मियों की रहने की सुविधा से जुड़े बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियें को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उक्त सभी कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रह कार्यों की जानकारी ली गई। तथा उन्हें बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग से उनके कोषांग से संबंधित जारी किए गए मैन्युअल को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं कार्यों के दौरान निर्वाचन आयोग से जारी सभी दिशा निर्देशों के अनुपालन का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर अपने वरीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के उपरांत ही कार्य करने का निर्देश दिया।

साथ ही कहा गया कि सभी कोषांग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें ताकि किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। इस दौरान सभी को बताया गया कि लोकसभा आम निर्वाचन एवं ३१ गांडेय विधानसभा उप चुनाव २०२४ के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराना हमारी जिम्मेवारी है। साथ ही वाहन कोषांग, मतदाता सूची कोषांग, ईवीएम कोषांग को दिशा- निर्देशों का पूर्ण पालन करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कंट्रोल रूम को २४ □ ७ उचित संचालन एवं रजिस्टर संधारण को लेकर निर्देश दिए।

## जिप सदस्य के शिकायत पर सीएस ने लिया संज्ञान

**डुमरी (ससे):** प्रखंड के उत्तराखण्ड स्थित बासोकांडो की एक गर्भवती महिला की अभिभावक से प्रसव कराने के नाम पर राशि मांगने के आरोप की जिप सदस्य द्वारा सीएस से की गयी शिकायत पर संज्ञान लेते हैं सीएस ने रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को पत्र प्रेषित कर मामले की जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा है।पत्र में लिखा है कि जिसमें रेफरल अस्पताल डुमरी में प्रसव के लिए आई महिला सोनिया कुमारी पति किशुन कोल्ह से जीएनएम के द्वारा राशि की मांग की गई है।

## अवैध बियर बरामद, 3 गिरफ्तार

**कोडरमा (ससे):** कोडरमा लोक सभा आम चुनाव २०२४ को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कराने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, कोडरमा के आदेशानुसार १८ को अधीक्षक उत्पाद, कोडरमा के



पर्यवेक्षण में अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल, कोडरमा, अवर निरीक्षक उत्पाद, कोडरमा अंचल एवं अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल-२, कोडरमा के द्वारा डोमचांच थानान्तर्गत बेहराडीह एवं शहीद चौक में स्थित अवैध शराब के विभिन्न स्थानों पर छापामारी किया गया। छापामारी में कुल १२.९६० लीटर अवैध विदेशी शराब एवं ७८ लीटर अवैध बियर बरामद किया गया।

# निर्वाचन में सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी की भूमिका अहम है: जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**गिरिडीह (ससे):** लोकसभा आमचुनाव एवं ३१-गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव २०२४ में प्रतिनियुक्त सेक्टर ऑफिसर्स एवं माइक्रोआब्जर्वर का प्रशिक्षण इछड ऊ+त पब्लिक स्कूल गिरिडीह में एक पाली में दिया गया। उक्त प्रशिक्षण का जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा ने निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त सेक्टर ऑफिसर्स एवं माइक्रोआब्जर्वर का प्रशिक्षण का जायजा लिया तथा सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

इस जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा ने ईवीएम वीवीपैट, बीयू, सीयू, मॉकपोल, मतदान प्रक्रिया व अन्य निर्वाचन प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन में सेक्टर मजिस्ट्रेट/पुलिस पदाधिकारी की भूमिका अहम है। उन्होंने सभी को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि समाहरणालय परिसर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है ताकि निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता/शिकायत हेतु संपर्क स्थापित किया जा सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की सहायता हेतु आप सभी कंट्रोल रूम की सहायता ले सकते हैं।

आज एक पाली में लगभग २७६ सेक्टर ऑफिसर्स, २७६ सेक्टर पुलिस ऑफिसर्स एवं १०० माइक्रो आब्जर्वर को मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण में प्रतिनियोजित सभी कर्मियों को चुनाव कार्य के सभी चरणों का विशेष एवं गहन प्रशिक्षण विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनेरो के द्वारा दिया जा रहा है। इसके साथ ही एतच् का हैंड्स ऑन भी कराया जा रहा है। जिस से चुनाव के समय एतच् सम्बन्धी किसी भी समस्या का निराकरण सेक्टर ऑफिसर्स के द्वारा भी तत्काल किया जा सके। इसके अतिरिक्त सेक्टर ऑफिसर्स को पोल डे एवं अन्य रिपोर्टिंग प्रपत्रों के सम्बन्ध में एवं माइक्रो आब्जर्वर को उनके कार्यों एवं जनरल आब्जर्वर को दिए जाने वाले प्रपत्रों के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बतलाया गया ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों का ठ्ठ कोड की सहायता से आकलन किया जा रहा है। जिसके आधार पर आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जायेगी। प्रशिक्षण केन्द्र पर कराये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार ङ्ळींश थशललरींळपस किया जा रहा है। जिसकी राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला नियंत्रण कक्ष के द्वारा सतत् निगरानी की जा रही है।

आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में अरविन्द कुमार राय, बी०पी०ओ०, रविन्द्र कुमार सी०आर०पी०, मनोज कुमार राय, बिपिन कुमार राय, मो० सलीम अंसारी, संजीव कुमार, नवीन कुमार, आदित्य झा, विजयेन्द्र सेठ, राम सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पृष्ठ एक का शेषांश

### मेरा भारत ही मेरा परिवार---

का पालन जरूर करें और वोट डालें। ये चुनाव आने वाले पांच साल में भारत को दुनिया की बड़ी शक्ति बनाने का चुनाव है। ये सिर्फ सांसद चुनने भर का चुनाव नहीं है, ये देश के भविष्य को चुनने का चुनाव है। यह चुनाव आने वाले पांच वर्षों में भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाने का चुनाव है। आपका यह उत्साह साफ-साफ कह रहा है, फिर एक बार मोदी सरकार!

मोदी ने कहा कि आप देख रहे हैं कि दुनिया में कैसे युद्ध के बादल छाए हैं। जब दुनिया में युद्ध का माहौल हो, घटनाएं घट रही हों, तो भारत में युद्धस्तर पर काम करने वाली सरकार बहुत जरूरी है। स्थिर सरकार कैसे देश और देशवासियों के हित में काम करती है, ये हमने बीते १० वर्षों में देखा है। कोरोना का इतना बड़ा संकट आया, पूरी दुनिया में हाहाकार मचा। मजबूत भाजपा सरकार पूरी दुनिया से हर भारतीय को सुरक्षित वापस ले आई। आज देश में वो भाजपा सरकार है, जो ना किसी से दबती है और न किसी के सामने झुकती है। हमारा सिद्धांत है - राष्ट्र प्रथम। भारत को सस्ता तेल मिले, इसलिए हमने देशहित में फैसला लिया। फरवरी २०२२ में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद अंतर्राष्ट्रीय दबाव का सामना करते हुए रूस से तेल खरीदने के भारत के कदम का बचाव करते हुए उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए कि देश के लोगों को सस्ता तेल मिले और किसानों को पर्याप्त उर्वरक मिले, हमने यह निर्णय राष्ट्रीय हित में लिया है। आज दुनिया के कितने ही देशों की स्थिति बहुत खराब है। कई देश दिवालिया हो रहे हैं। हमारा एक पड़ोसी, जो आतंक का सप्लायर था, वो अब आटे की सप्लाई के लिए तरस रहा है। ये धरती शूरवीरों और योद्धाओं की धरती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हर परिवार के लिए राशन और इलाज का खर्च मायने रखता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मोदी ने आने वाले पांच वर्ष तक मुफ्त राशन की सुविधा बढ़ा दी है। ये मुफ्त राशन इसलिए, ताकि गरीब के घर का चूल्हा जलता रहे। आयुष्मान योजना ने भी गरीबों के लाखों रुपये खर्च होने से बचाएं हैं। हर घर जल और हर खेत में पानी भी भाजपा का संकल्प है। बुंदेलखंड में पानी की समस्याओं का समाधान करने के लिए मोदी पूरी ईमानदारी से जुटा है। पंचम नगर परियोजना से सिंचाई की जरूरतें पूरी हो रही हैं। हम ४५ हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करके केन-बेतवा लिंक नहर को तेजी से पूरा कर रहे हैं। हर घर जल अभियान के तहत मध्य प्रदेश में करीब ७० लाख घरों तक पाइप से पानी पहुंचाया जा चुका है।

पीएम ने कहा कि मैं इस धरती के लोगों को इंडिया गठबंधन की सच्चाई बताना चाहता हूं। दशकों तक, कांग्रेस ने भारत के डिफेंस सेक्टर को कमजोर बनाए रखा। ये लोग सेनाओं के लिए हथियार खरीदने में भी अपना स्वार्थ देखते हैं। पूरे देश ने देखा कि कैसे इन लोगों ने पूरी ताकत लगा दी कि वायुसेना को राफेल लड़ाकू विमान न मिल पाए। कांग्रेस की सरकार रही होती तो तेजस फाइटर प्लेन भी आसमान की बुलंदियां नहीं देख पाता। ये भाजपा सरकार है जो हमारी सेनाओं को आत्मनिर्भर बना रही है। भारत की पहचान अब दूसरे देशों को हथियार निर्यात करने वाले देश की बन रही है।

### कांग्रेस नेता की बेटी---

जानते थे। दोनों बीसीए के दौरान क्लासमेट थे। नेहा ने उसका प्रपोजल ठुकरा दिया था, जिसके कारण फैयाज ने घटना को अंजाम दिया।

### जनता के आशीर्वाद से---

उन्होंने आरोप लगाया कि रेड्डी शराब की बिक्री के माध्यम से भी लोगों का खून निचोड़ रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि अगर आंध्र प्रदेश को प्रगतिशील रास्ते पर आगे बढ़ना है, तब एनडीए गठबंधन को सत्ता में आना चाहिए और विश्वास जताया कि पीएम मोदी ४०० सीटों के साथ प्रधानमंत्री के रूप में लौटने वाले हैं। दक्षिणी राज्य के देश में शीर्ष पर आने की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि यह तभी संभव होगा जब एनडीए यहां सरकार बनाएगी। आंध्र प्रदेश की १७५ सदस्यीय विधानसभा और २५ लोकसभा सीटों के लिए १३ मई को चुनाव होने हैं और वोटों की गिनती ४ जून को होगी।

### चारधाम यात्रा में---

का प्रति व्यक्ति किराया २,८८६ रु. होगा। पिछली बार ये २,७४९ रु. था। गुप्तकाशी से ४,०६३ रु. रहेगा, जो ३,८७० रु. था। पहले हेलिकॉप्टर सर्विस की बुकिंग १५ दिन के स्लॉट में होती थी। इस बार एक माह का स्लॉट रहेगा। १० मई से २० जून और १५ सितंबर से ३१ अक्टूबर तक और बुकिंग आईआरसीटीसी की हेलीयात्रा वेबसाइट से २० अप्रैल से होगी।

# सेल बना ऑल इण्डिया पब्लिक सेक्टर वॉलीबॉल व हॉकी टूर्नामेंट चैंपियन



**नईदिल्ली (ससे):** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ऑल इण्डिया पब्लिक सेक्टर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड द्वारा१५से१८अप्रैल, २०२४ तक भोपाल में आयोजित आल इण्डिया पब्लिक सेक्टर वॉलीबॉल टूर्नामेंट- २०२४ जीतने का गौरव हासिल किया है.इससे पहले हाल ही में द्वारा भुवनेश्वर में आयोजित आल इण्डिया पब्लिक सेक्टर हॉकी टूर्नामेंट में भी भारतीय खाद्य निगम को हराकर सेल चैंपियन बनकर उभरा था.सेल ने ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर वॉलीबॉल टूर्नामेंट में ऑयल इंडिया को(३-०) से हराकर,इस टूर्नामेंट का चैंपियन का खिताब हासिल किया. इस टूर्नामेंट में कुल नौ (०९) पब्लिक सेक्टर यानि सेल, एलआईसी, बीएसएनएल, कोल इंडिया, निवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन, ऑयल इंडिया, ईएसआईसी, बीएचईएल और नाल्को ने भाग लिया.

सेल द्वारा लगातार जीती गई ट्रॉफियां, खेल और एथलेटिक प्रतिभाओं को व्यवस्थित रूप से बढ़ावा देने और आगे बढ़ाने के प्रति कंपनी के निरंतर समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं. कंपनी देश की उभरती खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए देश के विभिन्न स्थानों पर कई खेल अकादमियों को चलाती और उनका संचालन करती है.

कंपनी खेल के बुनियादी ढांचे को विकसित करने और प्रतिभाओं को निखारने के अलावा खेल प्रतिभाओं को निखरने का अवसर प्रदान करने के लिए अपने संयंत्रों और इकाइयों में अंतर सेल खेल चैंपियनशिप भी आयोजित करती है. इसके अलावा,सेल स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड (एसपीएसबी) के तत्वावधान में सेल पूरे वर्ष विभिन्न खेल और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है.

## सीईओ ने हेसातू के मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण



**गढ़वा (ससे):** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के.रवि कुमार शुक्रवार को बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसातु स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी करीब ३:३०किलोमीटर मोटरसाइकिल से सफर कर मतदान केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने मतदान केंद्र पर तैनात बीएलओ/पर्यवेक्षक एवं स्थानीय मतदाताओं से बातचीत की। उनकी समस्याओं को सुना। मतदान केंद्र पर न्यूनतम सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय एवं अन्य न्यूनतम सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतदाताओं से मतदान के दिन भयमुक्त होकर मत देने का अपील किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हालात अब बदले हैं। सुरक्षा बलों एवं जवानों की मेहनत से यह क्षेत्र भयमुक्त हुआ है और शांति व्यवस्था कायम हुई है। सीईओ ने कहा कि पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले के अति दुर्गम क्षेत्र अवस्थित बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र के मतदाता लोकसभा चुनाव २०२४ में पूरे उत्साह के माहौल में मतदान करेंगे। इसके लिए इस क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण बना है।

क्षेत्र सुरक्षित हुआ है और शांति व्यवस्था कायम हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि इन क्षेत्रों में पहले भी वोटिंग होती थी, लेकिन मतदाता छुप-छुप कर मत देने जाते थे, लेकिन लोकसभा चुनाव, २०२४ में मतदाता सिर पूरी तरह भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बच्चों के बीच मध्याह्न भोजन के तहत खाना परोसकर भी खिलाया। साथ ही मतदान केंद्र की कमियों को दूर करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मतदान केन्द्र के निरीक्षण में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी. होमकर, एसटीएफ के डीआईजी इन्द्रजीत महथा, गढ़वा जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, स्वीप के राज्यस्तरीय प्रभारी देवदास दत्त सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## जैक मैट्रिक परीक्षा-टॉप 10 में 19 इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं

**हजारीबाग (ससे):** जैक मैट्रिक परीक्षा में इस बार हजारीबाग अंतर्गत इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन रहा। सफलता प्रतिशत के लिहाज से हजारीबाग प्रक्षेत्र इस बार पूरे राज्य भर में दूसरे स्थान पर रहा। खास बात यह रही कि टॉप १० में १९ छात्राएं इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय की है। यहाँ की कुल ७२ छात्राओं ने इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में हिस्सा लिया था जिनमें सभी छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

स्टेट टॉपर ज्योत्सना ने ९९ दशमलव ३ फीसदी अंक अर्जित किया जबकि सना संजूरी ने ९८ दशमलव ६ प्रतिशत और करिश्मा कुमारी तथा सृष्टि सौम्या ने ९८ दशमलव ४ प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। जैक टॉपर मैट्रिक टॉपर ज्योत्सना चतरा जिला की रहने वाली हैं।

## उपायुक्त ने वर्चुअल रियलिटी जागरूकता वाहन को रवाना किया

**रामगढ़ (ससे):** लोकसभा आम निर्वाचन २०२३ के तहत १४ लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि २० मई २०२४ निर्धारित है। इस दौरान लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रामगढ़ जिले के मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति रचनात्मक तरीके से जागरूक करने तथा लोगों को उनके मतदान के महत्व को समझाने को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा जिला समाहरणालय परिसर से वर्चुअल रियलिटी जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर उपायुक्त ने वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से लोगों को जागरूक करने हेतु तैयार किए गए कंटेंट का भी जायजा लिया वहीं उपायुक्त ने स्वयं भी वर्चुअल रियलिटी यंत्र का प्रयोग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अपर समाहर्ता रामगढ़, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी मतदाता जागरूकता कोषांग, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

## विदेशी शराब जब्त



**देवघर (ससे):** देवघर जिला के देवीपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मनियारपुर और कोल्हड़िया मोड़ पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान एक किराना दुकान और एक जेनरल स्टोर में छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त किया गया। पुलिस ने दोनों दुकान संचालकों को अवैध शराब की बिक्री करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

## सुरक्षा को लेकर मंथन



**साहिबगंज (ससे):** साहिबगंज जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष्य में मतदान केंद्र एवं ब्रज गृह की सुरक्षा को लेकर बैठक हुई। उपायुक्त ने इस दौरान संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों में समुचित सुरक्षा उपलब्ध कराने की हिदायत दी। बैठक में ब्रज गृह एवं मतगणना केंद्र की सुरक्षा को लेकर भी विचार विमर्श किया गया।

## बोकारो में डीवीसी का कस्टमर मीट

**बोकारो (ससे):** दामोदर घाटी निगम लिमिटेड के द्वारा शुक्रवार को बोकारो में विद्युत उपभोक्ताओं के लिए कस्टमर मीट का आयोजन किया गया। इस कस्टमर मीट में डीवीसी के अध्यक्ष एस सुरेश एवं डीवीसी के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान अध्यक्ष ने उपभोक्ताओं के साथ कई विषयों पर चर्चा की और बेहतर सेवाओं के लिए उनसे सुझाव भी मांगे ।इस दौरान मीडिया से बात करते हुए डीवीसी के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि डीवीसी आने वाले समय में झारखंड के कोडरमा में दो यूनिट और बंगाल के रघुनाथपुर में दो यूनिट लगाने जा रही है। उन्होंने बताया कि चारों यूनिट की क्षमता २९०० मेगावाट होगी। उन्होंने कहा कि २०३० तक डीवीसी का लक्ष्य बिजली उत्पादन १५००० मेगावाट रखा गया है। वर्तमान समय में या क्षमता ६७०० मेगावाट का उत्पादन किया जा रहा है।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**दुमका (ससे):** दुमका लोकसभा निर्वाचन को लेकर जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय लताकांदर मतदान केंद्र पर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लताकांदर के मतदाताओं ने भाग लिया। मतदाताओं को फॉर्म- ६ के माध्यम से मतदाता सूची में अपने नाम जोड़ने को प्रेरित किया गया।मतदाताओं को बताया गया कि १ जून को अपने अपने मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान अवश्य करें।

साथ ही अपने आस पास के लोगों को भी उक्त तिथि को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, स्वीप के नोडल पदाधिकारी और प्रखंड के सभी कर्मी सम्मिलित थे।

## एक निर्दलीय प्रत्याशी ने नामांकन भरा



**खूंटी (ससे):** राज्य में खूंटी समेत चार लोकसभा सीटों पर नामांकन जारी है। खूंटी लोकसभा क्षेत्र में कुल दो अभ्यर्थियों के द्वारा शुक्रवार को चार सेटों में नाम निर्देशन प्रपत्र खरीदा साथ ही एक निर्दलीय प्रत्याशी पास्टर संजय कुमार तिर्की द्वारा नामांकन दर्ज किया गया। नामांकन दर्ज करने वाले प्रत्याशी पास्टर संजय कुमार तिर्की कांटी बिरटोली कर्रा प्रखण्ड जिला-खूंटी के निवासी हैं।

## व्यवहार न्यायालय में जागरूकता अभियान चलाया गया

**लोहरदगा (ससे):** स्वीप कोषांग लोहरदगा की ओर से शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा में मतदाता जागरूकता संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पीडीजे, अरविंद कुमार पांडेय, डालसा सचिव राजेश कुमार और स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय ने कहा कि मतदान एक राष्ट्रीय पर्व है। पीएलवी मेम्बर्स सभी गांवों में जाते हैं। वहां जाकर मतदाताओं को जागरूक करें। अन्य जागरूकता कार्यक्रम की तरह भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को भी करें। डालसा सचिव ने कहा कि पहले सिर्फ ग्रेजुएट को ही मतदान का अधिकार हुआ करता था। उसके बाद अमेरिका जैसे देशों में भी यह पूरी तरह लागू नहीं हुआ। भारत जैसे बड़े देश मे भी इसे लागू कराने में दिक्कत हुई लेकिन अब मतदान का अ धिकार सबको मिला हुआ है। मतदाता को मत का अधिकार देने के लिए निर्वाचन आयोग कई सुविधाएं दे रही है। वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण द्वारा ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई गतिविधियां लोहरदगा जिला प्रशासन की ओर से चलाई जा रही है। इस बार जिला में ९० प्रतिशत मतदान करने का लक्ष्य रखा गया है। कई सरकारी और गैर-सरकारी कार्यालयों में वोटर अवेयरनेस फोरम गठित हैं जिनके द्वारा मतदाता जागरूकता की गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा फॉर्म-६, टॉल फ्री नम्बर १९५०, सी-विजिल एप, वोटर हेल्पलाइन एप, सक्षम एप इत्यादि की जानकारी दी।

## अलग-अलग सड़क हादसे में एक महिला सहित दो की मौत

**दुमका (ससे):** दुमका जिले में शुक्रवार को अलग-अलग सड़क हादसे में एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गये। पहली घटना जरमुंडी थानान्तर्गत बासुकिनाथ-नोनीहाट मुख्य मार्ग पर घोरटोपी गांव के समीप हुई, जहां एक तेज रफ्तार पिकअप वैन और बाइक में जोरदार टक्कर हो गयी । इस हादसे में रामगढ़ थाना क्षेत्र के लतबेरवा गांव की २६ वर्षीय हिरामनी मुर्मू की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि उसका पति विनोद सोरेन और एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गये। दूसरी घटना दुमका-देवघर मुख्य मार्ग पर तालझारी थाना क्षेत्र में हुई, जिसमें अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पहरीडीह गांव के ५० वर्षीय कामदेव यादव की मौत हो गयी । घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने सड़क जाम किया, जिसे कुछ देर बाद पुलिस ने समझा-बुझाकर हटवाया।

## एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा में लगी आग

**चतरा (ससे):** चतरा जिले के टंडवा स्थित एन टी पी सी नॉर्थ करणपुरा में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग प्लांट के यार्ड नंबर ७ में रखे गए तारों में लगी फिर उसने तेज हवा के कारण विकराल रूप अख्तियार कर लिया। आग की लपटें और धुंए से आस पास के क्षेत्र में कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा था। आग को बुझाने के लिए ८ दमकल गाड़ियों को मदद ली गयी । आग के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## नक्सलियों का अस्थाई ठिकाना मिला, कई सामान बरामद

**चाईबासा (ससे):** पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों को नक्सलियों के खिलाफ लगातार सफलता मिल रही है। इसी क्रम में पुलिस और अर्धसैनिक बलों के संयुक्त अभियान में सोनुवा थाना क्षेत्र के केराबीर और टेंडरसाई वन ग्रामों के पास नक्सलियों का अस्थाई ठिकाना मिला है । इस ठिकाने से कई सामान बरामद किए गए हैं, जिसमें विस्फोटक में प्रयुक्त होने वाली चीजें और गुरिल्ला युद्ध में उपयोग की जाने वाली वस्तुएं भी शामिल है। इसके अलावा वहां से २७ हज़ार रुपए नकद भी बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि गोईलकेरा और टोंटो थाना क्षेत्र के अलावा सोनुवा थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा लगातार नक्सली विरोधी अभियान चलाया जा रहा है।

## प्रवासी मजदूरों के लिए आमंत्रण पत्र

**गुमला (ससे):** लोकसभा चुनाव के सिलसिले में आगामी १३ मई को लोहरदगा संसदीय सीट के लिए मतदान की तिथि निर्धारित है। ऐसे में गुमला जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर स्वीप कोषांग के द्वारा ज़िले के बाहर जाकर कार्य कर रहे कुल ९०९३ प्रवासी मजदूरों के लिए आमंत्रण पत्र बनाएं गए हैं । इन आमंत्रण पत्रों को प्रवासी मजदूरों के पास वाट्सअप, ईमेल एवं उनके परिजनों तथा उनके पते पर भेजे जाएंगे।

# चुनाव तैयारियों में नहीं चलेगी बहानेबाजी : सीईओ



**गढ़वा (ससे):** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तैयारियों में कोई शिथिलता और बहानेबाजी नहीं चलेगी। गर्मी-धूप लग रही, तो माथे पर गमछा लगायें और क्षेत्र भ्रमण कर निरोधात्मक कार्रवाईयां सुनिश्चित करें। निर्वाचन कार्य की तैयारियों में बेहतर परिणाम चाहिए। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कही। वे शुक्रवार को लोकसभा चुनाव २०२४ के तहत पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले में अबतक की गई तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

गढ़वा जिले के समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अवैध शराब की बिक्री एवं आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निदेश दिया। उन्होंने संपूर्ण जिला क्षेत्र के साथ-साथ बॉर्डर क्षेत्र के प्रखंड एवं थाना क्षेत्रों में सघन छापेमारी एवं जांच अभियान चलाकर संलिप्त आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होंने उत्पाद अधीक्षक को अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ समन्वय कर संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए २२ अप्रैल २०२४ तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने का निदेश दिया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने शस्त्र जमा कराने की कार्रवाई में गति लाने का निर्देश दिया। शस्त्र जमा नहीं करने वालों की शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द करने का निर्देश दिया। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की स्थिति पर कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने निर्वाचन के कार्यों में लगे वाहनों का प्रबंधन ससमय करने का भी निर्देश दिया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मतदान केन्द्रों पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मतदान केंद्र का मैपिंग करते हुए एएनएम, जीएनएम सहिया आदि की तैनाती कर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराये, ताकि मतदान के दिन मतदान कर्मियों एवं मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाताओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान हो सके।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस बार दिन भर मतदान होगा। सभी मतदान केंद्रों पर सुबह ७ बजे से शाम ५ बजे तक मतदान होना है। उन्होंने अंतरराज्यीय एवं अंतरजिला चेक पोस्ट पर विशेष निगरानी रखते हुए सघन जांच कराने का निर्देश दिया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि गर्मी का मौसम है। पानी की समस्या सामने आने लगी है, ऐसे में मतदान केन्द्रों पर पेयजलापूर्ति की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित करें। पानी की किल्लत वाले मतदान केन्द्रों पर टैंकर से भी पेयजलापूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए. वी. होमकर ने सभी हिस्ट्रीशीटर, किंगपिन एवं वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उन्हें पकड़ने संबंधी कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी, इवीएम, मतदाता, सुरक्षा बल सहित सभी की सुरक्षा हम सभी की प्राथमिकता है। उन्होंने अपराधी, असामाजिक तत्वों, उपद्रवियों सहित निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया।

साथ ही भगोड़े एवं विभिन्न जगहों पर छिपे हुए अपराधियों के विरुद्ध कुर्की जब्ती सहित अन्य कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने सोशल मीडिया सेल को एक्टिव रखते हुए २४ घंटे कड़ी निगरानी रखने का निदेश दिया। साथ ही आपत्तिजनक एवं फेक न्यूज़ पोष्ट पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

लोकसभा चुनाव २०२४ को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने स्वीप कार्यक्रम के तहत गढ़वा समाहरणालय परिसर से पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले के लिए मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एलईडी युक्त इस रथ के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जायेगा। समीक्षा बैठक में एसटीएफ के डीआईजी इन्द्रजीत महथा, पलामू प्रक्षेत्र के आईजी नरेन्द्र कुमार सिंह, डीआईजी वाइएस रमेश, गढ़वा जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय स्वीप के राज्यस्तरीय प्रभारी देवदास दत्त सहित निर्वाचन कार्य से संबंधित सभी पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## गुमला जिले में 91.86 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण

**गुमला (ससे):** झारखण्ड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा राज्य के सरकारी और संबद्ध निजी विद्यालयों में वर्ष २०२३-२४ के दौरान मैट्रिक में पंजीकृत छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया। इसमें गुमला जिले के छात्र छात्राओं के परिणाम ने पिछले वर्ष की तुलना में राज्य में १७वीं रैंक से ७वे रैंक का सफर तय करते हुए राज्य में शिक्षा के स्तर में एक बेहतर उपलब्धि हासिल की है। इस बार की मैट्रिक परीक्षाओं में गुमला जिले में ९१.८६ फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं जो की राज्य के औसतन अंक से अधिक है, एवं गुमला जिले ने राज्य में ७वां स्थान हासिल किया। इस वर्ष जिले में ६५५७ छात्रों एवं ७३७३ छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में भाग लिया जिसमें से कुल २८७९ छात्र एवं ३६७९ छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया।

तथा ४७.०७८ प्रतिशत विद्यार्थियों ने इस बार मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं २७५९ छात्र एवं ३०२१ छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए तथा २५५ छात्र एवं ४५९ छात्राएं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। गौरतलब है कि गुमला जिले में २०२३ में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के दिशा निर्देश से प्रारंभ हुए डसिकछा कर भेंटड़ गतिविधि के तहत मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में सुधारात्मक परिणाम हेतु लगातार कई गतिविधि करते हुए विद्यार्थियों के शिक्षा के स्तर को बेहतर करने का प्रयास किया गया जिसके परिणाम स्वरूप राज्य स्तर में पिछले वर्षों को तुलना में जिले को एक अच्छी उपलब्धि प्राप्त हुई। इस मौके पर जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को बधाई दी है ।

# अमरोहा केवल ढोलक नहीं, देश का डंका भी बजाता है: पीएम मोदी



**अमरोहा (ईएमएस):** अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजाता है। क्रिकेट की दुनिया और वर्ल्ड कप में भाई मोहम्मद शामी ने जो कमाल किया, वो पूरी दुनिया ने देखा है। क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार ने उन्हें अर्जुन अवार्ड से नवाजा है और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार यहां के युवाओं के लिए स्टेडियम भी बनवा रही है। यह बात यूपी के अमरोहा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कही।

देश में लोकसभा चुनाव का आगाज शुक्रवार से शुरूआत हो गया है। पहले चरण का मतदान जारी है। इसी बीच यूपी के अमरोहा में दौरे पर पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने एक चुनावी जनसभा की शुरूआत राम-राम से की। उन्होंने कहा कि आज पहले चरण का मतदान हो रहा है। उन्होंने कहा आज ये लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का बहुत बड़ा दिन है। मेरा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि संविधान से मिले इस अधिकार का उपयोग जरूर करें।

पीएम मोदी ने कहा कि विशेषकर मैं अपने युवाओं से कहना चाहूंगा जो पहली बार वोट डालने जा रहे हैं कि वे ऐसा मौका हाथ से ना जाने दें, वो जरूर वोट करें। पीएम मोदी ने कहा कि अमरोहा की एक ही थाप है-कमल छाप और अमरोहा का एक ही स्वर है- फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने आगे कहा कि अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजाता है। क्रिकेट की दुनिया और वर्ल्ड कप में क्रिकेटर भाई मोहम्मद शामी ने जो कमाल किया, वो पूरी दुनिया ने देखा है। मोहम्मद शामी का क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है जिसके लिए केंद्र सरकार ने उन्हें अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया है और यूपी की योगी सरकार यहां के युवाओं के लिए स्टेडियम का निर्माण करवा रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि २०२४ का लोकसभा चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है। इस चुनाव में आप का एक एक वोट भारत के भाग्य को सुनिश्चित करने वाला है। बीजेपी गांव, गरीब के लिए विजन और बड़े लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रही है। लेकिन वहीं विपक्षी इंडिया गठबंधन के लोगों की सारी शक्ति गांव, देहात को पिछड़ा बनाने में लगती है। इस मानसिकता का सबसे बड़ा नुकसान अमरोहा और पश्चिमी यूपी जैसे क्षेत्रों को उठाना पड़ा है।

पीएम मोदी ने कहा कि बीजेपी सरकार देश में टेक्सटाइल इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए टेक्सटाइल पार्क का निर्माण कर रही है। इसका लाभ भी अमरोहा के गारमेंट उद्योग को मिलेगा। इससे ज्यादा से ज्यादा रोजगार पैदा होंगे और बेरोजगारी दूर होगी। बीजेपी सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना और मुद्रा योजना का लाभ भी यहां के लोगों को मिल रहा है। मोदी सरकार के पिछले १० वर्षों में जो कुछ भी किया है, वो तो केवल एक ट्रेलर है। अभी तो हमें यूपी और देश को बहुत आगे तक ले जाना है। इसके लिए आप सभी को मोदी का साथ देना होगा।

# आरा में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 3 की मौत



**पटना (एजेंसी):** बिहार के आरा में देर रात भीषण सड़क हादसा हुआ. यहां चरपोखरी थाना के मुकुंदपुर गांव के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से ३ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि १२ लोग घायल बताए जा रहे हैं. सभी घायलों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के मुताबिक, सभी लोग एक तिलक समारोह से लौट रहे थे. इस दौरान मुकुंदपुर के पास डायवर्शन था जहां ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई.

घटना के वक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली में २० से २५ लोग सवार थे. सभी मुकुंदपुर गांव के रहने वाले विनोद की बेटी फूला कुमारी के तिलक समारोह में गए थे. हादसे के बाद शादी की खुशी गम में तब्दील हो गई.

घटना के बारे में बताया जा रहा है कि अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के तिवारीडीह गांव से सभी लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली से मकुंदपुर गांव में तिलक समारोह में शामिल होने के लिए गए थे. देर रात २ बजे के आस-पास सभी लोग ट्रैक्टर ट्रॉली से ही वापस लौट रहे थे.

तब ही मकुंदपुर के समीप नाहर के गड्ढे में ट्रैक्टर अन्यंत्रित हो कर पलट गई, जिसमें ३ की मौत हो गई. दुर्घटना में जिन तीन लोगों की मौत हुई है, उसमें तिवारीडीह गांव निवासी भदई मुसहर और निर्मल मुसहर हैं. वहीं तीसरा मृतक मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव का रहने वाला है. सभी लोग लड़की पक्ष के बताए जा रहे हैं.

घटना को लेकर चरपोखरी थाना के ख्ख डीके निराला ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली पूरी तरह से पलट गई. घटना में तीन लोगों की मौत हुई है, जबकि कई लोग जख्मी हैं. सभी लोगों को एम्बुलेंस बुलाकर चरपोखरी पीएचसी और सदर अस्पताल भिजवाया गया. जहां उनका इलाज कराया जा रहा है.

# प्रधानमंत्री बेरोजगारी व विकास पर कुछ नहीं बोलते हैं : मीसा भारती



**पाटलिपुत्र (एजेंसी):** आरजेडी के पाटलिपुत्र से उम्मीदवार मीसा भारती ने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधने का काम किया. दरअसल, उन्होंने कहा कि पीएम मोदी लगातार बिहार आते हैं लेकिन किस तरह से विकास बिहार का होगा कब फैक्ट्री लगेगी कब बेरोजगारी दूर होगी इस पर कुछ नहीं बोलते है.मीसा भारती ने कहा कि ३९ सांसद पिछली बार यहां से जीत कर बिहार से गये.

गुजरात से २६ सांसद है सारा रोजगार गुजरात में है और बिहार में कितने सांसद हैं तो कुछ नहीं मिला. प्रधानमंत्री आते हैं बोल कर चले जाते हैं और उनके लोग भी चुपचाप देखते रहते हैं.

एक बार और मौका मांग रहे हैं कि दीजिए लेकिन यह बता नहीं रहे हैं कि अपने १० साल में कुछ नहीं किया तो फिर अगले ५ साल में क्या कीजिएगा. भाजपा भी कभी जीरो पर थी जीरो के बाद १,२,३,४ होता है. इस बार जनता ने तय कर दिया है इंडिया गठबंधन की जीत आएगी.

उन्होंने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी पर कहा कि उन्होंने पिता और पुत्री के रिश्ते को कैसे टिप्पणी की भाजपा के किसी नेता ने उनसे प्रश्न नहीं पूछा. सम्राट चौधरी से तुरंत इस्तीफा देना चाहिए उनको पता नहीं परिवार का मतलब क्या होता है. संस्कार क्या होता है वह व्यक्ति कैसे राजनीति कर सकता है. उसे राजनीति करने का अधिकार नहीं हो सकता. बीजेपी की हालत छपरा में खराब है हमारे पिताजी ने छपरा में काफी कुछ किया है. सभी लोग जानते हैं भाजपा डरी हुई है. हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष है कहीं भी जा सकते हैं वह ४० सीटों पर जा सकते हैं.

# वोटरों के चेहरे पर चमक, पहली बार किया मतदान



**पटना (एजेंसी):** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान शुरू हो चुका है. पहले चरण में बिहार की ४ सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं. कड़ी सुरक्षा के बीच बिहार के जुमई, गया, औरंगाबाद और गया लोकसभा सीट पर मतदान जारी है. पोलिंग बूथ पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं. इस चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले युवा भी बढ़ चढ़कर भाग ले रहे है. मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि बिहार में ७.६४ करोड़ वोटर हैं इनमें ९.२६ लाख फर्स्ट टाइम वोटर हैं. इसके अलावा ४ करोड़ पुरुष और ३.६ करोड़ महिला मतदाता है. साथ ही २१,६८९ वोटर की उम्र १०० साल से अधिक है.

लोकसभा चुनाव में बहुत से युवाओं ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया. शुक्रवार को पहले चरण में मतदान करने वाले युवा वर्ग में एक अलग ही उत्साह देखने को मिला. मतदान केंद्र कोई अपने माता-पिता के साथ आया तो कोई अपने दोस्तों संग आया. पहली बार मतदान करने की चमक युवाओं के चेहरे से स्पष्ट ही झलक रही थी. केंद्र में हर कोई अपने मनपसंद उम्मीदवार को वोट कर रहा है.

प्रशासन ने मतदान केंद्रों पर सेल्फी जोन बनाएं है. सेल्फी बूथ पर मतदाता मतदान के बाद सेल्फी लेते दिखाई दिए. वहीं पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं में भी मतदान को लेकर उत्साह दिखाई दिया. पहली बार मतदान कर रही काजल ने बताया कि उन्होंने पहली बार मतदान किया है. मतदान को लेकर उनके मन में जिज्ञासा थी और मतदान करने से पहले सभी प्रत्याशियों के संबंध में जानकारी ली. उसके बाद मतदान किया.

जमुई निवासी १८ वर्षीय मधु ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि जिला स्वच्छ हो और सुविधाएं बढ़े यह सोचकर मतदान किया है. नवादा निवासी विजय झा ने कहा कि पहली बार ईवीएम पर बटन दबाकर मतदान करने का अनुभव रोमांचक रहा. गया निवासी अलका झा ने पहली बार मतदान किया. उन्होंने बताया कि १८ साल होने के पहले से ही मतदान के लिए उत्साह था, कि कब मैं १८ पूरा करें और अपनी पसंद की सरकार चुनने का मौका मिले. लोकतंत्र में यह सिस्टम बहुत अच्छा है कि हमें हर पांच साल में सरकार चुनने का मौका मिलता है. जनता अपने मताधिकार द्वारा सरकार बदल सकती है.

औरंगाबाद के युवा मतदाता निशांत कुमार ने कहा कि हमें यह भी समझना होगा कि जब हम मतदान नहीं करते तो हम निर्वाचित सरकार से सवाल करने का नैतिक हक भी खो देते हैं, क्योंकि उस सरकार के चुनाव में हमने भागीदारी नहीं निभाई. मतदान ही हमारे पास एकमात्र अस्त्र है, जिसके माध्यम से पिछली सरकार के रिपोर्ट का मूल्यांकन कर सकते हैं और उसे दोबारा मौका दे सकते हैं या हटा सकते हैं. इसलिए सभी युवा और हर बुजुर्ग को मतदान करना चाहिए.

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह (कार्मिक कोषांग)

ई-मेल :– electionkarmikgrd@gmail.com

–:आदेश:–

लोकसभा आम चुनाव 2024 एवं 31–गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव–2024 के सफल संचालन हेतु पीठासीन पदाधिकारी/प्रथम मतदान पदाधिकारी/द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु कार्यक्रम (दिनांक 16.04.2024 को) निर्धारित की गयी थी, जिसमें पत्र के साथ संलग्न सूची में अंकित कर्मी निर्धारित प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं हुए, जो चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही का द्योतक है।

अतः प्रेस विज्ञप्ति निर्गत तिथि से तीन दिनों के अन्दर अपना स्पष्टीकरण कार्यालय प्रधान के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें कि क्यों नहीं आपके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत् कार्रवाई की जाय?

| S.No. | PIN_NO | DUTY | Officer_NAME | OFFICER DESIGNATION | OFFICE NAME | REMARKS |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | 341912687 | 1st Polling Officer | SACHIN KUMAR | P.A GIRIDIH H.O. | Post Office Giridih | AB |
| 2 | 341912689 | 3rd Polling Officer | RAMESH HEMBROM | SWASTHY SEWAK CHC GAWAN | C.H.C Gawan | AB |
| 3 | 341912941 | 1st Polling Officer | MAHESH PRASAD | JANSEWAK-BAO, BDO OFFICE DUMRI | B.D.O Office Dumri | AB |
| 4 | 341912985 | Presiding Officer | PANKAJ SETH | SENIOR SCIENTIST & HEAD BENGAB | Krishi Vigyan Kendra Bengabad | AB |
| 5 | 341912987 | Presiding Officer | NAVIN KUMAR | SCIENTIST (PLANT PROTECTION) | Krishi Vigyan Kendra Bengabad | AB |
| 6 | 341912997 | 1st Polling Officer | JAYANTI PRASAD MANDAL | PANCHAYAT SEWAK BAGODAR BLOCK | B.D.O Office Bagodar | AB |
| 7 | 341912998 | 1st Polling Officer | MITHLESH PD KUSHWAHA | PANCHAYAT SEWAK BAGODAR BLOCK | B.D.O Office Bagodar | AB |
| 8 | 341913120 | 1st Polling Officer | SARBAJEET SINGH | CLERK BDO GAWAN | B.D.O Office Gawan | AB |
| 9 | 341913170 | 1st Polling Officer | ASHOK KUMAR VERMA | LDC SDO OFFICE GIRIDIH | S.D.O Office Giridih | AB |
| 10 | 341913227 | 3rd Polling Officer | BALESHWAR TURI | CHAUKIDAR C.O OFFICE JAMUA | Circle Office Jamua | AB |
| 11 | 341913230 | 3rd Polling Officer | NAKUL D VERMA | CHAUKIDAR C.O OFFICE JAMUA | Circle Office Jamua | AB |
| 12 | 341913231 | 3rd Polling Officer | BAIJNATH MAHTO | CHAUKIDAR C.O OFFICE JAMUA | Circle Office Jamua | AB |
| 13 | 341913233 | 3rd Polling Officer | SUDHIR KR SINGH | CHAUKIDAR C.O OFFICE JAMUA | Circle Office Jamua | AB |
| 14 | 341913235 | 3rd Polling Officer | GANGO DUSADH | CHAUKIDAR C.O OFFICE JAMUA | Circle Office Jamua | AB |
| 15 | 341913248 | 3rd Polling Officer | DASHRATH PDVERMA | CHAUKIDAR C.O OFFICE JAMUA | Circle Office Jamua | AB |
| 16 | 341913315 | 3rd Polling Officer | PRASADI TURI | CHAUKIDAR CIRCLE OFFECE DEORI | Circle Office Deori | AB |
| 17 | 341913366 | 3rd Polling Officer | MUKHLAL PASWAN | CHAUKIDAR CIRCLE OFFECE DEORI | Circle Office Deori | AB |
| 18 | 341913371 | 1st Polling Officer | ARVIND KUMAR MURMU | RC L.I.C GIRIDIH | L.I.C Office Giridih | AB |
| 19 | 341913415 | 3rd Polling Officer | MD HABIBI ANSARI | CHAUKIDAR CIRCLE OFFECE DEORI | Circle Office Deori | AB |
| 20 | 341913433 | Presiding Officer | SURAJ PRAKASH | ADMINISTRATIVE OFFICER | Central GST Office Giridih | AB |
| 21 | 341913435 | 1st Polling Officer | NAWAL KISHORE DAS | HEAD HAVILDAR | Central GST Office Giridih | AB |
| 22 | 341913787 | Presiding Officer | HRUSHIKESH RAY MOHAPATRA 90339805 | DY MANAGER (CIVIL) | C.C.L Giridih | AB |
| 23 | 341913792 | 3rd Polling Officer | MD ISLAM 11083896 | MAZDOOR CAT-1 | C.C.L Giridih | AB |
| 24 | 341913794 | 3rd Polling Officer | SRI RAJU PRASAD YADAV 61382027 | MAZDOOR CAT-1 | C.C.L Giridih | AB |
| 25 | 341913807 | 3rd Polling Officer | JITENDRA KUMAR TURI | CHAUKIDAR CIRCLE OFFICE GAWAN | Circle Office Gawan | AB |
| 26 | 341913814 | 3rd Polling Officer | SUNDAR TURI | CHAUKIDAR CIRCLE OFFICE GAWAN | Circle Office Gawan | AB |
| 27 | 341913825 | 3rd Polling Officer | SHANKAR SAW | CHAUKIDAR CIRCLE OFFICE, GAWAN | Circle Office Gawan | AB |
| 28 | 341913898 | 3rd Polling Officer | GULAB TURI | CHAUKIDAR CIRCLE OFFICE DUMRI | Circle Office Dumri | AB |
| 29 | 341913909 | 1st Polling Officer | RITESH KUMAR SINHA | RSI CIRCLE OFFICE DHANWAR | Circle Office Dhanwar | AB |
| 30 | 341913914 | 1st Polling Officer | AVINASH AFFRED MARANDI | LDC CIRCLE OFFICE DHANWAR | Circle Office Dhanwar | AB |
| 31 | 341914020 | 1st Polling Officer | JITENDRA KUMAR CHOUDHARY | POSTAL ASSISTANT GIRIDIH H.O | Post Office Giridih | AB |
| 32 | 341914372 | Presiding Officer | KAMLA PRASAD SINGH | CO OPERATIVE EXTENSION OFFICER | Asst. Registrar Co-Operative Society | AB |
| 33 | 341914384 | Presiding Officer | SANTOSH KUMAR | BLOCK SUPPLYA OFFICER | Dist. Supply Office Giridih | AB |
| 34 | 341914399 | 1st Polling Officer | ABDUL SAMAD | A.T.MADRSA JAMIA HUSAINIYA GRD | D.E.O,Giridih(Giridih) | AB |
| 35 | 341914444 | 1st Polling Officer | KAMDEO PRASAD YADAV | A.T SIR JC BOSE GIRLS | D.E.O,Giridih(Giridih) | AB |
| 36 | 341914609 | 1st Polling Officer | VIKASH KUMAR | A.T. +2 COLLIERY HIGH SCHOOL B | D.E.O,Giridih(Giridih) | AB |
| 37 | 341914626 | 1st Polling Officer | ARBIN KUMAR | A.T. +2 HIGH SCHOOL GANDEY | D.E.O,Giridih(Gandey) | AB |

ह0/–
वरीय पदाधिकारी
कार्मिक कोषांग, गिरिडीह

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, गिरिडीह।

PR.NO.323910 Election(24-25):D

# जनता जानती है डबल इंजन की सरकार बनने से बिहार का भला होगा : संजय झा



**पटना (एजेंसी):** बिहार में पहले चरण में चार लोकसभा सीटों औरंगाबाद, नवादा, गया और जमुई में मतदान होगा. इन चारों सीटों पर ३८ प्रत्याशी चुनावी मैदान में है. आज शुक्रवार को लोकसभा सीटों पर ७६.०१% लाख से ज्यादा मताधिकार मतदान करेंगे. आज हो रहे मतदान पर जेडीयू राज्यसभा सांसद संजय झा ने कहा कि चारों जगह पर हम लोग गए हैं, चारों जगह वन साइड इलेक्शन है.

संजय झा आगे बोले कि लोगों को पता है कि केंद्र में किसकी सरकार बनानी है और बिहार का इंटरेस्ट कितना है. बिहार के लोगों के लिए नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार ड्रीम कॉम्बिनेशन है. बिहार की जनता चाहती है कि दोनों लोगों के साथ आने से बिहार और देश का बड़ा कल्याण होगा. उसी के नाम पर लोग वोट करें.

वहीं तेजस्वी के चौंकाने वाले रिजल्ट के बयान पर संजय झा ने कहा कि उनके लिए बेहद चौंकाने वाले रिजल्ट होंगे. खरगे और राहुल के आने पर कहा कि चुनाव है सभी आएंगे. लेकिन बिहार में हम घूम रहे हैं. निश्चित तौर पर जो चुनाव हो रहा है. वह लोगों को पता है कि डबल इंजन की सरकार बनने से बिहार का भला होगा. दूसरे साइड में कोई चेहरा है, ना कोई नॉरेटिव है.

किसको क्या बनना चाहते हैं देख रहे हैं, एक आदमी दिल्ली के जेल में है, क्या-क्या कहानी आ रही है, सब तो इस अलाएंस के लोग हैं इसलिए मुझे नहीं लगता है कुछ होगा.

वहीं आज से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी का भी कार्यक्रम बांका और भागलपुर में शुरू है. मुख्यमंत्री सेकंड फेस के पांच सीटों के चुनाव प्रचार में जा रहे है. तेजस्वी के सभा में चिराग पासवान की मां को गाली देने के सवाल पर संजय झा ने कहा कि यह बहुत ही गलत है. राजनीति में कोई पर्सनल लेवल पर जाकर राजनीतिक लड़ाई नहीं लड़नी चाहिए. लेकिन यह आरजेडी का कल्चर रहा है. १५ साल का इतिहास बिहार और बिहारियों को बदनाम करने का इतिहास है, काला अध्याय है. बिहार के लिए जब उनका शासन था और फिर वह इस काले अध्याय में बिहार को ले जाना चाहते हैं.

तेजस्वी के ये कहने की नीतीश कुमार को बंधक बना के रखा है बीजेपी वालों ने, नीतीश कुमार मुख्यमंत्री है बिहार के चुनाव प्रचार के जनता के मैंडिट के मुख्यमंत्री हैं. जनता ने उनको वोट दिया है. १८ साल से वोट देकर बिहार के सेवा करने का मौका दिया है.

## पूर्व मध्य रेल

### ई – खुली निविदा सूचना

ई खुली निविदा संख्या: एसजी–664–1–ई–धनबाद–2024–25

मुहरबंद निविदाएं भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य निष्पादन हेतु आमंत्रित किया जाता है।

**i) कार्य का नाम एवं स्थान और कार्य पूर्ण करने की अवधि :** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल के कुमंडी (KMND) - बरवाडीह (BRWD) के बीच स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली का प्रावधन। खण्ड (धनबाद मंडल)। बारह (12) महीना। **ii) अनुमानित लागत :** रूपये 26,37,88,551.63 (मात्र छब्बीस करोड़ सैंतीस लाख अट्ठासी हजार पांच सौ इक्यावन और तिरसठ पैसे मात्र), **iii) अग्रधन जो जमा करना है :** अग्रधन राशि रूपये 14,69,000/– (मात्र चौदह लाख उनसठ हजार रूपये मात्र), **iv) निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय खोलने की तिथि एवं समय :** 14/05/2024 अपराह्न 12.00 तक एवं 14/05/2024 अपराह्न 12.30 बजे, **v) वेब साईट एवं सूचना पट्ट का विवरण जहाँ से निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सके और कार्यालय का पता जहाँ से निविदा फार्म खरीदा एवं जमा किया जा सकता है :** www.ireps.gov.in, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता/पूर्व मध्य रेल/ हाजीपुर का कार्यालय सूचना पट्ट एवं उप–मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य)/पूर्व मध्य रेल, धनबाद के कार्यालय सूचना पट पर और प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता/पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर एवं उप–मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य)/ द्वितीय तल, डी आर एम कार्यालय/पूर्व मध्य रेल, धनबाद के कार्यालय से खरीदे जा सकते हैं।

उप–मुख्य मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य) / धनबाद

पीआर/113/डीएचएन/टी/24–25/48

# मौसम विभाग ने लू से बचने की दी सलाह



**पटना (एजेंसी):** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार बिहार की ४ सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं. गया, नवादा, औरंगाबाद और जमुई सीट पर सुबह ७ बजे से ही वोटिंग जारी है. मतदान को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं. इस चरण की चारों सीटों पर ३८ उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जिनमें से ६ कैंडिडेट राष्ट्रीय पार्टियों से हैं. वहीं क्षेत्रीय दलों से ५ उम्मीदवार शामिल हैं. इसके अलावा १३ कैंडिडेट निर्दलीय हैं और १४ अन्य निबंधित दलों के प्रत्याशी भी भाग्य आजमा रहे हैं. पोलिंग बूथ पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं. चुनावी सरगर्मी के बीच मौसम के तेवर भी तल्ख हैं. ऐसे में चुनाव के दिन मौसम का मिजाज गर्म रहेगा. इस बीच मौसम विभाग की ओर से लू को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है.

मौसम विभाग के मुताबिक, चारों लोकसभा सीटों पर गर्मी का प्रकोप देखने को मिल सकता है. इन क्षेत्रों में अधिकतम तापमान ४० से ४२ डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है. वहीं १० से २० किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म पछुआ भी चलने की आशंका जताई गई है. मौसम विभाग की ओर से मतदाताओं से छाते का इस्तेमाल करने और सूती कपड़े पहनकर घरों से बाहर निकलने की अपील की है. साथ ही खीरा, ककड़ी, तरबूज आदि का अधिक से अधिक इस्तेमाल करने की भी सलाह दी गई है.

तेज पछुआ हवा के कारण नदी में नाविकों तथा उससे यात्रा करने वाले यात्रियों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है. बता दें कि गुरुवार (१८ अप्रैल) को राजधानी का अधिकतम तापमान ३९.४ डिग्री सेल्सियस रहा. ४१.१ डिग्री सेल्सियस के साथ शेखपुरा प्रदेश का सबसे गर्म रहा. वहीं गोपालगंज, सिवान, बक्सर, कैमूर, शेखपुरा, नवादा, लखीसराय, गया और जमुई जिले के एक या दो स्थानों पर लू को लेकर चेतावनी जारी की गई है.

# व्यवसायी हत्याकांड में पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह दोषी करार

**छपरा(एजेंसी):** पानापुर स्थित तुर्की के व्यवसायी शत्रुघ्न प्रसाद की हत्या के २८ वर्षों के बाद एमपी एमएलए कोर्ट ने मसरख के पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को दोषी करार किया है. हत्या के मामले में दोषी करार दिए जाने के बाद विशेष एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे ७ में सजा की बिंदु पर २९ अप्रैल को सुनवाई के लिए समय तय की है. साथ ही पूर्व विधायक को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है.घटना के संबंध में बता दें कि १० जनवरी १९९६ को शाम ४:३० बजे तत्कालीन विधायक तारकेश्वर सिंह अपने निजी अंगरक्षक रुस्तम खान और सहयोगी देवनाथ राय के साथ तुर्की बाजार पर पहुंचे और शत्रुघ्न प्रसाद नामक व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी.

# आईआईटी कानपुर में बना स्वदेशी स्मार्ट वेंटीलेटर

**कानपुर (ईएमएस):** आईआईटी कानपुर के इनक्यूबेशन सेंटर से जुड़े स्टार्टअप, नोक्कर्क ने स्मार्ट स्वदेशी वेंटीलेटर तैयार किया है। चिकित्सा के क्षेत्र में अति गंभीर मरीजों के लिए संजीवनी की तरह जीवन रक्षक साबित होगा। इस वेंटीलेटर से गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती मरीज की रियल टाइम जानकारी, विशेषज्ञ डॉक्टर को २४ घंटे मिलती रहेगी। इस वेंटीलेटर और इसकी तकनीकी का पेटेंट हो चुका है। पुणे स्थित इस स्टार्टअप कंपनी को चिकित्सा के क्षेत्र में स्टार्टअप के रूप में केंद्र सरकार के दो मंत्रालयों से अनुदान दिया गया है। मोबाइल ऐप पर लोगिन करने के साथ ही वेंटीलेटर के मरीज की सारी जानकारी विशेषज्ञ चिकित्सक को मिलती रहेगी।

# कश्मीर में हथियार पहुंचाने के लिए लश्कर ने पैटर्न बदला

### खालिस्तानी पंजाब के रास्ते पहुंचा रहे हथियार



**नई दिल्ली (ईएमएस):** पाकिस्तान पोषित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने कश्मीर में अपने आतंकियों तक घातक हथियारों और विस्फोटक पहुंचाने के अपने पैटर्न में बदलाव किया है। पहले जहां पाकिस्तान से सीधे कश्मीर हथियार व विस्फोटक पहुंच रहे थे, वहीं अब यह हथियार पाकिस्तान से वाया पंजाब होकर कश्मीर में लश्कर के आतंकियों तक पहुंच रहे हैं।

आतंकी संगठन लश्कर के आतंकियों तक हथियारों की आपूर्ति का काम बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े खालिस्तानी आतंकी द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। खालिस्तानी आतंकी द्वारा देश में अन्य आतंकी संगठनों के स्लीपर सेल नेटवर्क तक पहुंचाने के बारे में खुफिया एर्जेसियों को इनपुट मिला है। खुफिया जांच एर्जेसियों ने सुरक्षा जांच एर्जेसियों को लश्कर कमांडर जुनैद के कश्मीर आने व स्लीपर सेल एक्टिव कर कुलगाम में गुप्त बैठक करने की सूचना दी थी।

बब्बर खालसा का वांटेड खालिस्तानी आतंकी रमनदीप सिंह उर्फ रमन पंजाब के फिरोजपुर का रहने वाला है। रमनदीप सिंह उर्फ रमन को एनआईए ने भगोड़ा घोषित किया हुआ है और वह एक वांटेड आतंकी है। एनआईए की केस फाइलों से पता चलता है कि रमन पहले देसी पिस्तौल व कई अन्य हथियारों की देशभर में तस्करी करता था। रमन अभी फरार चल रहा है।


बब्बर खालसा इंटरनेशनल और खालिस्तान लिब्रेशन आर्मी के लिए काम करने वाले खालिस्तानी आतंकी रमनदीप सिंह उर्फ रमन ने अपने तस्करी नेटवर्क के जरिये पाकिस्तान से घातक हथियार व आईईडी मंगवाए थे। रमन के नेटवर्क का इस्तेमाल करते हुए लश्कर ने पंजाब में हथियार खरीदे और इन्हें कश्मीर में लश्कर तक पहुंचाया।

जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल ३७० हटने के बाद बीएसएफ व अन्य सुरक्षा एर्जेसियों की सख्ती का असर दिखने लगा है। खुफिया एर्जेसियों से जुड़े सूत्रों के अनुसार लश्कर-ए-तैयबा ने कश्मीर में छिपे अपने स्लीपर सेल के आतंकियों तक हथियार आपूर्ति के पैटर्न को बदला है। अब आतंकी संगठन अपने आतंकियों तक हथियारों की आपूर्ति के लिए पाकिस्तान पोषित एक अन्य आतंकी संगठन बीकेआई की मदद ले रहा है।

अब कश्मीर में हथियार पाक से सीधे नहीं पहुंच रहे, बल्कि उन्हें पहले पाक से तस्करी के जरिये पंजाब भिजवाया जा रहा है और पंजाब से खालिस्तानी आतंकी कश्मीर में हथियार पहुंचा रहे हैं।

# गुरु की इच्छा हो तो वह मुझे पास कर देंगे

## एक बच्चे ने हिंदी में लिखा मेरी कॉपी गुरु को दे दी है



**नई दिल्ली (ईएमएस):** सभी राज्यों में बोर्ड एग्जाम निपट चुके हैं और इस वक्त टीचर्स छात्रों की कॉपियां जांच रहे हैं। कॉपी में नोट रखने के साथ ही एक पन्ने पर बच्चे ने हिंदी में लिखा है कि मेरी कॉपी गुरु को दे दी है अगर उनकी इच्छा हो तो वह मुझे पास कर देंगे। वीडियो में देखा जा सकता है कि कॉपी के सभी पेज खाली हैं। ये सब देखने के बाद टीचर आंसर शीट पर जीरो लिख देता है और कहता है कि ये सब करने से पास नहीं होते हैं।

इनमें ज्यादातर आंसरशीट में तो सवालों के उत्तर हैं लेकिन कुछ में छात्रों ने पास होने के लिए उत्तर लिखने की जगह दूसरी जुगाड़ लगाने की कोशिश की है। इस वक्त इंटरनेट पर एक ऐसा ही वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें शिक्षक एक स्टूडेंट की कॉपी खोलकर एक-एक पेज दिखा रहे हैं। और इस कॉपी में जो निकलता है उसे देखकर शिक्षक हैरान हैं। एक स्टूडेंट ने कॉपी में २०० रुपये का नोट रखकर पास कराने की सिफारिश लगाई है।

इस क्लिप को इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया है। इसके साथ लिखा गया है कि छात्र परीक्षाओं में चीटिंग करना चाहते हैं। वीडियो में एक टीचर कॉपी चेक कर रहा है और कैमरा बच्चे की कॉपी पर जूम करता है। टीचर बताता है कि बच्चे ने सवाल को ही उत्तर पुस्तिका पर लिख दिया है और उसी के बगल में अगले पेज पर २०० रुपये का एक नोट चुपचाप पेज के भीतर छिपाया है।

ये वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है और इसे अभी तक १ करोड़ १० लाख से भी ज्यादा बार देखा जा चुका है और लोग इस पर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा सेक्शन डी का टॉप। दूसरे ने कहा वो तो ठीक है लेकिन रिफंड मिला या नहीं। एक अन्य ने मजाक में लिखा सर कम से कम शायरी के ही नंबर दे दीजिए। चौथे ने लिखा सर कम से कम रिफंड तो दे दो अब इतनी बेइज्जती के बाद भी क्या बच्चे को पास नहीं करेंगे।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह आयोजित हुआ

रांची (ससे): रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को मिलन समारोह आयोजित हुआ । इस दौरान डोमचांच प्रखंड के वर्तमान एवं पूर्व प्रमुखों तथा कई पंचायत प्रतिनिधियों ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी समेत अन्य नेताओं के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । इस अवसर पर श्री मरांडी ने विपक्ष पर नकारात्मक राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा विकास की राजनीति पर भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और पार्टी नीतियों की वजह से लोगों का भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है।

# ब्राउन शुगर के साथ शख्स गिरफ्तार

**रांची (ससे):** रांची में पुलिस नशे के कारोबारी के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है । इस सिलसिले में पुलिस ने गुप्त सूचना पर सुखदेव नगर थाना क्षेत्र से ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है । उसके पास से तकरीबन २६ ग्राम शुगर बरामद किया गया साथ ही मोबाइल भी ज़ब्त किया गया ।

# एसयूसीआई, कम्युनिस्ट ने छह लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया

**रांची (ससे):** एस यू सी आई, कम्युनिस्ट ने राज्य की छह लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया । राजधानी रांची मे शुक्रवार को पार्टी पदाधिकारियों की बैठक के बाद बताया गया कि रांची लोकसभा क्षेत्र से मिंटू पासवान पार्टी के उम्मीदवार होंगे। धनबाद से राजीव तिवारी, गोड्डा से कालीपद मुर्मू, जमशेदपुर से सोनोका महतो और पलामू से महेंद्र बैठा प्रत्याशी होंगे । सिंहभूम से पानमोनी सिंह मुंडा को उम्मीदवार बनाया गया है ।

# अफीम खेती से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की उच्च न्यायालय में हुई सुनवाई , रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने का आदेश

**रांची (ससे):** खूंटी में अफीम खेती से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। अदालत ने इस मामले में गृह सचिव, डीजीपी और डीजी सीआईडी के साथ नारकोटिक्स ब्यूरो के अधिकारी को प्रतिवादी बनाया है। अदालत ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि जिस प्रकार से नशे का कारोबार बढ़ता जा रहा है यह सभ्य समाज के लिए ठीक नहीं है । अदालत ने इसकी रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने का आदेश दिया। मामले की विस्तृत सुनवाई ७ मई को होगी।

# अमेरिका के एक शहर का लगातार तीसरी बार मेयर बना यह गुजराती

**अहमदाबाद (ईएमएस):** अमेरिका में एक और गुजराती ने डंका बजा दिया है। सौराष्ट्र के राजकोट जिले के उपलेटा के मूल निवासी नरेश सोलंकी अमेरिका के एक शहर के लगातार तीसरी बार मेयर बनकर गुजरात समेत देश का नाम रौशन किया है। राजकोट जिले के उपलेटा के सोरठिया आहिर समाज के नरेश सोलंकी सपरिवार वर्षों से अमेरिका के केलिफोर्निया में निवास करते थे। वर्ष १९८८ में उनका परिवार अमेरिका के सेरोटिस शहर में स्थायी हो गया। वर्ष २००७ से २०१५ तक नरेश सोलंकी प्लानिंग कमिश्नर रहे और उसके बाद २०१५ में सेरोटिस सिटी के काउंसिल चुने गए। वर्ष २०२० में दोबारा निर्वाचित हुए। वर्ष २०१६ और २०१८ में मेयर प्रोटेम और वर्ष २०१९ और २०२० में मेयर बने। नरेश सोलंकी के लगातार तीसरी बार मेयर बनना साबित करता है कि वह अमेरिका में कितने लोकप्रिय हैं। नरेश सोलंकी का परिवार अपनी मातृभूमि का ऋण अदा करने के लिए पिछले २१ वर्षों से उपलेटा में हर दिसंबर महीने में मेगा मेडिकल कैम्प का आयोजन करता है।

# बाबा रामदेव को आदेश, सभी शिकायतकर्ता को मामले में पक्षकार बनाएं

**नई दिल्ली (ईएमएस):** बाबा रामदेव ने कोविड महामारी के दौरान एलोपैथिक दवाईयों को लेकर की गईं कथित टिप्पणियों के मामले में आपराधिक कार्रवाई पर रोक की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव को उनके खिलाफ शिकायत करने वाले सभी शिकायतकर्ता को मामले में पक्षकार बनाने का निर्देश दिया है। पटना और रायपुर के आईएमए ने साल २०२१ में बाबा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि बाबा की कथित टिप्पणियों से लोगों को एलौपैथिक दवाईयों से मोहभंग हुआ और लोगों ने सही से इलाज नहीं कराया। इसकारण कोरोना को नियंत्रित करने में परेशानी हुई। बाबा की याचिका पर सुनवाई कर जस्टिस सुंदरेश और जस्टिस वराले की पीठ ने शिकायतकर्ताओं को पक्षकार बनाने को कह दिया। कोर्ट ने मामले पर सुनवाई गर्मियों की छुट्टियों के बाद तक के लिए टाल दी है।

बिहार सरकार की ओर से कोर्ट में पेश हुए वकील ने कहा कि उन्हें मामले में जवाब दाखिल करने के लिए कुछ और समय चाहिए। बाबा ने अपनी याचिका में केंद्र सरकार, बिहार सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार और आईएमए को पक्षकार बनाया हुआ है। बाबा रामदेव ने साल २०२१ में अपने एक बयान में कहा था कि वे एलोपैथिक दवाओं पर विश्वास नहीं करते हैं। बाबा रामदेव के बयान से नाराज होकर उनके खिलाफ कई मामले दर्ज हुए थे।

# कालीघाट मंदिर पहुंचे राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद, शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रार्थना की

**कोलकाता (ईएमएस):** बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने मतदान के दिन शुक्रवार सुबह कोलकाता के प्रसिद्ध कालीघाट मंदिर में पहुंचकर उत्तर बंगाल की तीन लोकसभा सीटों पर हो रहे चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रार्थना की। इसके बाद राज्यपाल राजभवन में शुरु हुए पीस रूम (शांति कक्ष) में बैठकर सुबह से ही तीनों लोकसभा क्षेत्रों कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार के घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं।

कालीघाट मंदिर से निकलते समय राज्यपाल ने कहा कि वे आज पूरे दिन भर पीस रूम में ही रहकर घटनाक्रम पर नजर रखने वाले है। मैं पीस रूम में लोगों के लिए ईमेल और टेलीफोन पर चौबीसों घंटे उपलब्ध हूं। राजभवन के पीस रूम को इन तीनों क्षेत्रों से छिटपुट हिंसा, मतदान में बाधा, धमकियां आदि संबंधी लगातार शिकायतें भी मिल रही है।

राजभवन के अधिकारी ने बताया कि पीस रूम को इन तीनों क्षेत्रों से सुबह १० बजे तक १०० से अधिक शिकायतें मिल चुकी है। दरअसल, राज्य में चुनावी हिंसा को देखकर मतदाताओं में विश्वास जगाने के लिए राज्यपाल ने मतदान के दिन कूचबिहार में डेरा डालने की योजना बनाई थी, क्योंकि इस निर्वाचन क्षेत्र में पिछले विधानसभा और पंचायत चुनावों में हिंसा के सबसे ज्यादा मामले सामने आए थे।

## मप्र-छत्तीसगढ़ में तापमान 42 डिग्री

**नई दिल्ली (ईएमएस):** देश में कुछ राज्यों में तेज गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। वहीं, कुछ राज्यों में तेज बारिश, बर्फबारी और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने ६ राज्यों में तेज गर्मी के साथ बारिश की संभावना जताई है। इनमें मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और तमिलनाडु शामिल है। यहां तापमान ४२ डिग्री तक पहुंच गया था। इसके अलावा, गुजरात, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी तेज गर्मी का असर देखने को मिलेगा। वहीं, ५ राज्यों (ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु ) में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। उधर, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में तेज हवाओं के साथ बर्फबारी की संभावना जताई गई है। साथ ही दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार में ४० किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी और हवाएं चलने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में फिलहाल वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर देखने को मिल रहा है।

# सिलीगुड़ी में भाजपा विधायक के साथ पुलिस की धक्का-मुक्की

**जलपाईगुड़ी,(ईएमएस):** भाजपा विधायक शिखा चट्टोपाध्याय सुबह से ही पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मतदान केंद्रों में घूम रहीं थीं। कथित रुप से सिलीगुड़ी के एक बूथ के बाहर पुलिस ने जब उन्हें रोका तो उन्होंने धक्का-मुक्की शुरु कर दी। चुनाव आयोग ने इसे गंभीरता से लेते हुए विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

स्थानीय सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि जलपाईगुड़ी लोकसभा क्षेत्र के अनेक इलाके सिलीगुड़ी नगर पालिका क्षेत्र में आते हैं। ऐसे में विधायक शिखा चट्टोपाध्याय मतदान के दिन सुबह से ही पार्टी कार्यकर्ताओं को साथ ले इलाके में घूमने निकलीं थीं। कथित तौर पर पुलिस ने उन्हें सिलीगुड़ी नगर पालिका के वार्ड नंबर ३३ के एक बूथ के सामने रोकने की कोशिश की। इसके बाद बीजेपी विधायक ने पुलिस से नोकझोंक शुरु कर दी। पुलिस का कहना था कि बूथ के मतदाता को ही बूथ में प्रवेश दिया जाएगा, अन्य किसी को अंदर नहीं जाने दे सकते हैं। आरोप है कि शिखा ने इसे मानने से इंकार कर दिया और तब पुलिस ने उन्हें आगे जाने से रोका, जिस पर धक्का-मुकी भी हो गई। इस घटना पर चुटकी लेते हुए सिलीगुड़ी के मेयर और राज्य के पूर्व मंत्री गौतम देव ने कहा कि प्रारंभ से ही वो तो समस्या पैदा करने की कोशिश कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अलग-अलग बूथों पर जा रही हैं। जबकि नियमानुसार वो ऐसा नहीं कर सकतीं हैं। यहां चुनाव आयोग से जुड़े लोग बता रहे कि मतदान के दिन किसी भी विधायक को अपने क्षेत्र से बाहर जाने पर रोक लगी हुई है। विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र में भी किसी भी बूथ में प्रवेश नहीं कर सकता है। यह अधिकार केवल उम्मीदवारों और उनके एर्जेटों को होता है। चुनाव आयोग ने घटना पर जिलाधिकारी से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

# अपनी मां सुषमा स्वराज की वजह से राजनीति में नहीं आई :बांसुरी स्वराज

## नई दिल्ली लोकसभा सीट से बीजेपी ने किया है अपना उम्मीदवार घोषित



**नई दिल्ली (ईएमएस):** लोकसभा चुनाव में बीजेपी के इस बार ४०० बार का नारा दिया है। इस कारण बीजेपी ने कई दिग्गजों के टिकट कर नए चेहरों को मौका दिया है। बीजेपी ने इस बार नई दिल्ली सीट से मौजूदा सांसद मिनाक्षी लेखी का टिकट काटकर बीजेपी नेता और पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को मैदान में उतारा है। बांसुरी स्वराज पेशे से वकील हैं। लोकसभा चुनाव से पहले बांसुरी स्वराज ने मीडिया से बातचीत में कई मुद्दों पर खुलकर बात की।

बांसुरी ने कहा कि वह लगभग एक दशक से वकील के रूप में काम कर रही थी। इसी दौरान उनके पास एक दिन फोन आया, जिसमें कहा गया कि दिल्ली बीजेपी की लीगल टीम का विस्तार कर रहे हैं और हम चाहते हैं कि आप हमसे जुड़े और अपनी जिम्मेदारी संभालें। यह लगभग एक साल पहले की बात है। फिर बांसुरी को दिल्ली बीजेपी का सचिन नियुक्ति किया गया। इसके बाद टीवी के माध्यम से पता चला कि उन्हें नई दिल्ली लोकसभा सीट से बीजेपी ने अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

बांसुरी ने कहा कि मेरे माता-पिता दोनों लीगल प्रोफेशन में थे और राजनीति में भी थे। ऐसे में वह शुरुआत से ही इन दोनों चीजों को लेकर गंभीर थी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने अपने बारे में बताया मेरी सुबह की शुरुआत एक गिलास दूध के साथ अखबार पढ़ने से होती थी। राजनीतिक घटनाओं को लेकर उनकी दिलचस्पी बचपन से ही रही है। बांसुरी ने ये भी बताया कि वह अपनी मां सुषमा स्वराज की वजह से राजनीति में नहीं आई। वह लगभग एक दशक से खुद का चैंबर चला रही हैं। उन्होंने कहा कि वह बहुत आभारी हैं कि बीजेपी ने एक वकील के रूप में मेरी शक्ति या मेरी क्षमता का उपयोग किया है।

# यूबीजीएल सेल ब्लास्ट में जवान घायल

**बीजापुर (ईएमएस):** बीजापुर जिले के गलगम इलाके में एरिया डॉमिनेशन पर निकली सीआरपीएफ की टीम में तैनात एक जवान यूबीजीएल सेल ब्लास्ट होने से जख्मी हो गया। पुलिस के मुताबिक गलगम पोलिंग बूथ से ५०० मीटर की दूरी पर एरिया डॉमिनेशन पर पार्टी निकली थी। घायल जवान का प्राथमिक उपचार कर इवाक्यूएट किया जा रहा है। भैरमगढ़ ब्लॉक के चिह्का में आईईडी ब्लास्ट में एक जवान के घायल होने की जानकारी मिल रही है। जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक के अतिसंवेदनशील ग्राम चिह्का में एरिया डॉमिनेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट होने से सीआरपीएफ के सहायक सेनानी मनु एचसी घायल हो गए हैं। उन्हें बायें हाथ और बायें पैर में चोट आई है। यह घटना चिह्का पोलिंग बूथ के आसपास के दायरे में एरिया डॉमिनेशन के दौरान हुई है। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद ईवाक्यूएट किया जा रहा है। वहीं घटना पर सीएम साय ने दुख जताया है। साय ने कहा कि बस्तर लोकसभा में जारी मतदान के बीच बीजापुर में एक जवान के घायल होने की दु:खद सूचना प्राप्त हुई है। घायल जवान के उचित इलाज के निर्देश दिए हैं और उसकी हालत खतरे से बाहर है।

# आईआरएस अधिकारी ने 21 किलोमीटर दौड़कर किया मतदान



**झुंझुनू (एर्जेसी):** राजस्थान में झुंझुनू जिले के आईआरएस अधिकारी सुशील कुलहरी ने २१ किलोमीटर दौड लगाकर मतदान किया। सुशील कुलहरी आज सुबह जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय से अपने गांव तिलोका का बास के मतदान केंद्र तक २१ किमी की दौड़ (हाफ मैराथन) लगाकर मतदान केंद्र पर पहुंचे। उसके बाद मतदान किया। वहीं उनके बेटे यूबी साइकिल से चलकर गए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया और आरएएस हवाई सिंह ने कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया।

सुशील कुलहरी संयुक्त आयकर आयुक्त स्तर के अधिकारी हैं और वर्तमान में प्रतिनियुक्ति पर राजस्थान सरकार में संयुक्त शासन सचिव आयोजना विभाग के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। वह देश में विभिन्न मैराथन इवेंट्स में भाग ले चुके हैं और अभी तक ९ फुल मैराथन (४२.२ किमी) और कुल ३८ हाफ मैराथन (२१.१ किमी) की दौड़ें पूरी कर चुके हैं।

उन्होंने मई २०१९ के लोकसभा चुनाव और नवंबर २०२३ के विधानसभा चुनाव में भी अपने परिवार एवं मित्रों के साथ मतदान केंद्र तक २१ किमी की दौड़ लगाकर मतदान किया था और मतदाताओं को मतदान के प्रेरित किया था। इनके साथ चूरू के वाणिज्यक कर अधिकारी श्री चंद माहीच भी थे।

# अब तीन माह पहले बुक होगी भस्म आरती

## ऑनलाइन बुकिंग से एक दिन में 400 भक्त करेंगे दर्शन • आधार का उपयोग तीन माह में एक बार ही होगा





**उज्जैन (ईएमएस):** महाकाल के भक्तों के लिए यह अच्छी खबर है। अब भस्म आरती में शामिल होने के लिए भक्त १५ दिन नहीं बल्कि तीन महीने पहले बुकिंग करा सकते हैं। महाकाल मंदिर समिति इस व्यवस्था को मई के प्रथम सप्ताह से शुरू कर देगी। महाकाल मंदिर में देश भर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते है। अधिकांश भक्त सुबह होने वाली भस्म आरती में शामिल होना चाहते है। लेकिन इसकी बुकिंग १५ दिन पहले ऑनलाइन या फिर एक दिन पहले ऑफलाइन करवाना पड़ती है। ऑनलाइन बुकिंग करवाने वाले भक्तों के साथ ये समस्या आती है की उनकी बुकिंग होने के बाद ही वो उज्जैन आने का प्लान तैयार कर पाते थे। इसमें उन्हें समय कम मिलता था। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उज्जैन कलेक्टर और महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष नीरज सिंह ने भस्म आरती की ऑनलाइन प्रक्रिया में बदलाव का निर्णय लेते हुए इसे मई माह से तीन माह पहले खोलने का निर्णय लिया है। बाबा महाकाल के भक्त अब तीन माह पहले ही महाकालेश्वर मंदिर की वेबसाइट द्वारा भस्म आरती की बुकिंग करा सकेंगे

### तीन माह में एक बार भस्म आरती की ऑनलाइन परमिशन बनवा सकेगा

कलेक्टर नीरज सिंह ने बताया कि तीन माह पहले खुलने में कुछ लोग इसका गलत उपयोग कर बार-बार इसे अपने नाम पर ब्लॉक करवा सकते थे। इसके लिए हम इस तरह डिजाइन कर रहे है कि एक आधार एक बार उपयोग होगा। इसके बाद अगले तीन माह तक उसे ऑनलाइन भस्म आरती की परमिशन नहीं मिल सकेगी। सॉफ्टवेयर खुद ही उसे पकड़ कर आधार को एक्सेप्ट नहीं करेगा।

ऑनलाइन भस्म आरती करने वालों के लिए तीन माह पहले लिंक खुलेगी, जो भी श्रद्धालु आने के लिए फार्म जमा करेगा उसे एक रिफरेंस नंबर अलॉट होगा। एक दिन बाद श्रद्धालु के पास कन्फर्मेशन लिंक जाएगी, जिसको फील करके प्रति व्यक्ति २०० रुपए जमा कर अपनी बुकिंग करवा सकेगा। ऑनलाइन के माध्यम से एक दिन में ४०० भक्तों के लिए परमिशन दी जा सकेगी।

### 6 माह बढ़ाया जा सकता है समय

महाकाल मंदिर समिति के अध्यक्ष और कलेक्टर नीरज सिंह ने कहा कि तीन माह वाला प्लान सक्सेस होगा तो इसे बढ़ाकर ६ माह कर दिया जाएगा। ताकि घर बैठे भक्त अपने हिसाब से पहले मंदिर की भस्म आरती बुक कर ले, बाद में अपने रेल बस या हवाई टिकट की बुकिंग कराएं। जल्द ही महाकाल मंदिर की वेबसाइट को अपडेट कर इसे १ मई से शुरू कर दिया जाएगा।

### एक ही मोबाइल नंबर भी नहीं चलेंगे

कलेक्टर नीरज सिंह ने कहा की ये सब व्यवस्था महाकाल मंदिर में ऑनलाइन भस्म आरती की परमिशन करवाने वाले भक्तों की सुविधा के लिए की जा रही है। इसलिए ना सिर्फ आधार कार्ड बल्कि एक ही मोबाइल नंबर को बार-बार उपयोग कर भी ऑनलाइन परमिशन नहीं मिल पाएगी। परमिशन बुक करवाने वाले का मोबाइल नंबर के साथ-साथ भस्म आरती में शामिल होने वाले भक्तों के मोबाइल तय सीमा में दोबारा उपयोग नहीं कर पाएंगे

# संपादकीय

## नक्सलियों पर कंट्रोल करने से हथियारों तक पहुंच नहीं होगी

छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में उनतीस नक्सलियों को मार गिराया। निस्संदेह यह बड़ी कामयाबी है। इस वर्ष इस घटना सहित अब तक करीब अस्सी नक्सली मारे जा चुके हैं। सरकार का कहना है कि छत्तीसगढ़ में नक्सली कुछ इलाकों तक सिमट कर रह गए हैं। जल्दी ही उन पर पूरी तरह नकेल कसी जा सकेगी। केंद्र और राज्य सरकारें ऐसे दावे बहुत समय से करती आ रही हैं, मगर हकीकत यह है कि अनेक उपायों, रणनीतियों और प्रयासों के बावजूद वहां माओवादी हिंसा पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। थोड़े-थोड़े समय पर नक्सली सक्रिय हो उठते और घात लगा कर सुरक्षाबलों पर हमला कर देते हैं।

अगर सचमुच नक्सलियों को कुछ इलाकों तक समेट दिया गया होता और उनके संगठन कमजोर हो गए होते, तो उनके पास अत्याधुनिक हथियारों की पहुंच संभव न होती, सुरक्षाबलों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उनके पास कारगर संचार प्रणाली न होती। छत्तीसगढ़ में करीब चालीस वर्ष से माओवादी हिंसा का दौर चल रहा है। इस बीच अनेक रणनीतियां अपनाई गईं, मगर वे कारगर नहीं हो पाई हैं। चुनाव के माहौल में सुरक्षाबलों की ताजा कामयाबी से नक्सली उपद्रवियों का मनोबल जरूर कमजोर होगा, पर इस समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए व्यावहारिक कदम की अपेक्षा अब भी बनी हुई है।



दरअसल, आदिवासी इलाकों में माओवादी हिंसा की कई परतें हैं। आदिवासियों को लगता है कि सरकार उनके जंगल और जमीन छीन कर उद्योगपतियों को सौंप देना चाहती है। वे इसका विरोध करते रहे हैं। शुरू में इस मसले को बातचीत के जरिए सुलझाने की कोशिश की गई, मगर वह किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। फिर बंदूक के जरिए उन पर काबू पाने का प्रयास किया जाने लगा। फिर आदिवासियों और समर्पण करने वाले नक्सलियों को ही बंदूक देकर नक्सली संगठनों के खिलाफ खड़ा करने की रणनीति अपनाई गई। उसमें काफी खून-खराबा हुआ, मगर नक्सली समस्या को समाप्त कर पाना संभव न हो सका। हेलीकाप्टर, ड्रोन और अत्याधुनिक संचार तकनीकी के जरिए उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाने लगी, पर उसमें भी बहुत कामयाबी नहीं मिल सकी। नक्सली कई मौकों पर सुरक्षाबलों को अपने जाल में फंसा कर हमला करते भी देखे जा चुके हैं। दो साल पहले इसी तरह उन्होंने बीजापुर में बाईस सुरक्षाबलों को मार गिराया था।

नक्सली समस्या से पार पाने के लिए दो तरह के विचार काम करते रहे हैं, जिसमें आदिवासियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनके इलाकों में विकास कार्यक्रमों पर बल देने की सिफारिश की जाती रही है। इसके तहत पिछली सरकार ने कई योजनाएं भी चलाई थी, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। दूसरा विचार बंदूक के बल पर नक्सलियों के सफाए का रहा है। मगर हकीकत यह है कि उनसे निपटने के लिए कोई व्यावहारिक नीति आज तक नहीं बन सकी है।

हजारों निरपराध आदिवासी जेलों में बंद हैं, उनकी रिहाई के बारे में कोई कदम नहीं उठाया जा सका है। पांच-छह साल पहले एक नीति बनाने पर जरूर जोर दिया गया था, जिसमें उनसे बातचीत का प्रस्ताव भी था, मगर वह नीति बन नहीं सकी। सबसे जरूरी है, स्थानीय आदिवासियों में यह भरोसा पैदा करना कि सरकार उनके जीवन में बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध है। उनके जल, जंगल, जमीन के मसले पर संजीदगी से बात हो, तो शायद वे हिंसा का रास्ता छोड़ने को तैयार हो जाएं।

## सोशल मीडिया से...



आप सभी जनता के आशीर्वाद से संसद पहुंचेंगे। हमें मिलने वाला एक-एक वोट मजबूत सरकार की ओर बढ़ता कदम होगा। एक टीम के रूप में, हम निर्वाचन क्षेत्र के लोगों और क्षेत्र के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री



भाजपा अपने कार्यकर्ता को कहां से कहां पहुंचा देती है इसके कई उदाहरण हैं। चाहे देश के प्रधानमंत्री हों, मुख्यमंत्री हों या अन्य कोई पार्टी पदाधिकारी, सभी एक छोटे से कार्यकर्ता के बाद यहां तक पहुंचे हैं। हम सब सौभाग्यशाली हैं, जो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं और देश में इतिहास बनता देख रहे हैं।

**डॉ. मोहन यादव**, सीएम मप्र



ये चुनाव बिजली, पानी, सड़क के लिए नहीं है, ये चुनाव जम्मू-कश्मीर में 2019 के बाद हमारी पहचान, हमारी ज़मीन यहां तक हमारे नौजवानों की नौकरियों पर जो हमला हो रहा है उसके खिलाफ खड़े होने का समय है। जम्मू-कश्मीर को एक खुली जेल में तब्दील किया गया है।

**महबूबा मुफ्ती**, पीडीपी अध्यक्ष



भाजपा देश में एक इतिहास, एक राष्ट्र और एक भाषा को थोपना चाहती है। उदाहरण के लिए, अगर आप केरल से मलयालम को हटा दें, तो एक मां अपने बच्चे को इस महान भूमि का इतिहास कैसे समझाएगी? हम इसी की रक्षा कर रहे हैं।

**राहुल गांधी**, कांग्रेस नेता

## आज का कार्टून




# ग्रामीण उपभोक्ता मांग और चुनौतियां...

**अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग नब्बे फीसदी लोगों की आजीविका का माध्यम खेती है। मछली पालन, पशु पालन, हस्तशिल्प उत्पादों का निर्माण जैसी कुछ गैर-कृषि गतिविधियों से जुड़ी सामान्य आजीविकाएं हैं, लेकिन ये सभी मौसमी हैं, जिनमें आय की अनियमितता बनी रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक वैकल्पिक रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं हैं। ये सभी कारक किसी न किसी रूप में उपभोक्ता मांग को प्रभावित करते हैं। भारत दुनिया की सबसे अधिक ग्रामीण जनसंख्या वाला देश है। इसमें 87.8 करोड़ ग्रामीण निवासी हैं जो किसी न किसी रूप में उपभोक्ता हैं। तेज शहरीकरण के बावजूद वर्ष 2040 तक देश की आधे से अधिक जनसंख्या का निवास गांवों में ही होगा। इस दृष्टि से ग्रामीण उपभोक्ता मांग बढ़ाना देश के तीव्र आर्थिक विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे उत्पादन में वृद्धि होगी, उत्पादन बढ़ेगा तो रोजगार बढ़ेगा, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होगी।**

**अजय जोशी**

हाल में हुए 'सेंटर फार मानिटरिंग इंडियन इकोनामी' (सीएमआइई) के ताजा सर्वेक्षण में बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता मांग तेजी से बढ़ी है। यहां टीवी, फ्रिज, कूलर, पंखा, एसी आदि की मांग 2019 के कोरोना काल के बाद 25.82 फीसद बढ़ी है। अप्रैल 2020 में सिर्फ 2.03 फीसद ग्रामीण उपभोक्ता मान रहे थे कि टीवी, फ्रिज, कूलर, एसी, पंखे, ट्रैक्टर, दुपहिया वाहन आदि खरीदने का उनके लिए यह सबसे अच्छा समय है, लेकिन अब 27.85 फीसद ग्रामीण उपभोक्ता मानते हैं कि वर्तमान समय इसके लिए सबसे बेहतर है। लोकसभा चुनाव के दौर में धन के प्रवाह को भी इसकी एक वजह माना जा रहा है। इसी वर्ष जनवरी में ग्रामीण उपभोक्ता मांग का सूचकांक कम हो गया था, मगर चुनाव की घोषणा के बाद मार्च में तेजी आने लगी। रपट में यह भी कहा गया है कि ग्रामीण उपभोक्ता मानते हैं कि अगले पांच साल उनकी वित्तीय स्थिति और अच्छी बनी रहेगी।

अप्रैल 2019 में 29.74 फीसद ग्रामीण मानते थे कि आर्थिक हालात बेहतर हैं, लेकिन मई 2021 में ऐसा मानने वाले सिर्फ 2.93 फीसद रह गए थे। चुनाव की तिथियां घोषित होने के बाद मार्च 2024 में बढ़कर यह संख्या 31.60 फीसद हो गई है। वाहन उद्योग में भी ग्रामीण उपभोक्ता मांग में तेजी आई है। कुछ दिनों पहले आरबीआइ के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया था कि वित्तवर्ष 2020-23 की दूसरी तिमाही में दुपहिया वाहनों की 30.3 फीसद और ट्रैक्टर की बिक्री 16.1 फीसद बढ़ी है। ग्रामीण वित्त विशेषज्ञों का मानना है अगले पांच वर्षों में ग्रामीण उपभोक्ता मांग में और तेजी आने की संभावना है।

ग्रामीण उपभोक्ता मांग में बढ़ोतरी के कई कारक हैं, जिनमें ग्रामीण आय में वृद्धि प्रमुख है। विगत कुछ वर्षों में ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार हुआ है। सरकारों ने इसके लिए बहुत से प्रयास किए हैं। इनमें गरीबी और असमानता को कम करने, सामाजिक सुरक्षा, आय सृजन और आजीविका के विकल्प प्रदान करने और देश में आबादी के कमजोर वर्गों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु किए जाने वाले उपाय शामिल हैं। इसके लिए कई लक्षित कार्यक्रम शुरू किए गए, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड-अप इंडिया योजना, अल्पसंख्यकों और अन्य कमजोर वर्गों के लिए अंब्रेला कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, पीएम-किसान के तहत फंड ट्रांसफर, पीएम फसल बीमा योजना का दावा भुगतान, उर्वरक सब्सिडी, डेयरी सहकारी समितियों और कृषि-बुनियादी ढांचे के लिए ब्याज छूट, फार्म गेट इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए फंड उपलब्ध कराना आदि प्रमुख हैं।



ग्रामीण उपभोक्ता आय में वृद्धि की दृष्टि से डीबीटी योजना सबसे महत्त्वपूर्ण है। इसमें जिन योजनाओं के अंतर्गत नकद भुगतान की व्यवस्था है, उनमें धन को सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित कर दिया जाता है। फिलहाल इस व्यवस्था में सरकार के 53 मंत्रालयों की 310 योजनाएं शामिल हैं, जिनमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पीएम किसान, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, अटल पेंशन योजना, राष्ट्रीय आयुष मिशन आदि के अंतर्गत दिए जाने वाले लाभ शामिल हैं। इन योजनाओं से जुड़ी समस्याएं भी कम नहीं हैं। इनमें नामांकन केंद्रों का दूर-दूर होना, नामांकन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों या संचालकों का नियमित उपस्थित न होना, योजनाओं के बारे में जन साधारण को जानकारी न होना आदि शामिल हैं। अभी भी देश के कई ग्रामीण और आदिवासी दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधा और सड़क संपर्क नहीं है, लोगों में वित्तीय साक्षरता की भी कमी है। लाभार्थियों के नाम में वर्तनी की त्रुटियां, लंबित केवाईसी, बंद या निष्क्रिय बैंक खाते, आधार और बैंक खाते के विवरण में असमानता आदि के कारण डीबीटी में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यद्यपि डीबीटी से सीधे लाभार्थी के खाते में पूरी धन राशि पहुंच जाती है, लेकिन खाते में डालने से पहले अपना कमीशन आदि नकद में ले लेना, कागजी कार्रवाई के दौरान ही कमीशन आदि के रूप में धन वसूल लेने जैसी जमीनी स्तर की समस्याएं बनी रहती हैं। अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं का एक बड़ा वर्ग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहा है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ग्रामीण या शहरी परिवार को आवश्यक न्यूनतम राशि निर्धारित करने के लिए सर्वेक्षण करता और उसके आधार पर जनसंख्या को गरीबी रेखा से ऊपर और गरीबी रेखा से नीचे वर्गीकृत करता है। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2012 से 2020 के मध्य लगभग 7.6 करोड़ लोग गरीबी रेखा के अंदर आए। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की संख्या लगभग पांच करोड़ है। बड़ी संख्या में गरीबी की रेखा के नीचे रहने के कारणों में वर्ष 2017 से 2020 के मध्य भारतीय अर्थव्यवस्था में आई मंदी की स्थिति, वर्ष 2017-18 के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार इस अवधि में गत 45 वर्षों में बेरोजगारी के उच्चतम स्तर, वास्तविक मजदूरी में कमी, कोविड महामारी जैसे कारण बताए जाते हैं।

अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग नब्बे फीसद लोगों की आजीविका का माध्यम खेती है। मछली पालन, पशु पालन, हस्तशिल्प उत्पादों का निर्माण जैसी कुछ गैर-कृषि गतिविधियों से जुड़ी सामान्य आजीविकाएं हैं, लेकिन ये सभी मौसमी हैं, जिनमें आय की अनियमितता बनी रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक वैकल्पिक रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं हैं। ये सभी कारक किसी न किसी रूप में उपभोक्ता मांग को प्रभावित करते हैं। भारत दुनिया की सबसे अधिक ग्रामीण जनसंख्या वाला देश है। इसमें 87.8 करोड़ ग्रामीण निवासी हैं जो किसी न किसी रूप में उपभोक्ता हैं। तेज शहरीकरण के बावजूद वर्ष 2040 तक देश की आधे से अधिक जनसंख्या का निवास गांवों में ही होगा। इस दृष्टि से ग्रामीण उपभोक्ता मांग बढ़ाना देश के तीव्र आर्थिक विकास के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है। इससे उत्पादन में वृद्धि होगी, उत्पादन बढ़ेगा तो रोजगार बढ़ेगा, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होगी। ये सब देश की जीडीपी बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण योगदान करने और देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने में सहायक होंगे।

उपभोक्ता मांग में बढ़ोतरी के लिए जरूरी है कि ग्रामीण उपभोक्ता की आय में वृद्धि हो। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकाधिक ग्रामीण बैंकों, सहकारी समितियों और स्कूलों की स्थापना सहित सामाजिक आर्थिक बुनियादी ढांचे का विकास करना जरूरी है। साथ ही, पेयजल, बिजली, ग्रामीण सड़कें और स्वास्थ्य देखभाल जैसी सामुदायिक सेवाओं और सुविधाओं में सुधार तथा विस्तार भी जरूरी है। कृषि आय बढ़ाने, अधिकाधिक वैकल्पिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराने, ग्रामीण हस्तशिल्प उत्पादों को प्रोत्साहित करने और उनके सुदृढ़ विपणन की व्यवस्था करने जैसे कुछ प्रभावी उपाय जरूरी हैं, तभी ग्रामीण आय और उपभोक्ता मांग में और बढ़ोतरी हो सकेगी।


# मुद्दाविहीन राजनीति क्या सच्चे लोकतंत्र की पहचान है?

**समाज में समस्याएं अनेक हैं, निवारण कम। ज्यादातर लोग अपने आप में गुम अपनी समस्याओं से जूझते रहते हैं, मगर उसके कारणों पर विचार करना या तो जरूरी नहीं समझते या फिर उन्हें इस ओर ध्यान देने का वक्त ही नहीं मिलता। कई बार जब समस्याओं या मूल मुद्दों के हल के लिए उसके कारणों की पड़ताल की दिशा मुखर होना शुरू होती है तो कुछ ऐसे मुद्दे सतह पर तैरने लगते हैं, जिसे देखने-सुनने में लोग उलझ जाते हैं और असली मुद्दों और उसके कारणों से उनका ध्यान बंट जाता है। इस तरह के हालात बार-बार पैदा होते हैं या किए जाते हैं और इसके समांतर समस्याएं न जाने कब से अपने स्वरूप में बनी हुई रहती हैं।**

**रितुप्रिया शर्मा**

विडंबना यह है कि समस्याओं के स्रोत की पहचान लोग कर सकते हैं, मगर कई बार सुविधा का जीवन जीने वाला तबका साधारण लोगों को राजनीति से निरपेक्ष होने की सलाह देता है। जबकि समाज अगर किसी समस्या से दो-चार है तो उसका स्रोत व्यवस्था में छिपा हो सकता है। इन बातों को लेकर समाज और राजनीति परस्पर जुड़े हुए हैं। समाज एक अति शक्तिशाली संस्था है। राजनीति समाज से निकला एक अंग है जो समाज की इच्छाओं की अभिव्यक्ति करता है।

समाज के बिना राजनीति का न कोई अस्तित्व है और न ही कोई भविष्य। व्यक्तिगत तौर पर भी जो समस्या हमारे समक्ष आती है, उनका हल कहीं न कहीं हमारी सामाजिक बुनियाद को प्रभावित करने में सक्षम है। आज समाज में बेरोजगारी, आर्थिक असमानता, जातिवाद, सांप्रदायिकता, भ्रष्टाचार, अशिक्षा आदि अनेक समस्याएं व्याप्त हैं। समाज चाहता है कि वह उन समस्याओं से निकलकर एक परिपक्व समाज बने, लेकिन उसकी यह इच्छा अधूरी ही रह जाती है। कारण है राजनीति का व्यक्तिगत स्वार्थों से ओत-प्रोत होना। सत्ता का नशा जिसके ऊपर चढ़ा, वह फिर किसी बात या मुद्दे की कोई परवाह नहीं करता है। समाज के



बीच जाकर वोट मांगने वाले जब जीत के बाद हमारे जनप्रतिनिधि बनते हैं, तो चुनाव के बाद अपने सारे वादों को भूल बैठते हैं। अपने क्षेत्र में जाकर चुनाव प्रचार करने और लोगों को भरोसा देने में तो ये अग्रणी रहते हैं, लेकिन क्षेत्र में जाकर काम करने में काफी पिछड़ते हुए नजर आते हैं। हालत यहां तक पहुंच चुकी है कि अब मुद्दाविहीन राजनीति का दौर आ गया लगता है। इसमें किसी भी दल के पास चुनाव लड़ने के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा दिखता है। व्यक्तिगत उत्तरदायित्व से खुद को बचाकर एक दूसरे पर आरोप लगाने वाले इस दौर में समाज केवल एक तमाशबीन बनकर रह गया है।

ऐसा नहीं कि इसके लिए समाज की अपनी कोई जिम्मेदारी नहीं है। दरअसल, समाज भी अपने-अपने व्यक्तिगत मुद्दों को लेकर सक्रिय है। एक व्यक्ति के तौर पर किस-किस ने क्या-क्या संघर्ष किया है या मौजूदा समाज में किस तरह की सामाजिक-राजनीतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक समस्या आ रही है, वह इसकी ओर मुंह मोड़कर खड़ा है। लोग केवल वोट वाले दिन सक्रिय होते हैं और फिर वोट डालते हैं। इसके बाद घर की ओर लौट जाते हैं। कौन-सा राजनीतिक दल, किस मुददे या उद्देश्य को लेकर चुनाव लड़ रहा है, इससे किसी का कोई सरोकार नहीं है। तात्कालिक मुद्दों का गुबार हावी होता है और वह वास्तविक मुद्दों पर छा जाता है। कभी परिवार वालों के मत से, कभी राजनीतिक लहर के प्रभाव में, कभी किसी नेता के करिश्माई व्यक्तित्व के कारण हमारा समाज अपने वोट के अधिकार का प्रयोग कर अपने आप को लोकतंत्रवादी साबित करता रहता है।

लोग समझते हैं कि हम सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं, लेकिन मुद्दाविहीन राजनीति क्या सच्चे लोकतंत्र की पहचान है। एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करना ही लोकतंत्र की पहचान बनती जा रही है। समाज इन सबसे कटा हुआ है। किसने, किसको और कैसे ठगा है, वह मुद्दा भूल गया है। पहले लाखों के गबन होते थे। यह बात अब अरबों तक पहुंच गई है जो कि इस दौर के लिए समाज में पैदा हुई सामान्य-सी बात है। अगर राजनीतिक मुद्दों के बिना बात की जाती है तो उन मुद्दों का निराकरण भी नहीं हो पाता है। समाज को चाहिए कि राजनीतिक कार्यकर्ताओं से सवाल-जवाब करे, उनकी समस्या निवारण में जो भी भूमिका हो सकती है, उसके निर्धारण के लिए कोई योजना भी राजनीतिक दलों के समक्ष लाई जाए। वे ऐसा करने से इनकार करें तो फिर उन पर विश्वास न करके उन्हें अपना प्रतिनिधि न बनाएं, बल्कि किसी नए व्यक्ति को अपना प्रतिनिधि चुने, जो वाकई समाज से जुड़ा हो और मुद्दों पर कार्य करना चाहता हो। हम ही समाज हैं तो ये सारी बातें हमारे ऊपर उतरती भी है। लोकतांत्रिक जागृति गांव-कस्बों तक पहुंचे, यह हमारी जिम्मेदारी है। नहीं तो यह मुद्दाविहीन, लक्ष्यहीन राजनीति हमारी सामाजिक आधारशिला, उन्नति और आर्थिक व्यवस्था को क्षीण कर देगी। राजनीति और समाज को एक एकीकृत व्यवस्था के रूप में चलाना चाहिए। व्यक्ति का मूल्य समझना व्यक्तिवादी सोच का द्योतक नहीं है। व्यक्ति का मूल्य समाज की तरक्की और दिशा निर्धारण का उत्तम तरीका है। राजनीति को मुद्दाविहीन न बनने दिया जाए। दलों को स्वार्थपरता से दूर रखते हुए उन्हें समाज की समस्याओं से अवगत कराते रहना चाहिए। निवारण के लिए प्रेरित कर लोकतंत्र का असली स्वरूप हम सामने ला सकते हैं। अन्यथा लक्ष्यहीन, मुद्दाविहीन राजनीति हमारे समाज को कहीं न कहीं, कोई न कोई नुकसान पहुंचाएगी और भविष्य में कहीं लेकर नहीं जाएगी। इसलिए समाज को इस पर गौर करके पहल करनी चाहिए, ताकि यह सबके लिए कल्याणकारी सिद्ध हो।



एशिया ओलंपिक क्वालीफायर

# विनेश-अंशु के सामने ओलंपिक कोटा हासिल करने की चुनौती, भारत के 17 पहलवान ले रहे हिस्सा

**बिश्केक (किर्गिस्तान), एजेंसी।** 19 साल की अंतिम पंघाल ने सर्बिया के बेलग्रेड में 2023 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर भारत के लिए महिलाओं के 53 किग्रा में पहले ही कोटा स्थान पक्का कर लिया है। भारत के 17 पहलवान शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे एशिया ओलंपिक क्वालिफायर के जरिये पेरिस खेलों का कोटा हासिल करने के लिए जब चुनौती पेश करेंगे तो सबसे ज्यादा नजरें दो बार की ओलंपियन विनेश फोगाट पर होगी। इस प्रतियोगिता में फ्रीस्टाइल, महिला और ग्रीको-रोमन में कुल 36 कोटा स्थान दांव पर होंगे। भारतीय पहलवान सिर्फ एक स्पर्धा को छोड़कर सभी भारवर्ग में कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। 19 साल की अंतिम पंघाल ने सर्बिया के बेलग्रेड में 2023 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर भारत के लिए महिलाओं के 53 किग्रा में पहले ही कोटा स्थान पक्का कर लिया है। महिला वर्ग में अब विनेश (50 किग्रा), रीतिका हुड्डा (76 किग्रा), मौजूदा अंडर-23 विश्व चैंपियन अंशु (57 किग्रा), मानसी (62 किग्रा) और निशा (68 किग्रा) के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का समय आ गया है।

भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ भारतीय पहलवानों के विरोध का प्रमुख चेहरा रही विनेश के प्रदर्शन पर सबसे ज्यादा नजरें रहेंगी। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने मार्च में 50 किग्रा में राष्ट्रीय चयन ट्रायल जीता था।



संक्षिप्त समाचार

## होटल भरे हुए हैं, फर्श पर सो रहे हैं

### दुबई हवाई अड्डे पर फंसे दो भारतीय पहलवान

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय पहलवान दीपक पुनिया और सुजीत कलकल 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर के लिए किर्गिस्तान के बिश्केक जाते समय भारी बारिश के कारण मंगलवार से दुबई हवाई अड्डे पर फंसे हुए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पहलवानों के करीबी सूत्रों नें बात करते हुए कहा कि यह जोड़ी गुरुवार रात 11 बजे



उड़ान भरेगी और उनके टूर्नामेंट में भाग लेने की संभावना 50-50 है। वे पिछले दो दिनों से वहां है। सभी होटल भरे हुए हैं इसलिए वे हवाई अड्डे पर फर्श पर सो रहे हैं। क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा करने की उनकी संभावना 50-50 है। शायद वे वजन शुरू होने से ठीक पहले बिश्केक पहुंच जाएंगे। केवल तभी जब वे आज देर रात दुबई छोड़ने में कामयाब हों। बिश्केक में एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर 19 अप्रैल से शुरू होने वाला है। बिश्केक में 18 भार वर्गों में कुल 36 पेरिस 2024 कोटा की पेशकश होगी। भारत ने सत्रह पहलवानों को मैदान में उतारा है. यह क्वालीफायर भारतीय पहलवानों के लिए ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा सुरक्षित करने का दूसरा अंतिम अवसर होगा। मई में तुर्की में होने वाला विश्व क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट, अंतिम कुश्ती क्वालीफायर होगा।

**भारतीय दल:**

**पुरुष ग्रीको:** रोमन, सुमित (60 किग्रा), आशु (67 किग्रा), विकास (77 किग्रा), सुनील (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा), नवीन (130 किग्रा)
**महिला फ्रीस्टाइल:** विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा), मानसी (62 किग्रा), निशा (68 किग्रा), रीतिका हुडा (76 किग्रा)
**पुरुष फ्रीस्टाइल:** अमन सहरावत (57 किग्रा), सुजीत (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), दीपक पुनिया (86 किग्रा), दीपक (97 किग्रा), सुमित (125 किग्रा)

## पांड्या पर लगा 12 लाख का जुर्माना




मुल्लांपुर, एजेंसी। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के चलते मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या पर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने यह जानकारी गुरुवार को दी।
बीसीसीआई ने एक बयान में इसकी पुष्टि की है। जिसमे बताया गया है कि इस सीजन में टीम मुंबई की यह पहली गलती थी, इसलिए आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार सबसे न्यूनतम दंड दिया गया है। बात अगर मैच की करें तो 193 रनों का पीछा करने उतरी पंजाब के लिए आशुतोष शर्मा ने 25 गेंदों में 61 रनों की तूफानी पारी खेली, लेकिन वो अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए और मुंबई ने 9 रन से यह मुकाबला अपने नाम किया। एमआई वर्तमान में सात मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।

### इस आईपीएल की सबसे बड़ी खोज साबित हुए ये 2 खिलाड़ी...

# जहां फंसा मैच, वहां चली जय-वीरू की जोड़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स का इस आईपीएल में प्रदर्शन बेहद निराशाजक नजर आ रहा है. 18 अप्रैल को मुल्लांपुर में मुंबई इंडियंस से हारकर पंजाब की टीम अब आईपीएल की प्वाइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर खिसक गई है. उसने 7 में से महज 2 मैच जीते हैं. इन सबके बीच पंजाब के लिए शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा इस आईपीएल की खोज साबित हुए हैं, इन दोनों ने फंसे हुए मैच में अपनी टीम को जिताने की पूरी कोशिश की है. यहां एक बात पर ध्यान देना जरूरी है कि पंजाब ने जो 5 मैच गंवाए है, उनमें से 4 मैच तो आखिरी ओवर में हारे हैं.

अब वापस आते हैं आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह की जोड़ी पर. इस जोड़ी ने सबसे पहले इस आईपीएल 2024 में अपनी प्रतिभा 4 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में दिखाई. इस ओवर में पंजाब ने आखिरी ओवर में गुजरात के जबड़े से जीत छीन ली थी. आईपीएल के इस थ्रिलर मैच को पंजाब ने 1 गेंद शेष रहते हुए 3 विकेट से जीता था. उस मैच में 32 साल के शशांक सिंह ने 29 गेंदों पर 61 रनों की जोरदार पारी खेली, वहीं उनको इम्पैक्ट प्लेयर आशुतोष शर्मा का भी शानदार साथ मिला. जिनके साथ मिलकर प्लेयर ऑफ द मैच शशांक ने 43 रनों की पार्टनरशिप की. आशुतोष ने महज 17 गेंदों पर 31 रनों की पारी खेली थी. यह आशुतोष का आईपीएल में डेब्यू मैच था.




इसके बाद बारी पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच 9 अप्रैल को खेले गए मैच की. पंजाब इस मैच को लगभग हैदराबाद के जबड़े से छीन चुका था. जिसे अंततः हैदराबाद की टीम ने 2 रन से जीता. आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह पंजाब को जिताते चूक गए, लेकिन उन्होंने इस मैच में शानदार पारियां खेलीं. सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इस मैच में पंजाब किंग्स के आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह ने गजब का जज्बा दिखाया.

आखिरी ओवर में जीत के लिए पंजाब को 29 रन चाहिए थे. लेकिन वह 2 रनों से इस मैच को चूक गई. आशुतोष और शशांक ने जयदेव उनादकट के लास्ट ओवर में 27 रन मिलकर कूट दिए. जहां पंजाब महज 2 रनों से मैच हार गया. शशांक ने मैच में नाबाद 46 रनों की पारी महज 25 गेंदों पर खेली, वहीं आशुतोष ने 23 गेंदों पर 33 रन जड़ दिए. दोनों ने मिलकर 66 रन जोड़े.

इन दोनों ही मैचों ने एक बात तो साबित कर दी कि भले ही आशुतोष और शशांक को आईपीएल में बेहद कम कीमत में खरीदा गया हो, पर ये दोनों ही आने वाले समय के लिए भारतीय क्रिकेट के लिए भी बड़े खिलाड़ी साबित हो सकते हैं.

### मुंबई के खिलाफ मैच में अगर आशुतोष आउट ना होते तो...

मुंबई के खिलाफ 18 अप्रैल को हुए मैच में भी पंजाब के लिए शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अपनी बल्लेबाजी से हार्दिक पंड्या एंड कंपनी का धागा खोलकर रख दिया था. शशांक ने 25 गेंदों पर 41 रनों की पारी खेली. वहीं आशुतोष ने 28 गेंदों पर 61 रन जड़ दिए. एक समय पंजाब को जीत के लिए 18 गेंदों पर 25 रन चाहिए थे और आशुतोष शर्मा क्रीज पर थे. लेकिन वो 18वें ओवर की पहली गेंद पर आउट हो गए, जहां से पूरा मैच पलट गया. यहीं से मुंबई मैच में एक बार फिर फ्रंट फुट पर गई.

### शशांक और आशुतोष को बेहद सस्ते में पंजाब ने खरीदा

पंजाब किंग्स ने अनकैप्ड शशांक सिंह को 20 लाख रुपए में शामिल किया था, लेकिन दिसंबर आईपीएल के मिनी ऑक्शन के दौरान यह विवाद हुआ कि उन्हें प्रीति जिंटा की टीम ने गलती से खरीद लिया है. हालांकि बाद में यह सफाई आई कि ऐसा कुछ नहीं हैं. वहीं आशुतोष को भी पंजाब ने महज 20 लाख रुपए में खरीदा था.

### कौन हैं शशांक सिंह?

शशांक सिंह ने आईपीएल के इस सीजन में कुल 7 मैच खेले हैं, जहां उनके बल्ले से 187 रन आए हैं. शशांक का इस दौरान एवरेज 62.33 और स्ट्राइक रेट 179.81 का है. शशांक फ?िलहाल घरेलू क्रिकेट में छत्तीसगढ़ की टीम से खेलते हैं. 2023-24 सीजन में उन्होंने मणिपुर के खिलाफ एक ही लिस्ट-ए मैच में 150+ रन बनाए और पांच विकेट लिए, ऐसा करने वाले वह पहले भारतीय हैं. शशांक पंजाब में आने से पहले सनराइजर्स हैदराबाद (2022), राजस्थान रॉयल्स (2019-21) और दिल्ली डेयरडेविल्स (2017) के साथ रह चुके हैं. उन्होंने मुंबई की प्रसिद्ध कांगा लीग में खूब पसीना बहाया है, जहां वो छक्का मारने वाले ख?िलाड़ी के रूप में विख्यात रहे हैं.

## आशुतोष की पारी अविश्वसनीय

**मुल्लांपुर, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के गुरुवार के रोमांचक मैच में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने अपनी तूफानी पारी की बदौलत न केवल फैंस का बल्कि विरोधी कप्तान का भी दिल जीत लिया। जब मैच निर्णायक मोड़ पर था और पंजाब जीत के बेहद करीब था, तब 18वें ओवर में गेराल्ड कोएत्ज़ी ने आशुतोष शर्मा की तूफानी पारी का अंत किया और मुंबई की जीत पक्की की।



एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने स्वीकार किया कि मैदान में आशुतोष ने पूरी तरह से पासा पलट दिया था। उन्होंने ये भी कहा कि अपना पहला आईपीएल सीजन खेल रहे आशुतोष का प्रदर्शन अविश्वसनीय था। हार्दिक ने कहा, यह एक अच्छा मैच था। मुझे लगता है कि हर किसी की सांसें थम गई थी। हमने मैच से पहले बात की थी कि इस मैच में हमारी परीक्षा होगी और मुझे नहीं लगता कि इससे ज्यादा चुनौतीपूर्ण कुछ और हो सकता है। जब पंजाब का स्कोर 14/4 था, तो यह स्वाभाविक था कि आप सोचते थे कि आप मैच में आगे हैं लेकिन साथ ही, हम जानते थे कि आईपीएल में इस तरह के मैच कभी भी पलट सकते हैं। इस जीत का मतलब यह भी है कि एमआई अब अंक तालिका में सातवें स्थान पर है, हालांकि वे अभी भी काफी निचले स्थान पर हैं। मुंबई का अगला मुकाबला सोमवार शाम को सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स से होगा।

## तिलक वर्मा ने आईपीएल में किया बड़ा कारनामा

**मुल्लांपुर, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस की टीम ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में 7वें मैच में अपनी तीसरी जीत हासिल करने में कामयाबी हासिल की। पंजाब किंग्स के खिलाफ इस मुकाबले में मुंबई की तरफ से शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें सूर्यकुमार यादव के बल्ले से 78 रनों की पारी देखने को मिली तो वहीं पारी के आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी करने उतरे बाएं हाथ के युवा बल्लेबाजी तिलक वर्मा ने सिर्फ 18 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 34 रनों की नाबाद तेज पारी खेलने के साथ टीम के स्कोर को 190 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की। तिलक ने अपनी इस पारी के दम पर आईपीएल में एक खास लिस्ट में भी अपनी जगह बना ली।

## रोहित शर्मा 250 आईपीएल मैच खेलने वाले दूसरे प्लेयर बने

मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 33वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को 9 रन से हराया। मुल्लांपुर (चंडीगढ़) में गुरुवार को पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब पंजाब किंग्स की टीम 19.1 ओवर में 183 रन पर ऑलआउट हो गई। रोहित शर्मा ने आईपीएल में 250वां मैच खेला। वहीं, स्व्ह के लिए सबसे ज्यादा सिक्स भी लगाए। इस सीजन मुंबई के बैटर्स ने पहले 6 ओवर यानी पावरप्ले में सबसे ज्यादा सिक्स भी जमाए। मैच रिकॉर्ड्स...



### रोहित के एमआई के लिए सबसे ज्यादा सिक्स

रोहित शर्मा के मुंबई इंडियंस के लिए सबसे ज्यादा सिक्स हो गए हैं। एमआई के लिए खेले 205 मैचों में शर्मा ने कुल 224 सिक्स लगाए। उन्होंने एमआई लीजेंड किरोन पोलार्ड को पीछे छोड़ा। पोलार्ड ने टीम के लिए कुल 223 सिक्स लगा चुके हैं। सूर्यकुमार यादव एमआई के लिए 100 सिक्स लगाने से 2 छक्के दूर है। वे टीम के लिए 98 सिक्स लगा चुके हैं।

पेरिस ओलंपिक: 2024

## भारत को लंबी कूद में बड़ा झटका, घुटने की चोट के कारण श्रीशंकर ओलंपिक से बाहर, सर्जरी होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लंबी कूद के दिग्गज खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं और उन्हें सर्जरी करानी पड़ेगी जिसके कारण वह पूरे 2024 सत्र में नहीं खेल पाएंगे। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीतते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया था। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को शंघाई/सुझोउ और दोहा में क्रमश- 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डायमंड लीग



प्रतियोगिता के साथ अपने सत्र की शुरुआत करनी थी, लेकिन मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान उन्हें चोट लगी और उनका ओलंपिक में हिस्सा लेने का सपना टूट गया।

**पिता भी रहे हैं एथलीट-** श्रीशंकर के पिता एस. मुरली ही उनके कोच हैं। श्रीशंकर का कहना है कि उनके शरीर को उनके पिता उनसे बेहतर समझते हैं। श्रीशंकर के पिता पूर्व ट्रिपल जंप एथलीट थे और दक्षिण एशियाई खेलों में रजत पदक विजेता रहे हैं। 1992 एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उनकी मां के.एस. बिजिमोल 800 मीटर रेस में रजत पदक जीती थीं।

श्रीशंकर के पिता मुरली एक समय पर शराब के शौकीन थे, लेकिन बेटे के खेल पर ध्यान देने के लिए उन्होंने इससे दूरी बना ली। टोक्यो ओलंपिक में श्रीशंकर के फेल होने के बाद मुरली ने ही अपने बेटे को संभाला था। उस समय श्रीशंकर काफी दबाव में थे और डिप्रेशन में भी चले गए थे। वह खेल छोड़कर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहते थे। ऐसे में उनके पिता ने उन्हें संभाला और श्रीशंकर भारत के शीर्ष लॉन्ग जंपर बन गए। उन्होंने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को रजत पदक दिलाया था।

# छह साल की उम्र में तक्षवी वघानी ने रचा इतिहास

### स्केटिंग में किया कमाल, बना दिया विश्व रिकॉर्ड





**नई दिल्ली, एजेंसी।** तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में कमाल करते हुए अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया है। इसकी पुष्टि करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें छह साल की तक्षवी को स्केटिंग करते देखा जा रहा है। अहमदाबाद की तक्षवी वघानी ने छह वर्ष की उम्र में ऐसा कारनामा कर डाला है जिससे उनकी चर्चा भारत ही नहीं पूरे विश्व में हो रही है। उन्होंने छोटी सी आयु में कुछ ऐसा किया जिससे उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया। तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में 25 मीटर से अधिक का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इसी के साथ उन्होंने न सिर्फ अपना नाम रोशन किया बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया।

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने की पुष्टि

तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में कमाल करते हुए अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया है। इसकी पुष्टि करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें छह साल की तक्षवी को स्केटिंग करते देखा जा रहा है। वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा गया, 25 मीटर से अधिक की लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग। पिछले साल 10 मार्च को यह रिकॉर्ड ब्रेकिंग उपलब्धि हासिल की गई थी।

### तक्षवी ने तोड़ा मनस्वी का रिकॉर्ड

अहमदाबाद की तक्षवी से पहले यह रिकॉर्ड पुणे की मनस्वी विशाल के नाम दर्ज था। उन्होंने साढ़े तीन साल की उम्र में 25 मीटर से ज्यादा की लोएस्ट लिंबो स्केटिंग से सभी को प्रभावित कर दिया था। उन्होंने धरती से केवल 16.5 सेंटीमीटर की ऊंचाई बनाए रखते हुए 25 मीटर की दूरी तक ग्लाइड किया था।

### सृष्टि भी नहीं हैं पीछे

लिम्बो स्केटिंग की दुनिया में तक्षवी और मनस्वी के अलावा 18 वर्षीय सृष्टि धर्मेंद्र शर्मा भी कमाल दिखा चुकी हैं। उन्होंने जुलाई 2023 में 50 मीटर से अधिक की स्केटिंग में कमसमय लेते हुए नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया था। उन्होंने इस दूरी को 6.94 सेकंड में पूरा किया था। उन्होंने 2021 में बनाए अपने ही रिकॉर्ड को तोड़कर यह उपलब्धि हासिल की थी।



# कक्षा 10वीं के बाद सिविल सर्विस की करना चाहते हैं तैयारी, इस स्ट्रीम से करें आगे की पढ़ाई

**10वीं पास करने के बाद अक्सर कैंडिडेट आगे की पढ़ाई किस स्ट्रीम से करें इसके लिए परेशान रहते हैं। कई बार छात्र दसवीं और बारहवीं करने के बाद सिविल सर्विस की तैयारी करने का सोचते हैं ताकि वह अपने करियर को बेहतर बना सके। ऐसे में 10वीं और 12वीं करने के बाद सही स्ट्रीम का चुनाव करना बेहद जरूरी हो जाता है। हालांकि किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिए किसी पर्टिकुलर स्ट्रीम की आवश्यकता नहीं होती है।**

अगर बात करें मुख्य रूप से सिविल सर्विस तैयारी की आप किसी भी स्ट्रीम को चुनकर भविष्य में आईएएस, आईपीएस अधिकारी बन सकते हैं। लेकिन कुछ स्ट्रीम के सब्जेक्ट ऐसे होते हैं जिसे पढ़कर भविष्य के करियर को मजबूत कर सकते हैं। इस लेख में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप अगर केवल आईएएस और आईपीएस की तैयारी कर रहे हैं तो कौन सी स्ट्रीम बेस्ट साबित हो सकती है।

## साइंस स्ट्रीम को करें सेलेक्ट

अगर आप फॉरेंसिक साइंस, क्रिमिनोलॉजी जैसे विषयों को पढ़ने और समझने और साइबर सिक्योरिटी जैसे पुलिसिंग के कुछ टेक्निकल फील्ड में स्पेशलाइजेशन हासिल करने की इच्छा रखते हैं, तो आप फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी या मैथेमेटिक्स जैसे विषयों का चयन कर सकते हैं।

## आर्ट्स स्ट्रीम का करें चयन

इस स्ट्रीम में छात्रों को इतिहास, पॉलिटिकल साइंस,साइकोलॉजी, सोशियोलॉजी जैसे विषयों को पढ़ने का अवसर मिलता है। ये सारे विषय सामाजिक मुद्दों, शासन और ह्यूमन नेचर की समझ प्रदान करते हैं। अगर आप कानून प्रवर्तन के फील्ड में काम आ सकता है।

## कॉमर्स स्ट्रीम को करें सेलेक्ट

कॉमर्स स्ट्रीम के अकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडीज और इकोनॉमिक्स जैसे विषयों की मदद से फाइनेंस और बिजनेस पर फोकस कर सकते हैं। फाइनेंस से जुड़े क्राइम से निपटने या पुलिस बजट को मैनेज करने में ये विषय आपकी मदद कर सकता है।

कौन सी स्ट्रीम हो सकती है बेस्ट

किसी भी स्ट्रीम को सेलेक्ट करने के लिए छात्र के रूचि और पर्सनल च्वाइस पर डिपेंड करता है। सिविल सर्विस अधिकारी कई एजुकेशनल बैकग्राउंड से आते हैं। ऐसे में आपको उस विषय को चुनना चाहिए जिसे पढ़ने में आपको इंटरेस्ट आता है। अगर आप आर्ट स्ट्रीम से ग्रेजुएशन या पीजी करते हैं तो आपको आगे चलकर इन विषयों को समझना बेहद ही आसान होता है।



# प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स में बनाएं अपना कॅरियर

**ऑर्थोटिस्ट और प्रोस्थेटिस्ट ऐसे रोगियों को दूसरों पर निर्भर हुए बिना अपने रोजमर्रा के काम करने के लिए स्थिरता और गतिशीलता हासिल करने में मदद करते हैं। कोई भी इस ऑर्थोटिस्ट या प्रोस्थेटिस्ट कॅरियर का विकल्प चुन सकता है।**

ऑर्थोटिक्स और प्रोस्थेटिक्स प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवर होते हैं जो ऑर्थोटिक और प्रोस्थेटिक उपकरणों की योजना बनाते हैं, विकसित करते हैं, फिट करते हैं और संशोधित करते हैं। इन उपकरणों में ऑर्थोस ब्रेसिज, जैसे कृत्रिम हाथ और पैर शामिल हैं। ऑर्थोटिस्ट और प्रोस्थेटिस्ट विकलांग रोगियों को सहायता प्रदान करते हैं। वे उन्हें कृत्रिम अंगों (प्रोस्थेटिक्स) से जोड़ते हैं और उन्हें स्थिरता हासिल करने में मदद करते हैं। कई बार दुर्घटना में लोगों के हाथ-पैर भी टूट जाते हैं। ऑर्थोटिस्ट और प्रोस्थेटिस्ट उनके जीवन में सहायक उपकरणों को ठीक करने और गतिशीलता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे हादसों का शिकार हुए इंसान अक्सर आजीवन अपंगता का शिकार हो जाते हैं। ऑर्थोटिस्ट और प्रोस्थेटिस्ट उनके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालाँकि वे मूल अंग को वापस नहीं ला सकते हैं, लेकिन वे कृत्रिम अंगों जैसे ऑर्थोटिक ब्रेसिज या ऑर्थोस के साथ उन्हें फिट करके उन्हें स्थिरता प्रदान कर सकते हैं।

प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स कॅरियर के रूप में ऑर्थोटिस्ट और प्रोस्थेटिस्ट का कॅरियर सभी के लिए उपयुक्त है चाहे वह लड़का हो या लड़की। विकलांगता से पीड़ित लोगों को अक्सर दूसरों पर आजीवन निर्भरता रहना पड़ता है। ऑर्थोटिस्ट और प्रोस्थेटिस्ट ऐसे रोगियों को दूसरों पर निर्भर हुए बिना अपने रोजमर्रा के काम करने के लिए स्थिरता और गतिशीलता हासिल करने में मदद करते हैं। कोई भी इस ऑर्थोटिस्ट या प्रोस्थेटिस्ट कॅरियर का विकल्प चुन सकता है।

प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स में स्नातक उन छात्रों के लिए एक करियर विकल्प है जो फार्माकोलॉजी, विच्छेदन सर्जरी और यहां तक कि ग्राफिकल संचार जैसे विषयों का अध्ययन करना चाहते हैं ताकि लगभग हर डोमेन में रोगियों की मदद की जा सके। इस कोर्स को करने पर छात्रों को किसी भी प्रोस्थेटिक या ऑर्थोटिक बीमारियों वाले रोगियों के इलाज के लिए एक पेशेवर दृष्टिकोण अपनाने में सक्षम बनाया जाता है।

प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक्स में स्नातक (बीपीओ) पाठ्यक्रम को देश में हो रही चिकित्सा प्रगति के अनुसार डिजाइन किया गया है। यह छात्रों को न्यूरोमस्कुलर और लोकोमोटर विकारों के पुनर्वास उपचार का विस्तृत अध्ययन प्रदान करता है। इतना ही नहीं, यह पाठ्यक्रम छात्रों को शारीरिक कल्याण के क्षेत्र में सक्षमता बनाने में भी मदद करता है।

प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक्स में स्नातक 4 साल का पूर्णकालिक स्नातक पाठ्यक्रम है जिसे तीन महीने प्रोस्थेटिक्स में और तीन महीने ऑर्थोटिक्स के साथ कुल छह महीने के अनिवार्य प्रशिक्षण के साथ पूरा किया जाता है। पाठ्यक्रम में पढ़ाए जाने वाले कुछ विशेष विषय इस प्रकार हैं-

- जैवयांत्रिकी
- प्रोस्थेटिक साइंस
- ऑर्थोटिक साइंस
- मोबिलिटी एंड रिहैबीलीटेशन एड्स
- विच्छेदन सर्जरी और इमेजिंग विज्ञान
- सहायक तकनीक
- औषध
- ग्राफिकल संचार
- हड्डी रोग

सभी ऑर्थोटिस्ट और प्रोस्थेटिस्ट को ऑर्थोटिक्स और प्रोस्थेटिक्स में मास्टर डिग्री पूरी करनी चाहिए। मास्टर प्रोग्राम को पूरा होने में आमतौर पर 2 साल लगते हैं। इन कार्यक्रमों में ऊपरी और निचले छोरों के ऑर्थोटिक्स और प्रोस्थेटिक्स, स्पाइनल ऑर्थोटिक्स और प्लास्टिक निर्माण के लिए उपयोग की जाने वाली अन्य सामग्री शामिल होती हैं। इसके अलावा, ऑर्थोटिक्स और प्रोस्थेटिक्स कार्यक्रमों में एक नैदानिक घटक होता है जिसमें छात्र एक आर्थोपेडिस्ट या प्रोस्थेटिस्ट के निर्देशन में काम करता है।

## पात्रता

- कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं में भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और अंग्रेजी विषयों में न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करें
- कॉलेजों की उच्च रैंकिंग कट-ऑफ को क्लियर करने के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में अच्छा रैंक प्राप्त करें
- पाठ्यक्रम का अध्ययन करने के लिए संस्थानों द्वारा आयोजित विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं को पास करें

## शीर्ष संस्थान

- अखिल भारतीय भौतिक चिकित्सा और पुनर्वास संस्थान
- राष्ट्रीय लोकोमोटर विकलांग संस्थान, कोलकाता
- क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, तमिलनाडु
- अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज (एयूएस)
- आर्यभट्ट नॉलेज यूनिवर्सिटी
- चक्रधर पुनर्वास विज्ञान संस्थान, भुवनेश्वर
- ईश्वर प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स संस्थान, चेन्नई

## प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स के काम

ऑर्थोटिक्स और प्रोस्थेटिक्स आमतौर पर निम्नलिखित कार्य करते हैं:

- मरीजों की जरूरतों को निर्धारित करने के लिए उनका मूल्यांकन और साक्षात्कार
- रोगी के शरीर के उस हिस्से का माप या छाप लें जहाँ ब्रेस या कृत्रिम अंग लगाया जाएगा
- चिकित्सकों के नुस्खे के आधार पर आर्थोपेडिक और कृत्रिम उपकरणों का डिजाइन और निर्माण करना
- ऑर्थोटिक या प्रोस्थेटिक डिवाइस के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्री का चयन करना
- रोगियों को उनके उपकरणों का उपयोग करने और उनकी देखभाल करने का निर्देश देना
- प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक उपकरणों को समायोजित, मरम्मत या या उन्हें बदलना



# रेगुलर डिग्री के साथ हासिल करें पार्ट टाइम स्किल

**कॉलेज में क्लासेज होती है दोपहर तक, उसके बाद क्या करें! पर अब आप दोपहर बाद के खाली समय को लेकर परेशान न हों। दिल्ली विश्वविद्यालय के कैम्पस ऑफ ओपन लर्निंग में तरह-तरह के शॉर्ट टर्म कोर्स हैं, जो आपके दोपहर बाद के टाइम को भी सार्थक करेंगे और आपकी जानकारी में भी इजाफा करेंगे।**

इन कोर्सों में कुछ बैंकिंग और फाइनेंस सेक्टर से जुड़े हैं तो कुछ पर्सनेलिटी डेवलपमेंट से। ये कोर्स आमतौर तीन से छह माह तक की अवधि के हैं। इन कोर्सों को रेगुलर कोर्स की पढ़ाई करने के साथ-साथ किया जा सकता है।

## कोर्स के रंग

केशवपुरम स्थित सेंटर में विश्वविद्यालय ने विभिन्न उद्योगों की मदद से शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू किए हैं। फिलहाल पांच कोर्सेज में दाखिले की प्रक्रिया जारी है। कोर्स हैं- टेलीकॉम, इंश्योरेंस, सेल्स एंड रिलेशनशिप मैनेजमेंट, हॉस्पिटेलिटी और सॉफ्ट स्किल।

**टेलीकॉम** - टेलीकॉम का कोर्स भारती ग्रुप के सेंटम लर्निंग की मदद से चलाया जा रहा है। छह माह के इस कोर्स में दो माह की इंटर्नशिप है। कोर्स में कस्टमर रिलेशनशिप, कस्टमर सर्विस और टीम वर्क जैसी चीजें शामिल हैं।

**इंश्योरेंस** - इंश्योरेंस का कोर्स मेटलाइफ के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसमें जीवन बीमा और वित्तीय मामलों की जानकारी दी जाती है। विभिन्न तरह के प्रोडक्ट्स और उनके इस्तेमाल के बारे में बताया जाता है। यह कोर्स तीन माह का है, जिसमें एक माह इंटर्नशिप है। इसकी फीस दस हजार रखी गई है।

**सेल्स एंड रिलेशनशिप मैनेजमेंट**- सेल्स एंड रिलेशनशिप मैनेजमेंट विशेष तौर पर स्नातक पास या स्नातक अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए है। इसमें दाखिला प्रवेश परीक्षा के जरिए होता है। कोर्स में दाखिला पाते ही छात्र को नियुक्ति पत्र भी दिया जाता है, ताकि कोर्स पूरा होते ही छात्र कंपनी के साथ काम कर सके। यह कोर्स बैंक और फाइनेंस सेक्टर में काम के लिहाज से तैयार किया गया है। सीटें 25 हैं और फीस 18 हजार है। कोर्स की अवधि साढ़े तीन माह है। यह हीरो माइंड माइन कंपनी के सहयोग से चल रहा है। इसमें बैंक की जानकारी, बिजनेस कम्युनिकेशन और कम्युनिकेशन और सेलिंग स्किल की जानकारी दी जाएगी।

**सॉफ्ट स्किल** - सॉफ्ट स्किल में अंग्रेजी कम्युनिकेशन, कॉरपोरेट एप्टीटयूड, साक्षात्कार का सामना करने के हुनर सिखाए जाते हैं। हॉस्पिटेलिटी का कोर्स होटल उद्योग और अन्य सर्विस सेक्टर में कुशल कर्मचारी तैयार करने को लेकर तैयार किया गया है। सेल्स एंड रिलेशनशिप मैनेजमेंट को छोड़ कर अन्य सभी कोर्सेज में प्रवेश के लिए 12वीं पास होना अनिवार्य है।

## क्या कहते हैं विशेषज्ञ

इन कोर्सों में दाखिला पाने वाले छात्रों को पढ़ाई के दौरान ऑन हैंड ट्रेनिंग भी दी जाती है। संस्थान में आधुनिक लैब भी तैयार की गई है। कक्षाएं आमतौर पर सप्ताह में तीन दिन दो-दो घंटे चलेंगी। कोर्स पूरा होने के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय और संबंधित संस्थान संयुक्त रूप से सर्टिफिकेट प्रदान करते हैं। ये कोर्स छात्रों की सहूलियत के मुताबिक चलाए जाते हैं। अगर किसी को सुबह की पाली में क्लास करने में परेशानी है तो वह दूसरी पाली यानी दोपहर बाद भी क्लास कर सकता है।





# सीखें कहने की कला

**अपनी बात कहने से पहले दूसरों की बात गौर से सुनें-गुनें और उनकी उम्मीदों-अपेक्षाओं को समझें, ताकि जब आपके कहने की बारी आए, तो दूसरे भी आपकी बातों को ध्यान से सुनें और प्रभावित हों। जॉब सर्च, इंटरव्यू या नौकरी के दौरान अपनी बात से दूसरों को मुरीद बनाने की कम्यूनिकेशन स्किल के टिप्स दे रहे हैं मोटिवेटर।**

अच्छे वक्ता वे होते हैं, जो बोलते हैं तो लोग ध्यान से सुनते हैं। आज स्थिति यह है कि आप अपनी बात को कितने प्रभावशाली ढंग से रखते हैं, उसी पर आपको करियर या जीवन के किसी भी क्षेत्र में मिलने वाली कामयाबी निर्भर करती है। जरा सोचिए, आप किसी मंच पर अपनी बात रख रहे हैं, तो लोग उसे क्यों सुनना चाहेंगे? अगर आप वहां उपस्थित लोगों की मन स्थिति, उनकी रुचियों, अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित विषय को जोड़ेंगे, तभी लोग उससे प्रभावित होंगे। आप चाहे जितनी हायर स्टडी कर लें या तकनीकी ज्ञान हासिल कर लें, जब तक उसके बारे में लोगों को अच्छी तरह बताने की कला में पक्के नही हो जाते, तब तक लोग आपके ज्ञान से कतई प्रभावित नहीं हो सकते। इसलिए जितना जरूरी ज्ञान प्राप्त करना है, उससे कहीं ज्यादा जरूरी अपनी कम्यूनिकेशन स्किल विकसित करना है। अगर आप एक बार कहने की कला में पारंगत हो गए, तो चाहे पब्लिक स्पीकिंग हो या फिर इंटरव्यू या ग्रूप डिस्कशन या फिर मार्केटिंग फील्ड में अपने क्लाइंट को प्रभावित करना हो, हर जगह आप कामयाबी हासिल कर सकते हैं।

## होमवर्क जरूरी

अगर आप किसी संस्थान में जॉब हासिल करना चाहते हैं, तो वहां अप्लाई करने से पहले या साथ-साथ उसके बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी जुटाने का प्रयास करें। मसलन यह कि कंपनी क्या काम करती है, मार्केट में उसकी छवि कैसी है, वहां के लोगों को मार्केट में कितना आदर-सम्मान दिया जाता है आदि। यह सब जानने के बाद ही आप इंटरव्यू के दौरान वहां के एचआर को बता सकते हैं कि आप वहा के लिए कितने उपयोगी हो सकते हैं। 90 फीसद से ज्यादा उम्मीदवार ऐसा नहीं करते। ऐसे में इंटरव्यू के वक्त जब उनसे पूछा जाता है कि आप संस्थान की तरक्की में किस तरह का योगदान दे सकते हैं, तो उम्मीदवारों के पास तार्किक जवाब नही होता। फिर वे जो भी जवाब देते हैं, उसकी कोई अहमियत नहीं रह जाती। अगर कंपनी के बारे में आपको जानकारी है, तो आप आत्मविश्वास के साथ अपनी बात कह सकते हैं।

## तोल-मोल कर बोलें

जब कभी इंटरव्यू के लिए जाएं, तो अपने रेज्यूमे में लिखी बातों का ध्यान रखें। अपने बारे में वही बताएं, जो आपने रेज्यूमे में पहले लिखकर भेजा है। इंटरव्यू के दौरान पूरी विनम्रता से, मीडियम टोन में अपनी बात रखें। न तो इतनी जोर से बोलें कि आपकी आवाज कमरे से बाहर तक सुनाई दे और न ही इतना धीमे बोलें कि सामने वाले लोग आपकी बात सुन ही न पाएं। अगर आपकी आवाज कर्कश, बेसुरी है, तो संगीत साधना की तरह घर पर इसे विनम्र-मधुर बनाने का रियाज करें। आगे आपको हर जगह इसका फायदा मिलता नजर आएगा।

## सुनें ज्यादा, बोलें कम

इंटरव्यू या क्लाइंट मीटिंग के दौरान बीच में बोले बिना सामने वाले की बातों को गौर से सुनें। उनकी बात खत्म होने के बाद दस सेकंड सोचें और अपनी सूझ-बूझ का परिचय देते हुए विनम्रता से जवाब दें या अपनी बात रखें। एक बार जो बोलें, उसे बदलें नहीं। न ही किसी बात पर उत्तेजित हों।


संक्षिप्त समाचार

## मरियम नवाज बोलीं- पाकिस्तान को पड़ोसियों से नहीं लड़ना चाहिए



**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने बृहस्पतिवार को अपने पिता और तीन बार पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के हवाले से कहा कि हमें अपने पड़ोसियों से नहीं लड़ना चाहिए। हमें उनके लिए अपना दिल खोलने की जरूरत है। मरियम करतारपुर में गुरुद्वारा दरबार साहिब में आयोजित एक सभा को संबोधित कर रही थीं। बृहस्पतिवार को सिख तीर्थयात्री गुरु नानक देव जी की समाधि पर अनुष्ठान करने के लिए करतारपुर साहिब पहुंचे थे। उन्होंने सिख तीर्थयात्रियों के एक समूह से मुलाकात भी की। इनमें ज्यादातर भारत से थे। बैसाखी उत्सव में शामिल होने के लिए भारत से लगभग 2,400 सिख वर्तमान में पाकिस्तान के दौरे पर हैं। मरियम ने कहा कि यह पहली बार है कि पाकिस्तान में बैसाखी का त्योहार सरकारी स्तर पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह मेरा पंजाब है और हम होली, ईस्टर और बैसाखी जैसे सभी अल्पसंख्यक त्योहार एक साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा, हम यहां भारतीय पंजाब के लोगों की तरह पंजाबी बोलना चाहते हैं। मेरे दादा, मियां शरीफ अमृतसर के जाति उमरा से हैं। जब एक भारतीय पंजाबी जाति उमरा की मिट्टी लेकर आए, तो मैंने इसे उनकी कब्र पर रख दिया। मरियम ने कहा कि उन्होंने रमेश सिंह अरोड़ा को अपनी सरकार में पहला सिख मंत्री बनाया है। गौरतलब है कि 50 साल की मरियम को नवाज शरीफ का राजनीतिक उत्तराधिकारी माना जाता है। वह फरवरी में पाकिस्तान की पहली महिला मुख्यमंत्री चुनी गई थीं।

## ज्वालामुखी विस्फोट के कारण 11 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया



**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट के कारण 11 हजार से अधिक लोगों को विस्थापित किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट उत्तरी सुलावेसी प्रांत में हुआ है। पहला विस्फोट मंगलवार रात को हुआ तो वहीं बुधवार को लगातार चार विस्फोट हुए। इस वजह से क्षेत्र की स्थिति नाजुक हो गई है। ज्वालामुखी विज्ञान एजेंसी ने चेतावनी स्तर को बढ़ाकर चार कर दिया है, जो खतरे के पैमाने पर सबसे उच्च है। रिपोर्ट के मुताबिक, बहिष्करण क्षेत्र के आकार को चार से छह किलोमीटर तक बढ़ा दिया गया है। पहले रुआंग के 800 से अधिक निवासियों को टैगुलानडांग द्वीप पर ले जाया गया था, जो राज्य की राजधानी मनाडो ने 100 किलोमीटर दूर है। बहिष्करण क्षेत्र को बढ़ाने के कारण गुरुवार सुबह अधिक लोगों को निकालना पड़ा। आपदा एजेंसी के आपदा डेटा, संचार और सूचना केंद्र के प्रमुख अब्दुल मुहरी ने बताया क्षेत्र से करीब 11,615 निवासियों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है। अधिकारियों को आशंका है कि कहीं इस बार की 1871 की तरह हुए विस्फोट की तरह न हो कि ज्वालामुखी का एक हिस्सा समुद्र में गिर जाए। इससे सुनामी का खतरा बढ़ जाएगा। विमानान अधिकारियों ने बताया कि मानडो स्थित सैम रतुलंगी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा गुरुवार शाम तक बंद रहेगा। यह हवाईअड्डा दक्षिण कोरिया, चीन और सिंगापुर सहित अन्य देशों के लिए सेवाएं प्रदान करता है। इसके अलावा, मलेशिया के कोटा किनाबुल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानों में भी बाधाएं आई हैं।

## पूर्व सैनिकों को रूस भेजने वाला सेवानिवृत्त मेजर गिरफ्तार, 100 से ज्यादा भेजे गए थे नागरिक



**कोलंबो, एजेंसी।** पुलिस ने श्रीलंकाई सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी को पूर्व सैनिकों को रूस भेजने के मामले में संलिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध में श्रीलंकाई सेना के पूर्व सैनिकों को रूसी सेना में सेवा देने के लिए भेजा गया है। भारत से भी ऐसे कई युवकों को धोखे से रूस की सेना में भर्ती किया गया।


मामला प्रकाश में आने के बाद कुछ की वापसी हुई। नेपाल अपने नागरिकों को रूसी सेना में भर्ती किए जाने पर आवाज उठा चुका है। श्रीलंकाई पुलिस के अपराध जांच विभाग ने सेना में नौकरी के लिए रूस भेजने के नाम पर लोगों से पैसे लेने की जांच के तहत पूर्व मेजर और एक नागरिक को गिरफ्तार किया। पिछले महीने जानकारी सामने आई थी कि श्रीलंका के सौ से ज्यादा पूर्व सैनिक रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों ओर से लड़ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया के समाचारों में कहा गया है कि श्रीलंका के पूर्व सैनिकों को 3000 डालर मासिक वेतन पर रूस-यूक्रेन युद्ध में सेवा देने का लालच दिया गया था। पिछले कई महीनों के दौरान यूक्रेन में सेवा दे रहे ऐसे श्रीलंकाई लोगों में से तीन की मौत होने की सूचना मिल चुकी है।

# ईरान-इजरायल की लड़ाई में रफाह में बहेगा रक्त! 14 लाख बेघर फलस्तीनी बनेंगे बलि का बकरा


**वॉशिंगटन , एजेंसी।** इजरायल और ईरान की तनातनी में रफाह में रह रहे करीब 14 लाख बेघर फलस्तीनी बलि का बकरा बन सकते हैं। अमेरिका ने ईरान पर जवाबी हमला न करने की शर्त पर इजरायल को गाजा पट्टी के रफाह क्षेत्र में हमले की अनुमति देने का प्रस्ताव रखा है। गुरुवार को इस हमले की रूपरेखा पर विचार के लिए अमेरिका और इजरायल के अधिकारियों की वर्चुअल बैठक भी हुई है।

इतना ही नहीं इजरायल को संतुष्ट करने के लिए अमेरिका, यूरोपीय संघ और जी 7 ने ईरान पर नए कड़े प्रतिबंध लगाने का भी वचन दिया है। इस वचन के तहत ईरान पर नए प्रतिबंधों की शुरुआत गुरुवार को हो गई। इसके बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान पर हमले का निर्णय टालने का संकेत दिया है।

इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजरायल से ईरान पर बड़ा हमला न करने का अनुरोध किया। इजरायल यह हमला रविवार रात हुए ईरान के



300 से ज्यादा ड्रोन और मिसाइल हमले के जवाब में करने की योजना बना रहा है और ईरान उसका कड़ा जवाब देने की तैयारी में है। इससे गाजा युद्ध के चलते क्षेत्र में पहले से बढ़े तनाव में स्थिति विस्फोटक होने की आशंका है। इसी के चलते पूरा विश्व इजरायल और ईरान से संयम बरतने की अपील कर रहा है। इजरायल और ईरान के बीच युद्ध छिड़ने पर क्षेत्र में स्थित अमेरिका के आठ सैन्य ठिकानों के लिए खतरा पैदा हो जाएगा। उन ठिकानों पर हमला होने की स्थिति में युद्ध में अमेरिका को भी शामिल होना पड़ सकता है जिससे विश्वयुद्ध की स्थितियां बन सकती हैं। इस स्थिति से बचाव के लिए ही ईरान पर कड़े प्रतिबंधों की कार्रवाई कर इजरायल को संतुष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। हरी झंडी देने पर बात हो रही है। रफाह में जमीनी कार्रवाई के लिए बीते डेढ़ महीने से इजरायल कोशिश कर रहा है लेकिन भीषण खूनखराबे की आशंका से अमेरिका और सहयोगी यूरोपीय देश उसे लगातार रोक रहे हैं। ईरान के हमले के बाद अब अमेरिका किसी भी कीमत पर इजरायल को जवाब देने से रोकना चाहता है, इसलिए निहत्थे फलस्तीनियों को उसकी कीमत चुकानी होगी। इजरायल पर हमला करने के लिए अमेरिका और ब्रिटेन ने गुरुवार को ईरान पर नए प्रतिबंध लगा दिए। अमेरिका ने ईरान को मानवरहित विमानों के निर्माण में काम आने वाली सामग्री के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। इससे ईरान का ड्रोन और मिसाइल कार्यक्रम प्रभावित होगा। इसके अतिरिक्त अमेरिका ने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड फोर्स, ईरानी रक्षा मंत्रालय और ईरान सरकार के 600 से ज्यादा प्रमुख अधिकारियों और कंपनियों पर भी प्रतिबंध लगाए हैं। इनकी ईरान से बाहर की संपत्ति जब्त की जाएगी और उनकी देश से बाहर यात्रा पर प्रतिबंध लग गया है। ब्रिटेन ने सात लोगों और छह कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं। जिन पर प्रतिबंध लगा है वे इजरायल पर हमले के लिए प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से जिम्मेदार थे। विदित हो कि ईरान परमाणु हथियार विकसित करने के प्रयास में पहले से ही कड़े अमेरिकी प्रतिबंध झेल रहा है।



## जीपीएस मॉड्यूल से लैस विस्फोटक ले जाने में हैं सक्षम


### यूक्रेन एयर डिफेंस ने कहा, उसने 13 रूसी ड्रोन को नष्ट किया

**कीव , एजेंसी।** रूसी एयर डिफेंस ने यूक्रेन द्वारा नवाचार के रूप में आजमाए गए पांच यूक्रेनी सैन्य गुब्बारे को मार गिराने का दावा किया। हालांकि, इस गुब्बारे को लेकर न तो रूस और न ही यूक्रेन की ओर से विस्तार में कोई जानकारी दी गई है। इसे रूसी अथॉरिटी और मीडिया ने हाल के सप्ताह में नष्ट करने की बात कही है।

दूसरी ओर, यूक्रेनी वायु सेना ने कहा है कि उसने बुधवार रात रूस की ओर से हमले में इस्तेमाल किए गए सभी 13 ड्रोन को मार गिराया। रूसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन की सेना नवाचार चला रही है, विशेष रूप से बड़ी क्रेमलिन सेनाओं के विरुद्ध व्यापक उपयोग के लिए ड्रोन को अपना रही है। यूक्रेनी गुब्बारे जीपीएस मॉड्यूल से लैस हैं और विस्फोटक ले जाते हैं। कथित तौर पर उनका पता लगाना कठिन है और वे आम छोटे ड्रोनों की तुलना में बड़ा पेलोड ले जा सकते हैं। उधर, रूसी बलों ने बुधवार रात यूक्रेन के पश्चिमी क्षेत्र के इवानो-फ्रैंकिसक को निशाना बनाकर 13 ड्रोन से हमला किया, जिसे यूक्रेन ने मार गिराया। कहा, इसके मलबे गिरने से आग लग गई। इस बारे में विस्तार से कुछ उपलब्ध नहीं है। वहीं, यूक्रेन में चेर्निहिव पर रूसी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 पहुंच गई। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने कहा है कि वह यूक्रेन के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित नए सैन्य पैकेज को लेकर शनिवार तक मतदान की तैयारी कर रहे हैं।

## कम बजट के कारण मंगल से मिट्टी के नमूने नहीं ला पा रही नासा, 2027-28 तक भेजा जाएगा तीसरा यान

**वाशिंगटन, एजेंसी ।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अब मंगल ग्रह से मिट्टी के नमूने लाने के सस्ते तरीके खोज रही है। नासा के मुताबिक, कम बजट के कारण अब सस्ते तरीके खोजना उसकी वैज्ञानिक प्राथमिकताओं में शामिल हो गया है। अधिकारियों के मुताबिक, एजेंसी के सारे केंद्रों और निजी कंपनियों को भी इस परियोजना में मदद के लिए एक औपचारिक अनुरोध पत्र भेजा जा रहा है। यह काम तकनीकी रूप से बेहद जटिल है, इसलिए नासा हरसंभव कोशिश कर रही है। मौजूदा तकनीक से जो काम अब तक नहीं हो पा रहा है, उसे उसी तकनीक के इस्तेमाल से कम खर्च में कैसे किया जाएगा। इसमें एक अन्य ग्रह से रॉकेट लॉन्च कर उसे धरती पर लाने जैसा जटिल काम शामिल है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि तीसरा यान 2027-28 तक भेजा जाएगा और 2030 के दशक की शुरुआत में यह नमूने लेकर धरती पर लौटेगा। इस पूरे अभियान पर करीब 5 से 7 अरब डॉलर का खर्च होने का अनुमान है। लेकिन स्वतंत्र समीक्षकों ने पाया कि आधुनिक तकनीक के तहत मंगल से नमूने वापस लाने का कुल खर्च 11 अरब डॉलर तक जा सकता है।





## राष्ट्रपति जरदारी ने पाकिस्तानी संसद में अलापा कश्मीर राग

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने गुरुवार को संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कश्मीर का मुद्दा उठाया और दक्षिण एशिया में शांति और विकास सुनिश्चित करने के लिए इसे हल करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल करने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को पांच अगस्त, 2019 के बाद से उठाए गए सभी कदमों को वापस ले लेना चाहिए। संसद में पीटीआई सांसदों द्वारा की जा रही नारेबाजी के बीच राष्ट्रपति जरदारी ने राजनेताओं से ध्रुवीकरण की सियासत छोड़ देश की चुनौतियों से लड़ने का आग्रह किया। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनाव के बाद संसद का संयुक्त सत्र बुलाया गया था। इस दौरान जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसदों ने राष्ट्रपति और सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। कश्मीर पर उन्होंने कहा कि कश्मीर के लोगों को अपना भविष्य निर्धारित करने के लिए आत्मनिर्णय के अधिकार का प्रयोग करने की अनुमति देनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि दक्षिण एशिया क्षेत्र में विकास के लिए शांति आवश्यक है और कश्मीर का समाधान शांति की कुंजी है।

## नियम पसंद नहीं तो स्कूल छोड़ दें, हाईकोर्ट ने ठुकराई स्कूल में नमाज पढ़ने की मांग

**लंदन, एजेंसी ।** ब्रिटेन में हाईकोर्ट ने स्कूल में नमाज पर पढ़ने पर लगी रोक के खिलाफ मुस्लिम छात्रा की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि अगर छात्रा को स्कूल के नियम पसंद नहीं है तो वह स्कूल छोड़ दे। अगर स्कूल में पढ़ना है तो उसे वहां के नियम मानने होंगे। भारत के संदर्भ में यह फैसला इसलिए प्रासंगिक है कि कर्नाटक में स्कूल में हिजाब पहनने पर रोक



के खिलाफ देश भर में प्रदर्शन हुए थे। ये मामला ब्रिटेन के सबसे सख्त स्कूलों में से एक ब्रेंट स्थिल मिशेला कम्यूनिटी स्कूल से जुड़ा है। स्कूल की भारतीय मूल की प्रिंसिपल कैथरीन बीरबल सिंह को ब्रिटेन की सबसे सख्त प्रिंसिपल माना जाता है। स्कूल में धार्मिक शिक्षा पर सख्ती से रोक है। स्कूल परिसर में किसी भी तरह के धार्मिक कार्य करने पर पाबंदी है। स्कूल में पढ़ने वाले लगभग 700 बच्चों में से ज्यादातर मुस्लिम हैं। इनमें से 30 बच्चों ने मार्च 2023 में स्कूल परिसर में नमाज पढ़ी थी। इसके बाद स्कूल ने कड़ा कदम उठाया और सभी को चेतावनी दी। इसी के बाद स्कूली छात्रा ने हाईकोर्ट में अपील की थी। हाईकोर्ट की जस्टिस लिंडेन ने 83 पेजों के फैसले में कहा कि दाखिले से पहले सभी बच्चों और उनके माता-पिता को बताया जाता है कि इस स्कूल में धार्मिक क्रिया कलापों के लिए कोई जगह नहीं है। हाईकोर्ट के फैसले को स्कूल की संस्थापक और प्रिंसिपल कैथरीन बीरबलसिंह ने सभी स्कूलों की जीत बताया है।

## कारगिल युद्ध पाकिस्तान की बड़ी भूल, 1999 की हार के लिए पूर्व पाक सैन्य अफसरों ने जताया मलाल

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व सैन्य अफसरों ने भारत व पाकिस्तान के बीच 1999 में हुए कारगिल युद्ध को अपने देश की एक रणनीतिक भूल करार दिया है। जिसे इसके साजिशकर्ता और पाकिस्तानी सैन्य तानाशाह दिवंगत जनरल परवेज मुशर्रफ ने सफलता की कहानी के रूप में सराहा था।

पूर्व कर्नल अशफाक हुसैन कहते हैं कि कारगिल में घुसपैठ एक बड़ी भूल और विफलता थी। यह पाकिस्तान के लिए आपदा साबित हुई। इसने भारत व पाकिस्तान के बीच लाहौर शिखर सम्मेलन समझौते का भी उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया। यहां तक कि उसने अपने सैनिकों के शवों को भी स्वीकार नहीं किया। बाद में इन शवों को भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा दफनाया गया, जो पाकिस्तानी सेना के लिए अत्यंत अपमानजनक था। उन्होंने कहा कि मई-जुलाई 1999 के दौरान हुआ कारगिल युद्ध पाकिस्तान के कुछ वरिष्ठ सैन्य अफसरों का निर्णय था। इन अधिकारियों ने तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को पूरी तरह से विश्वास में लिए बिना ही ऑपरेशन शुरू किया था। ऑपरेशन का मुख्य लक्ष्य कश्मीर और लद्दाख के बीच संपर्क काटना, राष्ट्रीय राजमार्ग-1 को बाधित करना और भारतीय सेना को सियाचिन ग्लेशियर से पीछे हटने को मजबूर करना था।

साजिशकर्ताओं का मानना था कि यह ऑपरेशन भारत को पीछे हटने और इस्लामाबाद की शर्तों पर कश्मीर विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत की मेज पर आने के लिए मजबूर करेगा। एक तरफ पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय दबाव का सामना करना पड़ा और दूसरी तरफ चीन ने इस्लामाबाद के मन मुताबिक सहयोग नहीं किया। तत्कालीन पाक विदेश मंत्री सरताज अजीज के प्रयासों को भी अंतरराष्ट्रीय समुदाय से समर्थन नहीं मिला। उस समय, जनरल मुशर्रफ ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहे थे। उनकी टीम में चीफ आफ जनरल स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल अजीज खान, कमांडर 10 कोर लेफ्टिनेंट जनरल महमूद अहमद और फोर्सेज कमांडर उत्तरी क्षेत्र मेजर जनरल जावेद हसन शामिल थे। कारगिल ऑपरेशन कुछ सैन्य प्रमुखों के दिमाग की उपज थी।- अशफाक हुसैन, पूर्व कर्नल 1999 में पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सैनिकों से पहले ही कारगिल, द्रास और बटालिक की रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण चौकियों पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद भारतीय सेनाओं ने अपनी चौकियों पर दोबारा काबिज होने के लिए ऑपरेशन विजय शुरू किया।

# सिक लीव कल्चर से परेशान हुए पीएम ऋषि सुनक, लंबी अवधि के मेडिकल अवकाश नियमों को सख्त करने पर करेंगे विचार

**लंदन , एजेंसी।** ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक स्थायी रूप से वर्क फोर्स से बाहर हो जाने वाले ब्रिटिशर्स की संख्या में बढ़ोतरी को रोकने के लिए लंबी अवर्धा के मेडिकल अवकाश के नियमों को सख्त करने पर विचार करेंगे।

लंबी अवधि की बीमारी में वृद्धि और छात्रों की अधिक संख्या के कारण कामकाजी उम्र के लोगों के बीच श्रम शक्ति में भागीदारी 2015 के बाद से सबसे कम है। अन्य बड़े समृद्ध देशों के विपरीत, जहां 2020 के बाद से भागीदारी में वृद्धि देखी गई है।

सुनक ने शुक्रवार को अपने भाषण में जक्रि किया कि मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के कारण काम नहीं करने वाले लोगों की बढ़ती संख्या एक विशेष चिंता का विषय है।

हमें लोगों को काम पर वापस लाने में मदद करने के बारे में और अधिक महत्वाकांक्षी होने की जरूरत है और जीवन की रोजमर्रा की चुनौतियों और चिंताओं के अति-चिकित्साकरण के जोखिम के बारे में और अधिक ईमानदार होने की जरूरत है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 16 से 64 वर्ष की आयु वर्ग के लगभग 22त यानी 9.4 मिलियन ब्रिटिश नागरिक न तो काम कर रहे हैं और न ही बेरोजगार हैं, जो महामारी से ठीक पहले 8.55 मिलियन से



अधिक है। उनमें से 2.8 मिलियन लंबे समय से बीमार हैं और 206,000 अस्थायी रूप से बीमार हैं। पिछले साल ब्रिटेन के बजट प्रहरी ने कहा था कि लंबी अवधि की बीमारी के कारण काम से दूर रहने वाले एक चौथाई लोग चिकित्सा उपचार की प्रतीक्षा कर रहे थे, हालांकि इसमें यह भी कहा गया कि प्रतीक्षा सूची को 2015 तक काटने से केवल 25,000 लोग ही काम पर वापस आ सकते हैं। लंबे समय से बीमार आधे से अधिक लोगों ने अवसाद खराब नसों या चिंता से पीड़ित होने की सूचना दी, हालांकि कई लोगों ने कहा कि यह उनकी मुख्य स्वास्थ्य समस्या के साथ-साथ एक मीडियम कंडीशन थी।

सुनक के कार्यालय ने कहा कि चिकित्सक यह सलाह देने के बजाय कि कोई व्यक्ति काम पर कैसे वापस आ सकता है, लंबी अवधि की बीमारी के लाभ के लिए आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करने के बजाय, विस्तारित बीमारी की छुट्टी को मंजूरी देने वाले बार-बार नोट जारी करने के इच्छुक थे।

सुनक ने कहा कि वह मूल्यांकन की जिम्मेदारी पारिवारिक डॉक्टरों से लेकर स्वास्थ्य कर्मियों पर स्थानांतरित करने का परीक्षण करना चाहते हैं, जिन्हें किसी की काम करने की क्षमता का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन और ऐसा करने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करना है।

## विश्व स्वास्थ्य संगठन और दुनिया के 500 विशेषज्ञों ने स्वीकारा, हवा के जरिये फैला कोविड

**अमेरिका, एजेंसी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और दुनियाभर के 500 विशेषज्ञों ने आखिरकार मान लिा है कि कोविड संक्रमण हवा के जरिये फैला था। अब तक इस संबंध में अलग-अलग विशेषज्ञ अलग-अलग दावे कर रहे थे। बृहस्पतिवार को डब्ल्यूएचओ के जेनेवा स्थिति मुख्यालय से इस संबंध में सबूतों के साथ तकनीकी दस्तावेज जारी किए गए।

डब्ल्यूएचओ का कहना है कि तकनीकी दस्तावेज से खसरे जैसी मौजूदा बीमारियों और भविष्य में आने वाली महामारी के खतरों के संचरण को बेहतर तरीके से संभालने की रणनीति बनाने में मदद मिलेगी। दस्तावेज के निष्कर्षों कहा गया है कि कोविड संक्रमण के वर्णन में इसे हवा के माध्यम से फैसलने वाले संक्रामक रोगों की श्रेणी में रखा जा सकता है। क्योंकि, वायरस हवा में यात्रा करते हुए दूसरे व्यक्तियों तक पहुंचता है और उन्हें संक्रमित करता है। लगभग 500 विशेषज्ञों ने कोविड की यह परिभाषा गढ़ने में योगदान दिया है।




# सभी इन्द्रियों को जीतने के कारण जितेन्द्रिय कहलाए स्वामी

जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी माने जाते हैं. महावीर का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में त्रयोदशी तिथि को बिहार में लिच्छिवी वंश के महाराज श्री सिद्धार्थ और माता त्रिशिला रानी देवी के यहां हुआ था. वर्धमान महावीर का जन्म एक क्षत्रिय राजकुमार के रूप में एक राज परिवार में हुआ था. उनका जन्म प्राचीन भारत के वैशाली राज्य के गांव कुंडग्राम में हुआ था. भगवान महावीर कई नामों से जानें जाते हैं जिनमें वर्धमान, महावीर, सन्मति और साहसी आदि मुख्य नाम थे. भगवान महावीर का जन्म एक साधारण बालक के रूप में हुआ था इनकी कड़ी तपस्या की वजह से ही इनका जीवन अनूठा बन गया.

ऐसा माना जाता है कि महावीर स्वामी का काफी अन्तर्मुखी स्वभाव के थे. शुरुआत से ही उन्हें संसार के भोगों में कोई रुचि नहीं थी लेकिन माता-पिता की इच्छा की वजह से उन्होंने वसंतपुर के महासामन्त समरवीर की पुत्री यशोदा के साथ परिणय सूत्र में बंध गए और जिससे उनकी एक पुत्री हुई जिसका नाम प्रियदर्शना रखा गया. तीस साल की उम्र में उन्होंने घर-बार छोड़ दिया और कठोर तपस्या की वजह से कैवल्य ज्ञान प्राप्त किया. महावीर ने पार्श्वनाथ के आरंभ किए तत्वज्ञान को परिभाषित करके जैन दर्शन को स्थाई आधार दिया. महावीर स्वामी ने श्रद्धा एवं विश्वास की वजह से जैन धर्म की फिर से प्रतिष्ठा स्थापित की. उन्होंने 'अहिंसा परमोधर्म' के सिद्धांत और लोक कल्याण का मार्ग अपना कर विश्व को शांति का सन्देश दिया. आधुनिक काल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया को अहिंसा के जिस महान आदर्श को अपनाने के लिए आह्वान किया था, उसके महत्व पर सर्वप्रथम और सबसे अधिक जोर महावीर स्वामी ने ही दिया है. इस आदर्श के अनुसार, हमें किसी भी रूप, मनसा-वाचा-कर्मणा, में हिंसा नहीं करनी चाहिए. जैन धर्म की मान्यताओं के मुताबिक वर्द्धमान ने कठोर तप द्वारा अपनी समस्त इन्द्रियों पर विजय प्राप्त कर जिन अर्थात विजेता कहलाए. इन्द्रियों को जीतने के कारण वे जितेन्द्रिय कहे जाते हैंयह कठिन तप पराक्रम के समान माना गया, इसलिए वे 'महावीर' कहलाए. उन्हें वीर,अतिवीर' और 'सन्मति' भी कहा जाता है. भगवान महावीर ने अपने उपदेशों से इस समाज का कल्याण किया है. उनकी शिक्षाओं में ये बातें प्रमुख थीं कि सत्य का पालन करो, अहिंसा को अपनाओ, जिओ और जीने दो. इसके अलावा उन्होंने पांच महाव्रत, पांच अणुव्रत, पांच समिति तथा छह आवश्यक नियमों का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया. जो जैन धर्म के प्रमुख आधार माने गए. पावापुर में कार्तिक कृष्ण अमावस्या को भगवान महावीर ने आखिरी सांस ली.

## अहिंसा परमोधर्म

वर्तमान युग में महात्मा गाँधी ने सारी मनुष्य जाति को जिस महान आदर्श को अपनाने के लिए अहवाहन किया था, उसके महत्व पर सर्वप्रथम एवं सबसे अधिक जैन तीर्थंकर पार्श्व और महावीर ने ही दिया है। महावीर स्वामी से हमें यह शिक्षा मिलती हैं कि हमें हिंसा किसी भी रूप में नहीं करनी चाहिए। सदा सत्य बोलना चाहिए। निर्बल, निरीह और असहाय व्यक्तियों की ही नहीं बल्कि पशुओं को भी नहीं सताना चाहिए। मनुष्य को मन, वचन , कर्म से शुद्ध होना चाहिए। ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए। मनुष्य को अपने जीवन काल में देशाटन अवश्य करना चाहिए इससे ज्ञानार्जन होता हैं। यह ज्ञानार्जन का सर्वश्रेष्ठ साधन हैं। चोरी कभी नही करनी चाहिए। चोरी भी मन , वचन एवम कर्म से होती हैं अथवा किसी एक से भी करना, महापाप हैं। महावीर हमें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मार्गदर्शन देते हैं। उनकी जयंती के दिन हमें यह प्रतिज्ञा करने चाहिए कि उनकी बताई शिक्षा में से किसी एक शिक्षा को अपनायें। इससे हमारे में नैतिक गुणों का विकास होगा, साथ ही साथ अच्छे कर्म भी होंगे। भगवान महावीर ने दुनिया को बहुत ही अच्छे संदेश दिए। उनका सबसे प्रिय संदेश था अहिंसा के मार्ग पर चलने का। भगवान महावीर के मूल मंत्र 'जियो और जीने दो' के सिद्धांत पर चलकर ही हम देश, दुनिया को बचा सकते हैं। भगवान महावीर की शिक्षाएं हमें करुणामय एवं निस्वार्थ सादगीपूर्ण जीवन की प्रेरणा देती हैं। यह त्योहार सच्चाई, अहिंसा तथा सौहार्द के प्रति सभी की प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने का काम करे।



# क्यों मनाई जाती है महावीर जयंती? पौराणिक कथा और रोचक बातें

**इस साल महावीर जयंती 21 अप्रैल को पड़ रही है. इस दिन को भगवान महावीर के जन्मदिवस के तौर पर मनाया जाता है. हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र मास के 13वें दिन महावीर स्वामी का जन्म हुआ था.**

जैन धर्म के लोगों के लिए महावीर जयंती का पर्व बेहद खास होता है. हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को महावीर जयंती मनाई जाती है. महावीर जयंती पर जैन धर्म समुदाय के लोग प्रभात फेरी, अनुष्ठान और शोभा यात्रा का आयोजन करते हैं. महावीर जयंती का पर्व भगवान महावीर को समर्पित है. महावीर भगवान ने समाज और लोगों के कल्याण के लिए संदेश दिए थे. उन्होंने मनुष्य के लिए मोक्ष प्राप्ति के लिए पांच नियम भी स्थापित किए थे, जिनको पंच सिद्धांत कहा जाता है. आइए जानते हैं इस बार महावीर जयंती कब है और इसका महत्व क्या है. इस साल महावीर जयंती 21 अप्रैल को पड़ रही है. इस दिन को भगवान महावीर के जन्म उत्सव के रूप में भी मनाया जाता है. हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र मास के 13वें दिन महावीर स्वामी का जन्म हुआ था. ऐसा कहा जाता है कि महावीर स्वामी का जन्म करीब 599 ईसा पूर्व बिहार के कुंडग्राम/कुंडलपुर के राज परिवार में हुआ था. इनका बचपन का नाम वर्धमान था. 30 साल की उम्र में इन्होंने राजपाट त्यागकर संन्यास धारण कर लिया था और अध्यात्म की राह पर चल दिए थे.

### कौन हैं भगवान महावीर

पैराणिक कथाओं के अनुसार महावीर स्वामी को जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर के रूप में माना जाता है. ये उन 24 लोगों में से हैं जिन्होंने कठिन तपस्या कर आत्मज्ञान प्राप्त किया था. ऐसा कहा जाता है कि तीर्थंकर वे लोग होते हैं जो इंद्रियों और भावनाओं पर पूरी तरह विजय प्राप्त कर लेते हैं. साल 2024 में महावीर जयंती 21 अप्रैल 2024 दिन रविवार को पड़ रही है. इस दिन भगवान महावीर का 2622वां जन्मदिवस मनाया जाएगा. चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि 20 अप्रैल 2024 को रात 10.41 से शुरू होगी और अगले दिन 22 अप्रैल 2024 को दोपहर 1.11 पर समाप्त होगी. ऐसे में उदया तिथि के अनुसार महावीर जयंती 21 अप्रैल को मनाई जाएगी.

जैन धर्म की मान्यता है कि 12 साल के कठोर मौन तप-जप के बाद भगवान महावीर ने अपनी इंद्रियों पर पूरी तरह विजय प्राप्त कर ली थी. निडर, सहनशील और अहिंसक होने के कारण उनका नाम महावीर पड़ा. 72 साल की उम्र में उन्हें पावापुरी से मोक्ष प्राप्त हुआ. महावीर जयंती के दिन जैन धर्म के लोग प्रभातफेरी, अनुष्ठान, शोभायात्रा निकलाते हैं. फिर महावीर जी की मूर्ति का सोने और चांदी के कलश जलाभिषेक किया जाता है. इस दौरान जैन संप्रदाय के गुरु भगवान महावीर के उपदेश बताते हैं और उनपर चलने की सीख दी जाती है. इस दिन देशभर के जैन मंदिरों में पूजा की जाती है. इस दिन जैन समुदाय के लोग स्वामी महावीर के जन्म की खुशियां मनाते हैं और शोभा यात्राएं भी निकाली जाती हैं. इन्होंने दुनिया को सत्य, अहिंसा के कई उपदेश दिए थे.


### भगवान महावीर के पांच सिद्धांत


राजसी ठाठ छोड़ आध्यात्म की राह अपनाने वाले भगवान महावीर स्वामी ने जीवनभर मानव जाति को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने के रास्ते बताए. महावीर स्वामी के 5 प्रमुख सिद्धांत बताए थे, जिन्हें पंचशील सिद्धांत भी कहा जाता है.

- सत्य
- हिंसा
- अस्तेय यानी चोरी न करना.
- अपरिग्रह यानी विषय व वस्तुओं के प्रति लगाव न होना.
- ब्रह्मचर्य का पालन करना.
- धार्मिक मान्यता है कि भगवान महावीर के इन पांच सिद्धांतों का पालन करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है.

### महावीर जयंती से जुड़े तथ्य

- महावीर जयंती जो भगवान महावीर का जन्मदिवस भी है, मुख्य रूप से जैन समुदाय के बीच, राजस्थान और गुजरात के कुछ हिस्सों में भी मनाई जाती है.
- जिस स्थान पर महावीर का जन्म हुआ उसे अहल्या भूमि भी कहा जाता है. महावीर की ज्ञान साधना 12 वर्ष तक चली थी.
- महावीर स्वामी ने 30 साल की उम्र में अपना परिवार और राज्य छोड़ दिया था और अध्यात्म की राह पर चल दिए थे.
- महावीर का जन्मस्थान बिहार में इस शुभ दिन को भव्य तरीके से मनाया जाता है. इस अवसर को वैशाली महोत्सव के नाम से भी जाना जाता है.
- महावीर जयंती की सुबह में विभिन्न भव्य जुलूस का आयोजन किया जाता है. इस दिन आप भगवान महावीर की छवियों वाले भव्य रथ देख सकते हैं.
- इस दिन जैन मंदिरों को खूबसूरत तरीके से सजाया जाता है और इनमें सभी तीर्थंकरों की छवियां शामिल होती है.
- भारत के कुछ प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल जहां महावीर जयंती भव्य तरीके से मनाई जाती है, जो कि पालीताना, रणकपुर, श्रवणबेलगोला, दिलवाड़ा मंदिर, खंडगिरि गुफाएं और उदयगिरि गुफाएं आदि हैं.





# भगवान महावीर के जीवन और पंचशील सिद्धांत

**महावीर जयंती जैन धर्म का सबसे बड़ा पर्व है. इसी दिन जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म हुआ था. भगवान महावीर का जन्म करीब ढाई हजार साल पहले (ईसा से 599 वर्ष पूर्व), वैशाली के गणतंत्र राज्य क्षत्रिय कुण्डलपुर में हुआ था. तीस वर्ष की आयु में महावीर ने संसार से विरक्त होकर राज वैभव त्याग दिया और संन्यास धारण कर आत्मकल्याण के पथ पर निकल गए.**

### महावीर जयंती का महत्व

कहते हैं कि 12 साल की कठिन तपस्या के बाद भगवान महावीर को केवल ज्ञान प्राप्त हुआ और 72 वर्ष की आयु में उन्हें पावापुरी से मोक्ष की प्राप्ति हुई. इस दौरान महावीर स्वामी के कई अनुयायी बने जिसमें उस समय के प्रमुख राजा बिम्बिसार, कुनिक और चेटक भी शामिल थे. जैन समाज द्वारा महावीर स्वामी के जन्मदिवस को महावीर-जयंती तथा उनके मोक्ष दिवस को दीपावली के रूप में धूम धाम से मनाया जाता है.

### क्या है पंचशील सिद्धांत

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जीवन ही उनका संदेश है. तीर्थंकर महावीर स्वामी ने अहिंसा को सबसे उच्चतम नैतिक गुण बताया. उन्होंने दुनिया को जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत बताए, जो है- अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य (अस्तेय) और ब्रह्मचर्य. महावीर ने अपने उपदेशों और प्रवचनों के माध्यम से दुनिया को सही राह दिखाई और मार्गदर्शन किया. भगवान महावीर ने अहिंसा की जितनी सूक्ष्म व्याख्या की, वह अन्य कहीं दुर्लभ है. उन्होंने मानव को मानव के प्रति ही प्रेम और मित्रता से रहने का संदेश नहीं दिया अपितु मिट्टी, पानी, अग्नि, वायु, वनस्पति से लेकर कीड़े-मकौड़े, पशु-पक्षी आदि के प्रति भी मित्रता और अहिंसक विचार के साथ रहने का उपदेश दिया है.

### कैसे मनाया जाता है पर्व

महावीर जयंती के अवसर पर जैन धर्मावलंबी प्रातः काल प्रभातफेरी निकालते हैं. उसके बाद भव्य जुलूस के साथ पालकी यात्रा निकालते हैं. इसके बाद स्वर्ण और रजत कलशों से महावीर स्वामी का अभिषेक किया जाता है तथा शिखरों पर ध्वजा चढ़ाई जाती है. जैन समाज द्वारा दिन भर अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करके महावीर का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है.

### मंदिरों में खास आयोजन

राजस्थान में अरावली पर्वत की घाटियों के मध्य स्थित रणकपुर में ऋषभदेव का चतुर्मुखी जैन मंदिर है. चारों ओर जंगलों से घिरे इस मंदिर की भव्यता देखते ही बनती है. इसके अलावा राजस्थान के ही दिलवाड़ा में विख्यात जैन मंदिर है. इन मंदिरों का निर्माण 11वीं और 13वीं शताब्दी के बीच हुआ था. गुजरात के शतरुंजया पहाड़ पर पालिताना जैन मंदिर स्थित है. नौ सौ से अधिक मंदिरों वाले शतरुंजया पहाड़ पर स्थित पालिताना जैन मंदिर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर को समर्पित हैं.

# कैवल्य ज्ञान का मार्ग महावीर

महावीर का मार्ग पूर्णतः स्पष्ट और कैवल्य ज्ञान प्राप्त करने का मार्ग है। यह राजपथ है। उनके उपदेश हमारे जीवन में किसी भी तरह के विरोधाभास को नहीं रहने देते। जीवन में विरोधाभास या द्वंद्व है तो फिर आप कहीं भी नहीं पहुँच सकते। भगवान महावीर को समझने के लिए कैवल्य ज्ञान प्राप्त करना होगा। समुद्र को जानने के लिए समुद्र में डूबना होगा। महावीर की गहराई को फिर भी कोई छू नहीं सकता। धरती पर कुछ गिने-चुने ही महापुरुष हुए हैं। उनमें महावीर ध्यानियों में ऐसे हैं जैसे सागरों में प्रशांत महासागर। महावीर का जीवन, दर्शन या तप कुछ भी रहा हो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मुख्य बात यह कि उन्होंने 'कैवल्य ज्ञान' की जिस ऊँचाई को छुआ था वह अवर्णीय है। वह अंतरिक्ष के उस सन्नाटे की तरह है जिसमें किसी भी पदार्थ की उपस्थिति नहीं हो सकती। जहाँ न ध्वनि है और न ही ऊर्जा। केवल शुद्ध आत्मतत्व।

**महावीर का जीवन :** : भगवान महावीर तीर्थंकरों की कड़ी के अंतिम तीर्थंकर हैं। उनका जन्म नाम वर्धमान है। राजकुमार वर्धमान के माता-पिता श्रमण धर्म के पार्श्वनाथ सम्प्रदाय से थे। महावीर से 250 वर्ष पूर्व 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ हुए थे।

भगवान महावीर का जन्म 599 ईपू. अर्थात 2614 वर्ष पहले वैशाली गणतंत्र के कुंडलपुर के क्षत्रिय राजा सिद्धार्थ के यहाँ हुआ। उनकी माता त्रिशला लिच्छवि राजा चेटकी की पुत्र थीं। भगवान महावीर ने सिद्धार्थ-त्रिशला की तीसरी संतान के रूप में चैत्र शुक्ल की तेरस को जन्म लिया।

**महावीर की शिक्षा :** वर्धमान के बड़े भाई का नाम नंदिवर्धन व बहन का नाम सुदर्शना था। वर्धमान का बचपन राजमहल में बीता। आठ बरस के हुए, तो उन्हें पढ़ाने, शिक्षा देने, धनुष आदि चलाना सिखाने के लिए शिल्प शाला में भेजा गया।

**विवाह मतभेद :** श्वेताम्बर संघ की मान्यता है कि वर्धमान ने यशोदा से विवाह किया था। उनकी बेटी का नाम था अयोज्जा या अनवद्या। जबकि दिगम्बर संघ की मान्यता है कि उनका विवाह हुआ ही नहीं था। वे बाल ब्रह्मचारी थे।

**श्रामणी दीक्षा :** महावीर की उम्र जब 28 वर्ष थी, तब उनके माता-पिता का देहान्त हो गया। बड़े भाई नंदिवर्धन के अनुरोध पर वे दो बरस तक घर पर रहे। बाद में तीस बरस की उम्र में वर्धमान ने श्रमण परंपरा में श्रामणी दीक्षा ले ली। वे 'समण' बन गए। अधिकांश समय वे ध्यान में ही मग्न रहते।

**कैवल्य ज्ञान :** भगवान महावीर ने 12 साल तक मौन तपस्या तथा गहन ध्यान किया। अन्त में उन्हें 'कैवल्य ज्ञान' प्राप्त हुआ। कैवल्य ज्ञान प्राप्त होने के बाद भगवान महावीर ने जनकल्याण के लिए शिक्षा देना शुरू की। अर्धमगधी भाषा में वे प्रवचन करने लगे, क्योंकि उस काल में आम जनता की यही भाषा थी।

**महावीर का तत्वज्ञान :** ब्रह्मांड में दो ही तत्व है जीव और अजीव अर्थात जड़ और चेतन। दोनों एक दूसरे से परस्पर बद्ध हैं। इस बद्धता को ही कर्माश्रव व कर्मबंध कहते हैं। चेतन का जड़ के इस बंधन से मुक्त होना ही कैवल्य ज्ञान और पूर्ण मुक्त हो जाना निर्वाण है। इसके अलावा अनेकांतवाद अर्थात वास्तववादी और सापेक्षतावादी बहुत्ववाद सिद्धांत और स्यादवाद अर्थात ज्ञान की सापेक्षता का सिद्धांत। उक्त दोनों सिद्धांतों में सिमटा है भगवान महावीर का दर्शन। दर्शन अर्थात जो ब्रह्मांड और आत्मा के अस्तित्व के प्रारंभ और इसकी स्थिति तथा प्रकार के बारे में खुलासा करता हो।

**महावीर का संघ :** भगवान महावीर ने कैवल्य ज्ञान मार्ग को पुष्ट करने हेतु अपने अनुयायियों को चार भागों में विभाजित किया- मुनि, आर्यिका, श्रावक और श्राविका। प्रथम दो वर्ग गृहत्यागी परिव्राजकों के लिए और अंतिम दो गृहस्थों के लिए। यही उनका चतुर्विध-संघ कहलाया।

**पंच महाव्रत :** भगवान महावीर ने कैवल्य ज्ञान हेतु धर्म के मूल पाँच व्रत बताए- अहिंसा, अचौर्य, अमैथुन और अपरिग्रह। उक्त पंचमहाव्रतों का पालन मुनियों के लिए पूर्ण रूप से और गृहस्थों के लिए स्थूलरूप अर्थात अणुव्रत रूप से बताया गया है। हालाँकि महावीर का धर्म और दर्शन उक्त पंच महाव्रत से कहीं ज्यादा विस्तृत और गूह्म है।

